आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

ट्रेनिंग प्रोग्राम में छात्र बनायेंगे कम्प्यूटर लैंग्वेज पर प्रोजेक्ट

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 18 दिसंबर, 2024 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 67 | www.janexpresslive.com/epaper



चश्मा अगर विदेशी हो, तो संविधान में नहीं... 12

# योगी सरकार ने सदन में प्रस्तुत किया 17,865 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट

## उत्तर प्रदेश में बाधारहित विकास को अनवरत जारी रखने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 का दूसरा अनुपूरक बजट प्रस्तुत

- 17,865.72 करोड़ रुपए के द्वितीय अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपए के नए प्रस्ताव किए गए हैं सम्मिलित
- मूल बजट का 2.42 प्रतिशत है अनुपूरक बजट, इस वित्तीय वर्ष में दूसरी बार प्रस्तुत किया गया है अनुपूरक बजट
- मूल बजट के साथ दोनों अनुपूरक बजट मिलाकर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7,66,513.36 करोड़ रुपए पहुंचा कुल बजट
- अनुपूरक बजट में ऊर्जा विभाग को 8587 करोड़ रुपए तो वित्त विभाग को 2438 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित
- परिवार कल्याण विभाग को 1592 करोड़, पशुधन के लिए 1001 करोड़ और पीडब्ल्यूडी के लिए 805 करोड़ रुपए

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में बाधारहित विकास को अनवरत जारी रखने के लिए योगी सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपना द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। 17,865.72 करोड़ रुपए के इस अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपए के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। यह योगी सरकार का इस वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट है, जो मूल बजट (7 लाख 36 हजार 437.71 करोड़ रुपए) का 2.42 प्रतिशत है। इससे पूर्व योगी सरकार 12,209.93 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट भी प्रस्तुत कर चुकी है। दोनों अनुपूरक बजट को मिलाकर योगी सरकार का वित्तीय वर्ष 2024-25 का कुल बजट अब 7 लाख 66 हजार 513.36 करोड़ रुपए का हो गया है।



### विभिन्न विभागों की आवश्यकताओं की होगी पूर्ति

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अनुपूरक बजट में विभिन्न विभागों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप बजट जारी किया जाएगा। इसमें ऊर्जा विभाग को 8587.27 करोड़ रुपए, वित्त विभाग को 2438.63 करोड़ रुपए, परिवार कल्याण विभाग को 1592.28 करोड़ रुपए, पशुधन विभाग के लिए 1001 करोड़ रुपए, लोकनिर्माण विभाग के लिए 805 करोड़ रुपए, प्राथमिक शिक्षा विभाग के लिए 515 करोड़ रुपए, सूचना विभाग के लिए 505 करोड़ रुपए, पंचायती राज विभाग के लिए 454.01 करोड़ रुपए और चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के लिए 354.54 करोड़ रुपए का बजट प्राविधानित किया गया है।

### आकस्मिक खर्चों का भी प्रस्ताव शामिल

योगी सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में विधानसभा में द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि द्वितीय अनुपूरक बजट का आकार 17,865.72 करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि यह सरकार विकास को प्राथमिकता देने वाली सरकार है और जब भी आवश्यकता होती है तब संवैधानिक तरीके से सदन के माध्यम से अनुपूरक बजट लाने का अधिकार है। उन्होंने बताया कि अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपए के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। साथ ही इसमें केंद्रीय योजनाओं में 422.56 करोड़ रुपए के केंद्रांश की राशि भी अनुमानित है। इसके अतिरिक्त, कंटिजेंसी से जो 30 करोड़ 48 लाख रुपए का पैसा लिया गया था, उसकी भी प्रतिपूर्ति का भी प्रस्ताव इसमें शामिल है। ▸ संबंधित खबर पेज 03 पर

### 30 जुलाई को प्रस्तुत किया गया था पहला अनुपूरक बजट

योगी सरकार ने इसी वर्ष फरवरी महीने में मूल बजट किया था, जो 7.36 लाख करोड़ रुपए से अधिक का था। इसके बाद योगी सरकार ने 30 जुलाई को 12,209.93 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया था। इसके 5 माह के बाद एक बार फिर योगी सरकार विकास कार्यों को गति देने के लिए आवश्यकता के अनुरूप द्वितीय अनुपूरक बजट लेकर आई है। इस बजट को मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित हुई कैबिनेट की बैठक में सर्वसम्मति से स्वीकृत कर लिया गया।

### इसलिए प्रस्तुत किया जाता है अनुपूरक बजट

अनुपूरक बजट एक ऐसा वित्तीय दस्तावेज है जिसे सरकार किसी वित्तीय वर्ष के दौरान तब प्रस्तुत करती है. जब उसे अपने पहले से स्वीकृत बजट में अतिरिक्त खर्च की आवश्यकता होती है। यह बजट उन खर्चों को कवर करने के लिए प्रस्तुत किया जाता है, जिनको अनुमानित बजट में शामिल नहीं किया गया था, या जो नई परिस्थितियों के कारण आवश्यक हो गए हैं। यह बजट वित्त वर्ष के बीच में किसी विभाग या मंत्रालय की किसी योजना में अतिरिक्त राशि खर्च करने के लिए लाया जाता है। यह खर्च के अनुमान के साथ पेश किया जाता है।

### 2012-17 के बीच बेरोजगारी दर थी 19 फीसदी, आज 2.4

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति इसीलिए है, क्योंकि यूपी में अधिक से अधिक निवेश आए। ये 40 लाख करोड़ रुपए का जो निवेश है, यह उत्तर प्रदेश में एक करोड़ 25 लाख से अधिक नौजवानों को सीधे-सीधे नौकरी की गारंटी दे रहा है। इसमें से 15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को हम धरातल पर उतार चुके हैं और 10 लाख करोड़ पाइपलाइन में है, जिसे हम कभी भी ग्राउंड ब्रेकिंग करके आगे बढ़ा सकते हैं। यहां सुरक्षा, बेहतर कानून व्यवस्था और दंगा मुक्त प्रदेश का वातावरण बना है। इस कारण देश और दुनिया का हर निवेशक प्रदेश में आना चाहता है। इसी का परिणाम है कि 2012-17 के बीच में प्रदेश की बेरोजगारी दर थी वो 19 फीसदी से अधिक थी और आज यह 2.4 है। यह चीजें दिखाती हैं कि सरकार के कदम अच्छी दिशा में आगे बढ़े हैं। सरकार ने रोजगार सृजन के लिए भी मेले लगाए हैं। स्किल डेवलपमेंट, पीएम विश्वकर्मा, विश्वकर्मा श्रम सम्मान के माध्यम से जगह-जगह रोजगार मेले लग रहे हैं।

### हाईस्कूल, इंटर, स्नातक थर्ड डिवीजन व्यक्ति को यूपी पब्लिक सर्विस कमीशन का अध्यक्ष बना दिया गया था

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की स्थिति क्या थी। कौन नहीं जानता कि क्या होता था। आप लोग भूल गए, जब 86 एसडीएम पद में से 56 एक ही जाति विशेष के लोग भर दिए गए। दूसरा, वही प्रयागराज है जहां पब्लिक सर्विस कमीशन के कार्यालय में महीनों तक यूपी के नौजवानों ने धरना दिया था। एक अयोग्य व्यक्ति, उस पद के लिए उपयुक्त नहीं था, जिसकी डिग्री फर्जी थी, उसे आयोग का अध्यक्ष बनाकर पूरे कमीशन और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया था। उस समय कैसे-कैसे लोग अध्यक्ष बनाए गए थे, जो स्वयं एक लेक्चरर होने के एलिजिबिल नहीं था। हाईस्कूल, इंटर, ग्रेजुएशन थर्ड डिवीजन, पीएचडी की डिग्री भी फर्जी, वह व्यक्ति उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन का अध्यक्ष बन गया था।

### हमारी सरकार में खुश होते हैं नौजवान, क्योंकि बिना सिफारिश मिलता है नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए इस समय रिफॉर्म किए जाते हैं। आयोगों और बोर्डों को इसका पूरा अधिकार होता है। प्रक्रिया ईमानदारी से पूरी होनी चाहिए। पब्लिक सर्विस कमीशन, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और शिक्षा आयोग भी उसके लिए अधिकृत होते हैं। वे इस प्रक्रिया को कर सकते हैं। जब भी उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए जरूरत होती है, वे इस प्रकार के कदम उठाने के लिए स्वतंत्र हैं। उनकी शुचिता और पारदर्शिता पर कोई प्रश्न नहीं उठा सकता। इसीलिए इन युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के लिए मैं और मेरे मंत्रिमंडल के सदस्यगण जाते हैं। जनप्रतिनिधियों से भी कहते हैं कि वो जिले जिले में जाकर नियुक्ति पत्र वितरण में योगदान दें। हर नौजवान इसके लिए खुश होता है कि सिफारिश किए बगैर न सिर्फ हमारी नियुक्ति हुई, बल्कि हमें नियुक्ति पत्र भी प्राप्त हो रहा है। यह हमारे लिए जीवन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण है।

### आरबीआई की रिपोर्ट कहती है-भारत के अंदर उत्तर प्रदेश का बैंकों से लेनदेन सर्वाधिक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज के दिन जब रिजर्व बैंक अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करता है तो उसकी रिपोर्ट कहती है कि भारत के अंदर उत्तर प्रदेश का बैंकों से लेनदेन सर्वाधिक है। जब हम लोग आए थे तब सीडी रेशियो 44 के आसपास था और आज यह 60 फीसदी है। यह दिखाता है कि यदि 100 रुपए जमा हो रहा है तो 60 रुपये यूपी के अंदर ही यहां के नौजवानों, बेरोजगारों और यूपी के ही व्यावसाइयों को राज्य के अंदर रोजगार सृजन करने, यूपी में नए रोजगार को बढ़ाने में मदद करता है। हम मानते हैं कि इसको 75 फीसदी होना चाहिए था, लेकिन हमको विरासत में क्या मिला था।

### ओडीओपी के माध्यम से हमने लाखों नौजवानों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए

सीएम ने कहा कि प्रदेश के अंदर एमएसएमई सेक्टर रोजगार का सबसे बड़ा माध्यम है, वह मृतप्राय: सा हो चुका था। आज वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के माध्यम से भी हम लोगों ने लाखों नौजवानों को उन्हीं के जनपद में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। कृषि सेक्टर में जो रिफॉर्म हुए हैं, जो सुविधाएं मिली हैं, उससे किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने का काम किया गया है। प्रोक्योरमेंट की पॉलिसी लाकर पारदर्शी तरीके से इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। खेती की विविधीकरण की दिशा में सरकार ने कदम उठाए हैं। 23 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई है।

# पद का दुरुपयोग कर सीईओ ने मनचाही जगह पत्नी का कराया ट्रांसफर

- यूपीएलडीवी के सीईओ डॉ. नीरज गुप्ता की पत्नी हैं डॉ. नम्रता शुक्ला

जन एक्सप्रेस फॉलोअप

संतोष कुमार दीक्षित



वेटनरी डॉक्टर्स वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों ने उठाई मांग

यूपीएलडीवी में हुए भ्रष्टाचार को विधानसभा सदन में उठाएं माननीय

**राज्य मुख्यालय।** यूपीएलडीवी उत्तर प्रदेश लाइवस्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ नीरज गुप्ता के कारनामों की फेहरिस्त लंबी है। भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे सीईओ ने साल 2023 में तत्कालीन प्रमुख सचिव पशुधन रजनीश दुबे से सांठगांठ कर अपनी पत्नी का मनचाही जगह ट्रांसफर करा लिया था। बिना काम एक लाख महीने की तनख्वाह उठा रहीं डा. नम्रता शुक्ला पशु चिकित्सा संघ आगरा के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि यूपीएलडीवी के सीईओ डॉ नीरज गुप्ता की पत्नी डा. नम्रता शुक्ला वर्तमान में बीपी संस्थान लखनऊ में तैनात हैं, जहां वे बिना काम के एक लाख रुपए महीने सैलरी उठा रही हैं।

### लखनऊ बीपी संस्थान में पशु चिकित्साधिकारी का नहीं है काम

पशुपालन निदेशालय के बीपी संस्थान में पशुओं के लिए वैक्सीन बनाने का कार्य होता था। कई साल पहले ड्रग एवं कॉस्मेटिक विभाग ने बीपी संस्थान के वैक्सीन बनाने का लाइसेंस निरस्त कर दिया था, जिसके बाद लखनऊ बीपी संस्थान में तैनात पशु चिकित्साधिकारियों को अन्य जगह तबादला कर दिया गया था। डॉ. मनोज कुमार का आरोप है कि इस दौरान यूपीएलडीवी के सीईओ डा. नीरज गुप्ता ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर 2023 में पत्नी डॉ. नम्रता शुक्ला का ट्रांसफर सीतापुर से लखनऊ के बीपी संस्थान में करा लिया, जबकि अब यहां पशु चिकित्साधिकारी का कोई काम नहीं है।

### सरकारी खजाने को लगा रहे पलीता

हैरानी की बात ये है कि जब सभी उच्च अधिकारियों को ये मालूम है कि लखनऊ बीपी संस्थान में वैक्सीन का लाइसेंस निरस्त हो चुका है, ऐसे में पशु चिकित्साधिकारी का यहां कोई काम नहीं है, इसके बावजूद सीतापुर से डा. अमृता शुक्ला का ट्रांसफर लखनऊ क्यों कराया गया। साल 2023 से प्रमुख सचिव डा. नम्रता शुक्ला को बिना काम के लगभग एक लाख रुपए वेतन देते चले आ रहे है।

### शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

बीपी संस्थान में कार्य न होने की वजह से डॉ. नम्रता शुक्ला हाजिरी लगाने के बाद यूपीएलडीबी के दफ्तर में आकर बैठ जातीं और यहां कार्यरत कर्मचारियों को परेशान करतीं। पशुपालन निदेशक डा. पीएन सिंह ने डॉ. नम्रता शुक्ला की शिकायत 22 अक्टूबर 2024 को प्रमुख सचिव पशुधन के रवींद्र नायक से लिखित रूप में की और डॉ. शुक्ला का तबादला ललितपुर करने के लिए कहा। लेकिन प्रमुख सचिव और डा. नीरज गुप्ता की घनिष्ठता की वज़ह से प्रमुख सचिव ने डॉ. नम्रता शुक्ला का ट्रांसफर नहीं किया। जुलाई 2023 से अब तक बिना काम के डा. नम्रता शुक्ला लगभग 16 लाख रुपये सैलरी ले चुकी हैं।

# एसजीपीजीआई की जांच है या 'बीरबल की खिचड़ी'

## जांच रिपोर्ट के इंतजार में भटक रहा कार्डियोलॉजी विभाग से निकाला गया आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ का संजय सिंह

जन एक्सप्रेस फॉलोअप

डॉ. वैभव शर्मा

- आरोपी तत्कालीन चीफ नर्सिंग ऑफिसर कौशल्या देवी रस्तोगी बेखौफ होकर कर रही नौकरी
- सूत्रों के अनुसार कौशल्या देवी का रिटायरमेंट 6 महीने बाद है, जांच यूं ही खिंचती रही तो आरोपी नर्स हो जाएगी रिटायर
- पीड़ित और शिकायतकर्ता संजय सिंह इस उम्मीद में बैठा है की जांच रिपोर्ट आएगी और उसे न्याय मिलेगा




एसजीपीजीआई के कार्डियोलॉजी विभाग में तत्कालीन चीफ नर्सिंग ऑफिसर (सीएनओ) कौशल्या देवी रस्तोगी द्वारा कथित तौर पर आर्थिक शोषण की शिकायत करने वाले आउटसोर्सिंग मेल नर्स संजय सिंह को अभी भी जांच रिपोर्ट का इंतजार है। आरोपी कौशल्या देवी का रिटायरमेंट 6 महीने बाद हो जाएगा। जांच शुरू हुए लगभग 3 महीने पूरे होने को हैं लेकिन अभी तक जांच रिपोर्ट नहीं आई है। सवाल उठता है कि इतने समय में भी जांच रिपोर्ट न आना क्या शिकायतकर्ता के साथ अन्याय नहीं है। दरअसल, संजय सिंह 21 मई 2019 से एसजीपीजीआई लखनऊ में आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत थे। उनका ट्रांसफर अगस्त में न्यू ओपीडी कार्डियोलॉजी ईसीजी में हुआ था। संजय के अनुसार उस समय इंचार्ज कौशल्या देवी रस्तोगी (केडी रस्तोगी) थीं, जो काम न करने के बावजूद भी उनकी पूरी सैलरी अपनी पॉवर से उनके खाते में भिजवा देती थीं और कहती थीं कि संजय ने जो सैलरी उनकी बदौलत पाई है उस सैलरी में से आधी सैलरी उन्हें दे दो नहीं तो वह उसे नौकरी से निकलवा देंगी। नौकरी खोने के डर से संजय इंचार्ज पद पर तैनात कौशल्या देवी रस्तोगी (केडी रस्तोगी) को कई बार सैलरी देता चला गया। आजिज आकर जब उसने इसका विरोध किया तो कौशल्या देवी रस्तोगी ने संजय को झूठे व फर्जी कार्यकलाप बताकर नौकरी से निकलवा दिया।

### फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को सौंपी गई थी जांच

इस संबंध में संजय ने एएसजीपीजीआई के निदेशक को शिकायती पत्र देकर न्याय की मांग की थी। इस पर निदेशक ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को जांच सौंपी थी। लम्बा समय बीतने के बाद भी अभी संजय को न्याय का इंतजार है। कहीं जांच और लंबी चली तो आरोपी कौशल्या देवी रिटायर न हो जाएं और संजय सिंह छला महसूस करता रह जाए।

# पुर्वा हवाओं के असर से चढ़ने लगा पारा, 20 दिसंबर तक शीतलहर से रहेगी राहत, अच्छी धूप खिलेगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




उत्तर प्रदेश में पूर्वा हवाओं के असर से मौसम ने यू टर्न लिया है। पिछले कुछ दिनों से चल रही शीतलहर के सोमवार से मद्धिम पड़ जाने से दिन और रात के तापमान में बढ़त दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है कि यूपी में अगले चार से पांच दिन अधिकतम और न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़त देखने को मिलेगी। मंगलवार को दोपहर में खिली धूप और तापमान में हल्की बढ़त से ज्यादातर जगहों पर दिन में गर्माहट का एहसास रहा। पूर्वा हवाओं के असर से पिछले 24 घंटे में राजधानी लखनऊ समेत यूपी के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री तक बढ़त देखने को मिली है। घने कोहरे की वजह से मंगलवार को सुबह कानपुर और आजमगढ़ में दृश्यता 200 मीटर तो अमेठी, लखनऊ, बहराइच और कुशीनगर की दृश्यता 400 मीटर तक सिमट गई। मौसम विभाग के मुताबिक नए विकसित हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से फिलहाल यूपी में शीतलहर थमी रहेगी। इस बीच नमीयुक्त पुरवाई की वजह से हल्के से मध्यम कोहरा छाया रहेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक नए विकसित हुए पश्चिमी विक्षोभ और नमीयुक्त पूर्वा हवाओं की वजह से तराई व पूर्वांचल समेत प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़त देखने को मिलेगी। अगले तीन से चार दिनों के लिए शीतलहर से राहत रहेगी।

**रिपोर्ट** न्यायालय ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट (डीएम), जो मुख्य रूप से राजस्व अधिकारी है, को बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा स्थापित विद्यालयों की निगरानी करने का कोई अधिकार नहीं है

# डीएम को बेसिक विद्यालयों की निगरानी करने का कोई अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

- इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी एक शिक्षक के निलंबन आदेश को रद्द कर दिया
- निलंबन आदेश डिप्टी कलेक्टर और खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा डीएम के निर्देशों के तहत जारी किया गया था

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी एक शिक्षक के निलंबन आदेश को रद्द कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट (डीएम), जो मुख्य रूप से राजस्व अधिकारी है, को बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा स्थापित विद्यालयों की निगरानी करने का कोई अधिकार नहीं है। निलंबन आदेश डिप्टी कलेक्टर और खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा डीएम के निर्देशों के तहत किए गए निरीक्षण के बाद प्रस्तुत संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर जारी किया गया था। अदालत का यह निर्देश शिक्षिका संतोष कुमारी द्वारा इस वर्ष 25 अक्टूबर को जारी निलंबन आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए आया।

### डिप्टी कलेक्टर का विवादित आदेश अवैध है

अदालत ने आगे कहा कि प्रथम दृष्टया, 25.10.2024 का विवादित आदेश एक से अधिक कारणों से घोर अवैध है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि स्कूल का निरीक्षण जिला मजिस्ट्रेट, संभल के निर्देश और आदेश पर या बल्कि उनके प्रतिष्ठान में एक डिप्टी कलेक्टर के माध्यम से उनके आधिकारिक हस्तक्षेप पर किया गया था, जिन्हें बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा स्थापित बेसिक विद्यालयों का निरीक्षण करने का कोई अधिकार नहीं है।

### डीएम से मांगा व्यक्तिगत हलफनामा

अदालत ने संभल के डीएम को एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का भी निर्देश दिया है, जिसमें कारण बताएं कि उन्होंने बेसिक शिक्षा बोर्ड द्वारा स्थापित एक बुनियादी स्कूल के कामकाज और पर्यवेक्षण में हस्तक्षेप क्यों किया, जिसके कारण 25 अक्टूबर, 2024 को यह आदेश दिया गया।

### बीएसए ने डीएम को हस्तक्षेप करने की अनुमति क्यों दी

अदालत ने संभल के बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को यह बताने का निर्देश दिया कि उन्होंने डीएम को ÷जिले में अपने नियंत्रण में एक बुनियादी स्कूल के प्रबंधन और पर्यवेक्षण में हस्तक्षेप करने÷ की अनुमति क्यों दी।


### नियमित रूप से वेतन का भुगतान किया जाएगा

अदालत ने 12 दिसंबर को पारित अपने आदेश में कहा, ÷इस अदालत के अगले आदेश तक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, संभल द्वारा पारित दिनांक 25.10.2024 के विवादित आदेश का संचालन निलंबित रहेगा और याचिकाकर्ता को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अनुमति दी जाएगी और उसे नियमित रूप से वेतन का भुगतान किया जाएगा। इस आदेश को रजिस्ट्रार (अनुपालन) द्वारा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संभल के माध्यम से जिला मजिस्ट्रेट, संभल और बेसिक शिक्षा अधिकारी, संभल को 24 घंटे के भीतर सूचित किया जाना चाहिए।÷

### सुनवाई की अगली तारीख 7 जनवरी है

अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 7 जनवरी, 2025 तय की और कहा कि सभी हलफनामे प्रस्तुत किए जाएं और तब तक कार्यालय द्वारा की गई दलीलों की स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट पेश की जाए।

# अंकित कश्यप बने नगर अध्यक्ष विकास सोनी बने उपाध्यक्ष



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मां मंदाकिनी बचाओ सेना के संरक्षक रामसनेही निषाद ने अंकित कश्यप को सेना का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ ही मंदाकिनी सफाई अभियान को गति प्रदान करने पर जोर दिया है।

जिला मुख्यालय के भैरोंपागा में हुई बैठक में मां मंदाकिनी बचाओ सेना के संरक्षक रामसनेही निषाद ने कहा कि सेना का उद्देश्य गंदगी और प्रदूषण से जूझ रही मां मंदाकिनी नदी को बचाते हुए पुनर्जीवन और संरक्षण प्रदान करना है। इस दौरान उन्होंने सभी सदस्यों की मौजूदगी में कार्य समिति का विस्तार करते हुए अंकित कश्यप को नगर अध्यक्ष व विकास सोनी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस मौके पर सेना के जिलाध्यक्ष राजेश निषाद, कासिम आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने ली जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने सरकारी योजनाओं सहित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने ऋण जमा अनुपात की समीक्षा एवं उनमें सुधार, जनपद की विभिन्न योजनाओं में ऋण की स्थिति, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना विभिन्न बिन्दुओं एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय योजनाओं के जिन लाभार्थियों को लाभ दिया जाना है, बैंकों में उससे सम्बन्धित लंबित आवेदन पत्रों में प्रगति कराए तथा जिन बैंकों का सीडी अनुपात 40 प्रतिशत से कम है वह बैंक सीडी अनुपाल को बढ़ावा दें। डीएम ने जिला उद्योग केंद्र उपायुक्त को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में प्रगति कराए। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा से कहा कि जिन प्राइवेट बैंकों के द्वारा शासकीय योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं दिया जा रहा है, उन बैंकों के खिलाफ कार्यवाही के लिए पत्र शासन को भेजा जाए। कहा कि जो आरसी वसूली के लिए लंबित है, उन पर भी प्रगति कराई जाए तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के माध्यम से तहसील वार समीक्षा कराकर बैंकों से मिलान भी कराया जाए। डीसी एनआरएलएम को निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़कर बैंकों के माध्यम से अधिक से अधिक ऋण मुहैया कराया जाए ताकि गांव की महिलाएं अपना रोजगार कर सके तथा जिन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न उद्योग स्थापित करके सामग्रियों का निर्माण कर रही हैं उनको प्रोत्साहन देकर मेला कैंपों आदि कार्यक्रमों में स्टॉल लगवा कर उन्हें प्रमोट किया जाए ताकि वह रोजगार से जुड़कर अपनी आमदनी बढ़ा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एस के केशरवानी, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक मनोज कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं बैंक के अधिकारी मौजूद रहे।

# त्रुटि मिलने पर आकार पत्र को लेकर आपत्ति करें किसान– राजेश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



चकबंदी प्रक्रिया को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ गति प्रदान करने के उद्देश्य से मंगलवार को उप संचालक चकबंदी अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने राजापुर तहसील के सरधुवा और मिर्जापुर गांव में जन चैपाल का आयोजन किया। जिसमें किसानों के बीच 1,000 से अधिक जोत चकबंदी आकार पत्र 23 भाग एक का वितरण किया गया।

जन चैपाल में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश के चकबंदी आयुक्त भानुचन्द्र गोस्वामी एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश है कि चकबंदी प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष होनी चाहिए। जिले में वर्तमान समय में 56 गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है। जिसमें प्रत्येक गांव में चैपाल लगाकर किसानों की समस्याएं सुनी जा रही है। चैपाल में सरधुवा के चकबंदी अधिकारी द्वारा ग्राम मिर्जापुर में चक सृजन के कार्यों की जांच करते हुए जोत चकबंदी आकार पत्र 23 भाग एक का वितरण किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने बताया कि 1,000 से अधिक आकार पत्रों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से कहा कि इसमें कोई आपत्ति होने पर चकबंदी अधिकारी के समक्ष लिखित रूप से प्रस्तुत करें ताकि त्रुटि में सुधार किया जा सके। उन्होंने बताया कि चकबंदी अधिकारी शैलेन्द्र द्विवेदी राजापुर तहसील में बैठते है। सम्बन्धित किसान उनके पास जाकर अपनी आपत्तियों दर्ज कराकर त्रुटियों को ठीक करा सकते है। जिससे बाद में उन्हें जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़े।

इस मौके पर ग्राम प्रधान बृजलाल, पूर्व प्रधान अशोक कुमार यादव समेत सम्बन्धित ग्रामीण मौजूद रहे।

# दिव्यांग ने की न्याय की गुहार



**जन एक्सप्रेस । मऊ /चित्रकूट**

मऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवपुर गांव के निवासी मोहम्मद नूरैन पुत्र मोहम्मद मजीद ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि बीती 24 नवम्बर को दोपहर के समय वह शिवपुर चैराहा के पास अपनी दिव्यांग मोटराइज्ड साइकिल से आ रहा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार चार पहिया गाड़ी ने उसे टक्कर मारी और प्रयागराज की ओर निकल गई। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। साथ ही उसकी मोटराइज्ड साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना स्थल के समीप सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए है। ऐसे में मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जानी चाहिए।

# मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक मशीन ब्रोंकोस्कोपी का हुआ उद्घघाटन

**जन एक्सप्रेस । उरई**



शहर के कालपी रोड़ स्थित मेडिकल कॉलेज में फेफड़ो से बलगम (बीओप्सी) निकालने की अत्याधुनिक मशीन ब्रोंकोस्कोपी का उद्घघाटन किया गया। जिसमें लंग्स (फेफड़े) की कैंसर की जांच बीओप्सी, न्युमोनिआ की फेफड़े से बलगम निकालकर कल्चर, वायरस, फंगस जैसे घातक जीवाणुओं की जांच संभव होगी। बताया गया है कि ब्रोंकोस्कोपी दूरबीन की जांच है, जो फेफड़े के अंदर जाकर बलगम और बीओप्सी को निकाला जा सकता है। डॉ. विक्रम गौतम विभाग्याध्यक्ष पल्मोनरी मेडिसीन की टीबीसीडी चेस्ट विभाग ने सारा श्रेय प्रिंसिपल डॉ. अरविन्द त्रिवेदी को दिया। सीएमएस डॉ. प्रशांत निरंजन के पूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए बताया ये जांच आस पास के कई जिलों और शहरो में मौजूद नहीं है। इस जांच के सुरु होने पर आसपास के 50 जिलों के मरीज़ो को लाभ मिलेगा। उद्घघाटन करने पहुंचे प्रिंसिपल डॉ. अरविन्द त्रिवेदी और डॉ. प्रशांत निरंजन व डॉ. शैलेन्द्र ने पल्मोनरी मेडिसिन के विभाग्याध्यक्ष डॉ. विक्रम गौतम की अथक प्रायशो की है। इस दौरान उन्होंने प्रशंशा करते हुए कहा की उरई मेडिकल कॉलेज का चेस्ट विभाग नयी उपलब्धिया और लेटेस्ट जाँच शुरू कर के उरई मेडिकल कॉलेज को नयी उचाईयो पर ले जाकर बड़े बड़े अस्पतालों को टक्कर दे रहा है।

# 19 दिसम्बर से शुरू होगा कांग्रेस सेवा दल का प्रशिक्षण शिविर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रमोद पांडेय ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ रामायण मेला भवन में लगने वाले पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

कौंग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि कौंग्रेस सेवादल का प्रदेश स्तरीय शिविर 19 दिसम्बर गुरुवार को चित्रकूट में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कौंग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी अविनाश पांडेय तथा प्रदेश कौंग्रेस अध्यक्ष अजय राय का आगमन होगा। बताया कि कार्यक्रम में 20 दिसम्बर को सांसद उज्जवल रमन सिंह व विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा 22 दिसम्बर को अखिल भारतीय कौंग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई व अखिल भारतीय कौंग्रेस के राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी शामिल होंगे। इस प्रशिक्षण शिविर में 350 कार्यकर्ता प्रशिक्षण लेंगे। शिविर में शारीरिक व बौद्धिक प्रशिक्षण के साथ विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और विदेश नीति पर विस्तृत चर्चा में विषय विशेषज्ञ प्रो विनोद चंद्रा, प्रो आर पी द्विवेदी, प्रो सन्निवेश मिश्रा व प्रकाश मिश्रा प्रशिक्षण देंगे। शिविर में ध्वज वंदन के साथ राष्ट्र निर्माण, नेतृत्व निर्माण, जनसेवा, संगठन निर्माण, चुनाव प्रबंधन, आपदा प्रबंधन के साथ 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति तय की जाएगी।

# विधान से समाधान कार्यक्रम के जरिए महिलाओं को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त निर्देशन में ''विधान से समाधान'' कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को तहसील सभागार में विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं को विधिक जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने कहा कि महिलाओं को बुनियादी कानूनी अधिकारों और उपायों के बारे में व्यवहारिक ज्ञान होना चाहिए। जिससे वह वास्तविक जीवन स्थितियों में चुनौतियों का सामना कर सकें। साथ ही महिलाओं को ब्लाक स्तर पर विभिन्न अपराधों के मामलों में निवारण के लिए स्थानीय सक्षम अधिकारियों से सम्पर्क करने व शिकायतों के निवारण के लिये उपलब्ध विभिन्न चैनलों जैसे एनसीडब्ल्यू, नालसा, पुलिस, कार्यपालिका, न्यायपालिका और गैर सरकारी संगठनों से सम्पर्क करने और उनका उपयोग करने की प्रक्रिया समझाया ताकि वे अन्याय को पहचान सकें और अपने अधिकारों का लाभ उठा सके। चिकित्साधिकारी डॉ अनिष्का चैरे ने महिलाओं में होने वाले सर्वाईकल कैंसर के लक्षण व मुख्य कारण की जानकारी दी। डॉ आकांक्षा पाण्डेय ने एचआईवी एड्स के लक्षण एवं बचाव के बारे में विस्तार से बताया। बताया कि महिलाओं में तीस वर्ष की उम्र हो जाने के बाद सर्वाइकल कैंसर के लक्षण दिखाई देते हैं, जिसे अनदेखा किये जाने पर घातक परिणाम हो सकते हैं। मुख्य न्याय रक्षक गया प्रसाद निषाद ने महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न धाराओं के बारे में विस्तार से बताया। बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह द्वारा निराश्रित महिला पेंशन योजना, कन्या सुभंगला योजना, बाल विवाह, चैदह वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा आदि के बारे में विस्तार से बताया। तहसीलदार वाचस्पति सिंह ने तहसील से सम्बन्धित व महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

# विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए किया प्रेरित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



सद्गुरु हॉयर सेकेंडरी स्कूल चित्रकूट में मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को तकनीकी क्षेत्र में भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

बीबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन प्रयागराज के काउंसलर एसपी पाल एवं संदीप सिंह ने छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। जिसमे उन्होंने छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, विधि विभाग एवं सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली शुल्क प्रतिपूर्ति व छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही 12वीं के बाद रोजगार परक कोर्स करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने तकनीकी क्षेत्र में प्रदान की जाने वाले ग्रेजुएट कोर्स बीबीए, बीसीए, डी फार्मा, बी फार्मा कोर्स के बारे में तथा उनमें प्रवेश के बारे में जानकारी मुहैया कराई। इस मौके पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्य अंजलि भटनागर सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# गौवंशों की देखभाल में किसी प्रकार की न बरती जाए लापरवाही– डीएम

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूलयांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में कर संबंधित अधिकारियों को गौशाला में गोवंश की देखभाल और व्यवस्थाओं के लिए दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने गौशालाओं में गोवंश की उचित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए, गोवंश के लिए भूसा, पानी, चूनी, चोकर, खली और हरा चारा की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सर्दी से बचाव के लिए गोवंश को सुरक्षित रखने हेतु शेड को चारों ओर तिरपाल से ढकने, अलाव/हीटर की व्यवस्था करने और गोवंश के नीचे टाट या पट्टी बिछाने के निर्देश दिए। गोवंश की देखभाल में कार्यरत कर्मचारियों के लिए अभिलेखों की उपलब्धता हेतु गोवंश के फोटोग्राफ, कैश बुक रजिस्टर, मृतक पंचनामा पंजिका, गणना पंजिका, केयर टेकर भुगतान पंजिका, केयर टेकर उपस्थिति पंजिका, निरीक्षण पंजिका, भूसा-चारा स्टॉक पंजिका जैसी महत्वपूर्ण दस्तावेजों का रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपस्थित अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि गोवंश की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। गौशालाओं में नियमित केयरटेकर रहे जिससे गौवंशो की उचित देख भाल की जा सके। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पर ग्राम प्रधान, सचिव व सम्बंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर सीडीओ राजेन्द्र कुमार श्रीवास, एएसपी प्रदीप कुमार, डीडीओ महेंद्र चौबे, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज कुमार अवस्थी आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पेंशनर्स दिवस पर जिलाधिकारी ने दिया भरोसा, त्वरित निस्तारित होंगी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । उरई**



पेंशनर्स दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट के कोषागार परिसर में पेंशनर्स गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ पेंशनर्स को साल व फूलो की माला पहनकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने सम्मानित किया। इस दौरान उन्हें भरोसा दिलाया गया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश भी दिए। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित पेंशनर्स दिवस पर वरिष्ठ कोषाधिकारी आंनद सिंह ने कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वालों के बावत जानकारी दी। बताया कि कोषागार में पेंशनर्स की संख्या 12741 है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने भी पेंशनरों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए प्रशासन की तरफ से हर संभव मदद की बात की और आश्वासन दिया कि भविष्य में पेंशनरों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोशिएशन के अध्यक्ष हरगोविंद श्रीवास्तव ने सम्बोधित करते हुए डीएम का आभार जताया। साथ ही पेंशनर्स की समस्याएं रखी। इस मौके पर सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश बर्मा, सदर एसडीएम नेहा ब्याडवाल, सीओ सदर अर्चना सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### एएसएम की बैठक में क्षेत्र विस्तार करने पर दिया गया जोर



**जन एक्सप्रेस/राजापुर, चित्रकूट।** तुलसी जन्मस्थली राजापुर में मंगलवार को बीपीएल रिलायंस की बैठक हुई। जिसमें प्रयागराज जोन के एएसएम अतुल अस्थाना ने विकास की दृष्टि से पिछड़े तिरहार क्षेत्र में भारत की प्रमुख संस्था को गांव गरीबों तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय लोगों का सपना साकार करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। इस मौके पर चित्रकूट के आरएसओ हर्षवर्धन प्रताप सिंह, बांदा के आरएसओ पुष्पराज सिंह शीनू, अर्जुन, सौरभ जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### पेंशनर दिवस में एडीएम ने सुनीं समस्याएं

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम की अध्यक्षता में मंगलवार को पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पेंशनर संगठनों के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याएं बताईं। जिन्हें सुनने के बाद अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से कराया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राममनोहर वर्धन, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, वित्त एवं लेखाधिकारी वेद प्रकाश, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र भदौरिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह, लेखाकार विकास सिंह सचान, राजबहादुर, योगेन्द्र सिंह चन्देल, अशोक कुमार गुप्ता, अशोक कुमार, सहायक लेखाकार संदीप कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार भारती, आशीष कुमार तिवारी, वीरेन्द्र कुमार द्विवेदी, अयोध्या प्रसाद पाण्डेय, इस्तियाक अहमद, जितेन्द्र सिंह, इन्द्रनारायण श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### सेमीफाइनल में जबलपुर ने रीवां को आठ विकेट से हराया

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** चित्रकूट स्पोर्ट क्लब कर्वी एवं दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय खेल प्रांगण में भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की स्मृति में आयोजित किए जा रहे नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2024 के पहले सेमीफाइनल में जबलपुर ने रीवा को आठ विकेट से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। मैच का शुभारम्भ व्यवहार न्यायाधीश सौरव गोस्वामी एवं चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के आईपीएसटी विभागाध्यक्ष डॉ. अश्विनी दुग्गल दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रीवा की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पूरी टीम 18.3 ओवर पर 105 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें अयाज ने 29 व अनुराग ने 21 रन बनाए, जबकि जबलपुर के देवांश एवं आरव पटेल को तीन-तीन विकेट प्राप्त हुए। इसके जवाब में 106 रनों के लक्ष्य को जबलपुर की टीम ने आसानी से 16.02 ओवर में केवल दो विकट खो कर प्राप्त कर लिया। जबलपुर की ओर से यश यादव ने 22, साहिल लोधी ने नाबाद 29 एवं देवांश पटेल ने नाबाद 21 रनों का योगदान दिया। रीवा के अनुराग एवं प्रहलाद को एक-एक विकेट मिला। खिलाड़ी देवांश पटेल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। जिसमें अंपायर शिवकांत त्रिवेदी, आशुतोष मिश्रा, कमेंटेटर सर्वेश निगम, वेद प्रकाश मिश्रा व स्कोरर शशि भूषण सिंह रहे। इस मौके पर रमाकांत कुशवाहा, सुनील दुबे विजय प्रकाश प्रजापति, रामेश्वर प्रजापति, अंकुर यादव, संजय दुबे आदि मौजूद रहे।

### दिनदहाड़े ज्वैलर्स की दुकान से 8 लाख रुपए की टप्पेबाजी

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में सब्जी मंडी गोपालगंज में दिनदहाड़े एक दुकान में ग्राहक बनकर आए टप्पेबाज चोर समान देखने के बहाने लाखों रुपए की ज्वेलरी लेकर फरार हो गए। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित सुनार की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी की फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के गोपालगंज इलाके में बेखौफ टप्पेबाज चोरों ने दिन दहाड़े सर्राफ की दुकान से लाखों रुपए की ज्वेलरी पार कर दी। बताया गया कि दुकान पर ग्राहक बनकर आए शातिर चोरों ने दुकानदार को बातों में उलझा कर एक डिब्बे में रखी करीब 150 ग्राम सोने की जंजीरें पार कर दी। चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोरों की सारी करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उधर घटना से इलाके में अपराध कपरी मच गई और स्थानीय दुकानदारों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। मौजूद आसपास के दुकानदारों में आपस में चोच से चोच लडाते हुए सुना गया है की पुलिस के ढुलमुल रवैया के चलते चोरों के हौसले बुलंद है और वह चोरी की वारदात को अंजाम देने में कोर कसर नहीं छोड़ते। फिलहाल पीड़ित सुनार रामकुमार स्वर्णकार ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। दुकानदार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दमां निवासी दीक्षा ने पुलिस को बताया कि उसके पिता अशोक कुमार ने दो वर्ष पूर्व उसकी शादी मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर के कचनार निवासी आशीष कुमार के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में नकदी की मांग शुरू कर दी। जब उसने पिता को इसके बारे में बताया तो पिता ने ससुरालियों से बात की और उन्हें बताया कि शादी में ही काफी खर्च हो गया है। इसलिए वह अतिरिक्त मांग को पूरा नहीं कर सकेंगे। इससे नाराज होकर ससुरालियों ने उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कई बार परिजनों ने उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन उनकी आदतों में सुधार नहीं हुआ। उल्टा दो दिन पूर्व ससुरालियों ने उसका सारा स्त्रीधन छीनकर उसे घर से निकाल दिया। वापस लौटने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति आशीष, ससुर कौशल किशोर व सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बंटवारे को लेकर परिवार के लोगों ने तोड़ी दुकान

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** घरेलू बंटवारे को लेकर परिवार के ही लोगों द्वारा दुकान को तोड़ने और दुकान में रखा सामान उठा लेने की शिकायत पीड़ित दुकानदार ने एसपी को शिकयती पत्र देकर की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बालमभट्ट निवासी इकराम खां ने पुलिस को बताया कि उनकी एक दुकान मोहल्ला नया भवानीराम में है। जिसमें वह ऑटो पार्ट्स के सामान की बिक्री करते हैं। यह दुकान उन्हें घरेलू बंटवारे में मिली थी। लेकिन उनके परिवार के ही कुछ लोग उनकी इस दुकान को हड़पना चाहते हैं। जिसके लिए वह उसे कई बार रेशान कर चुके हैं। बीती 15 दिसंबर की रात वह दुकान बंद कर घर चला गया था। आरोप लगाया कि रात में ही परिवार के लोग दुकान पर पहुंच गए और दुकान की एक दीवार ध्वस्त कर दी। शटर भी निकाल दिया। इसके अलावा अन्य नुकसान भी कर दिया है। सुबह जब वह दुकान पर पहुचां तो दुकान ध्वस्त थी और दुकान में रखे लगभग 80 हजार रुपये कीमत के पार्ट्स गायब थे। इसकी शिकायत उसने कोतवाली में दी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित ने एसपी से मामले में कार्रवाई करने और रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, बुधवार, 18 दिसंबर, 2024






**एक देश-एक चुनाव बिल लोकसभा में पेश...**

संसद के शीतकालीन सत्र का मंगलवार (17 दिसंबर) को 17वां दिन है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा के पटल पर एक देश, एक चुनाव के लिए 129वां संविधान संशोधन बिल पेश किया। एक देश, एक चुनाव बिल पेश होने के बाद सांसदों को.... पढ़ें पेज 12 पर...

# हमारी सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में 1.60 लाख से अधिक भर्तियां कीं : सीएम

## उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग विभिन्न विभागों से अधियाचन मांगकर नियुक्ति की प्रक्रिया को बढ़ा रहा आगे : सीएम

- मुख्यमंत्री ने शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी रखा सरकार का पक्ष
- पिछली सरकार की बदनीयती के कारण नहीं भरी जा सकी थीं भर्तियां : योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन शिक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए कार्यों को रखा। उन्होंने सपा विधायक मनोज कुमार पारस, पूजा, पंकज पटेल के मुद्दे को महत्वपूर्ण व संवेदनशील बताया, लेकिन नसीहत दी कि सदस्यों को सदन की गरिमा व मर्यादा को ध्यान में रखकर तथ्यपरक बातें रखनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। हमारी सरकार ने 1.60 लाख से अधिक भर्तियां शिक्षा विभाग में की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि समग्र शिक्षा (बेसिक, माध्यमिक, उच्च, तकनीकी, व्यावसायिक, चिकित्सा शिक्षा) को लेकर नया चयन बोर्ड (उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग) बनकर तैयार है। वह विभिन्न विभागों से अधियाचन मांगकर नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है। हमारी सरकार ने अकेले शिक्षा विभाग में ही 1.60 लाख से अधिक भर्तियां की हैं। यह वे भर्तियां हैं, जो पिछली सरकार की बदनीयती के कारण भरी नहीं जा सकी थीं।



### आरक्षण के नियमों का हो रहा अक्षरशः पालन

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेरोजगारी देश, दुनिया व उत्तर प्रदेश के सामने चुनौती है। उत्तर प्रदेश दुनिया के अंदर सबसे युवा राज्य है। 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में 56 से 60 फीसदी आबादी वर्किंग फोर्स-युवा है। हमारी सरकार ने राज्य के युवाओं को ध्यान में रखकर अनेक कार्य किए हैं। पिछले सत्र में हमारी सरकार ने पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सार्वजनिक परीक्षा व अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम -2024 को पारित किया। प्रदेश के युवाओं को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ सरकारी नौकरियां प्राप्त हो रही हैं। इसमें आरक्षण के नियमों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है।

### पिछली सरकारों ने शिक्षा की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ किया था

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने शिक्षा की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ किया था। शिक्षामित्रों को सहायक शिक्षक के रूप में भर्ती किया था। माननीय उच्चतम न्यायालय ने उन्हें खारिज करके सेवाओं को समाप्त करने का आदेश किया था, लेकिन राज्य सरकार ने उन्हें निश्चित मानदेय पर रखा है। वे सभी शिक्षामित्र भी यथावत कार्य कर रहे हैं। उन्हें वेटेज देकर भर्ती प्रक्रिया से जोड़ा गया था। माननीय उच्चतम न्यायालय की मंशा के अनुरूप कदम उठाए गए थे। 44,000 से अधिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया माध्यमिक शिक्षा चयन आयोग बोर्ड व उच्चतर शिक्षा चयन आयोग बोर्ड के द्वारा संपन्न की जा चुकी है।

### सीएम ने कराया हकीकत से वाकिफ

मुख्यमंत्री ने कहा कि 69 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में बड़ी विनम्रता से कहूंगा कि पिछड़ी जाति के 27 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर 18 हजार पद आरक्षित होते हैं और पिछड़ी जाति के उसमें 32,200 से अधिक नौजवान भर्ती हुए हैं। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण की सीमा 21 फीसदी है, जिसमें 12 हजार पद उनके लिए आरक्षित होते हैं, लेकिन भर्ती हुई है 14 हजार से अधिक की। ये चीजें दिखाती हैं कि अपनी योग्यता और मेरिट से जो लोग आगे बढ़े हैं, उन्हें जनरल कैटेगरी का भी लाभ दिया गया है। जनरल के जो 34,500 पद थे, उसमें भर्ती हुई है मात्र 20 हजार। यह उन सबके लिए आंखें खोलने वाला होना चाहिए, जो इनके नाम पर राजनीति करके समाज में बंटवारे की खाई को चौड़ा करना चाहते हैं।

### सदस्यों द्वारा रखे गए आंकड़े तथ्यपरक नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पर सदस्यों द्वारा रखे गए आंकड़े तथ्यपरक नहीं हैं। यदि उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा व माध्यमिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों की भर्तियों की प्रक्रिया को पूर्ण करने की बात है तो 69000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र जारी हुए हैं, वे सभी चार वर्षों से स्कूलों में पढ़ा भी रहे हैं। उससे पहले 68500 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को संपन्न किया गया।

# सोनवां गांव में हत्या के आरोपियों समेत ग्राम प्रधान गिरफ्तार

- जमीन विवाद में रिटायर्ड होमगार्ड की हुई थी मौत, छह आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन महिगवां थाना पहाड़पुर चौकी क्षेत्र सोनवां गांव में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में ग्राम प्रधान सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बता दें कि महिगवां थाना क्षेत्र के सोनवां गांव में सरकारी जमीन के विवाद में रिटायर्ड होमगार्ड से प्रधान अन्य लोगों ने जमकर मारपीट की थी जिसमें रिटायर्ड होमगार्ड अस्पताल में भर्ती था, बीते रविवार देर रात अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वहीं एसीपी बीकेटी ऋषभ रुणवाल और उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश चन्द्र त्रिपाठी ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने और उचित कार्रवाई के आश्वासन पर मामला शांत हुआ था, मृतक गंगा राम सागर के शव का मंगलवार को परिजनों ने दाह-संस्कार किया। वहीं महिगवां पुलिस ने घटना से संबंधित ग्राम प्रधान समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने बताया कि सोनवां गांव के प्रधान अशोक गिरि, संजय गिरि उर्फ संजय तिवारी, मनीष, वरुण उर्फ फुन्नी पुत्र राजाराम, शिवम उर्फ गेंदालाल पुत्र अवधराम, अभय उर्फ अभी पुत्र रोहित कुमार को सोमवार शाम गिरफ़्तार कर सभी आरोपियों को जेल भेजा दिया गया।

# बाटी-चोखा दुकानदार को रोड पर दौड़ाकर पीटा, सर में आई चोट अस्पताल में भर्ती, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा





जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना के मामा चौराह के पास बाटी-चोखा की दुकान लगाकर चलने वाले युवक को दबंगों ने दौड़ा-दौड़ा कर रोड पर पिता बता दें कि पीजीआई थाना क्षेत्र में सड़क के किनारे बाटी चोखा की दुकान चलने वाले युवक को दबंगों ने सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर पीटा जिससे युवक के सिर में गंभीर चोट आ गई और उसका सर फट गया मारपीट के दौरान बाटी चोखा लगाने वाले युवक ने शोर मचाने पर युवक को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। रागिरो की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को ट्रामा सेंटर ले गई जहां उसके सिर में गंभीर चोट आने के कारण सिर में 30 टैंक डॉक्टर ने लगाई जहां उसका उपचार किया जा रहा है। आपको बताते चले कि लखनऊ कमिश्नरेट के पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग में धर्मेंद्र यादव परिवार के साथ रहते हैं और वृंदावन योजना के मामा चौराह के पास बाटी चोखा की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। मंगलवार दोपहर दो बजे धर्मेन्द्र बाटी चोखा की दुकान पर बैठे थे, तभी अंशु और आशीष अपने तीन अन्य साथियों के साथ आये और रुपए के लेने-देने को लेकर धर्मेन्द्र को गाली गलौज कर उसे दौड़ा दौड़ा कर मारा और पीटा, जिसमें धर्मेन्द्र बुरी तरह घायल हो उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा हैं। पीजीआई थाना प्रभारी ने बताया कि जांच पड़ताल में गाड़ी को लेकर पुराने विवाद की बात सामने आई है,धर्मेद्र की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मारपीट में शामिल आरोपियों की तलाश कर, गिरफ़्तार कर कठोर कार्यवाहीं की जायेगी।

# ट्रेनिंग प्रोग्राम में छात्र बनायेंगे कम्प्यूटर लैंग्वेज पर प्रोजेक्ट



- एकेटीयू में तीन दिवसीय वेब टेक्नोलॉजी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने छात्र-छात्राओं को स्किल्ड बनाने का निरंतर प्रयास कर रहा है। उद्योगों की मांग के अनुसार छात्रों को तैयार करने के लिए नई तकनीकी का प्रशिक्षण, कार्यशाला, संगोष्ठी आदि का आयोजन किया जा रहा है। जिससे कि छात्र पढ़ाई के दौरान ही पूरी तरह से तैयार हो सकें। इसी क्रम में माननीय कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय के निर्देशन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से बीटेक तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए तीन दिवसीय वेब तकनीकी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सॉफ्टप्रो इंडिया कम्प्यूटर टेक्नोलॉजीस के सहयोग से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंगलवार को कार्यक्रम के पहले दिन विशेषज्ञों ने छात्रों को कम्प्यूटर लैंग्वेज के बारे में बताया। वर्तमान में प्रचलित कम्प्यूटर भाषा पर विशेष जोर रहा। तीन दिनों में विशेषज्ञों के निर्देशन में छात्र कम्प्यूटर लैंग्वेज एचटीएमएल, सीएसएस, जेएस, बूटस्ट्रेप आदि के बारे में जानेंगे और प्रोजेक्ट भी बनायेंगे। छात्रों के बनाये प्रोजेक्ट का विशेषज्ञ मूल्यांकन भी करेंगे। रोजगार के दृष्टि से बेहद कारगर यह प्रशिक्षण छात्रों के कैंपस प्लेसमेंट में काफी काम आयेगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो0 नीलम श्रीवास्तव ने कहा कि छात्रों के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी लाभप्रद होते हैं। भविष्य में कैंपस प्लेसमेंट में यह काफी काम आयेगा। कहा कि छात्रों को ऐसे आयोजनों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। ताकि नई तकनीकी से परिचित हुआ जा सके। कंपनी की सीईओ यशि अस्थाना ने के महत्व के बारे में बताया कंपनी के चीफ टेक्निकल ऑफिसर रोहित कुमार ने छात्रों को कम्प्यूटर लैंग्वेज के विभिन्न आयामों से परिचित कराया। साथ ही अक्षत पाठक आसिफ अंसारी ने भी अपने अनुभव साझा किये। संचालन प्रतिभा शुक्ला ने किया। इस मौके पर शिशिर द्विवेदी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# मलिहाबाद में सभासदों ने हर घर नल से जल योजना में लापरवाही का लगाया आरोप, कार्रवाई की मांग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के मलिहाबाद नगर पंचायत के सभासदों ने हर घर नल योजना पर काम कर रही एजेंसी पर घटिया निर्माण कार्य करने के आरोप लगाया हैं और साथ ही काम बंद किए जाने का ज्ञापन मलिहाबाद नगर पंचायत ईओ को दिया गया है। मलिहाबाद नगर पंचायत क्षेत्र मे पाइप डाली जा रही है, सभासद शाहबाज, मालती देवी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही हर घर नल योजना से संबंधित कार्य नगर पंचायत क्षेत्र मे मनमाने तरीके से ठेकेदारों ने भ्रष्टाचार किया है, इससे नगर पंचायत की गलियों और सड़कों का बुरा हाल हो गया है। पुरानी पाइपलाइन को तोड़ दिया और उनको ठीक भी नहीं किया है। इससे आम जनता को पानी की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। इन ठेकेदारों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। मलिहाबाद नगर पंचायत मे वार्डों के सभी सभासदों ने आगे काम नहीं करने की गुहार लगाई है। सभासदों ने बताया पुरानी पाइपलाइन में किसी प्रकार से पानी की आपूर्ति मे कोई दिक्कत नहीं है। इसलिए अब किसी भी वार्ड में नई पाइपलाइन की आवश्यकता नहीं है। अधिशासी अधिकारी राजकुमार ने बताया सभासदों की शिकायत पर कार्रवाई के लिए जिले पर पत्राचार किया गया।

# अल्पसंख्यक अधिकार दिवस आज, जिलों में होंगी गोष्ठियां : दानिश अंसारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बताया कि 18 दिसम्बर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्मानित जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य व्यक्तियों की गोष्ठियाँ आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के मंत्री को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस गोष्ठी की अध्यक्षता करने हेतु अनुरोध किया जाय।अल्पसंख्यक राज्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस गोष्ठी में शासन द्वारा अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक, आर्थिक तथा समाजिक विकास हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाये। इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु अल्पसंख्यकों को प्रोत्साहित किया जाय।। श्री दानिश ने अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर उक्त विषय से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम, मुशायरा, कवि सम्मेलन, क्राफ्ट मेला व सेमिनार आयोजित करने हेतु भी कार्यवाही संबंधित विभागों के समन्वय से करने हेतु निर्देश दिए हैं।अल्पसंख्यकों के लिए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं में यदि किन्हीं लाभार्थियों को चेक वितरित किये जाने हो या अन्य कोई लाभार्थी परक वितरण कार्य कराया जाना हो तो शिविर लगवाकर उक्त अवसर पर कराया जाय।

# समाज कल्याण मंत्री ने छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के सरलीकरण के लिए मांगा सुझाव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति,शुल्क प्रतिपूर्ति योजना को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं लाभार्थियों के लिए हितकर बनाने के उद्देश्य से इसमें व्यापक सुधार करने को विभाग सदैव प्रतिबद्ध है। समाज कल्याण विभाग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म व ट्रांसफॉर्म के सिद्धांत पर चलते हुए कार्य कर रहा है।विशेषज्ञों की ट्रांसफॉर्मेशन टीम बनाई गई है, जिन्होंने लाभार्थियों की अपेक्षाओं, सिस्टम में संभावित कमियों आदि का आंकलन व विभिन्न बिन्दुओं पर गहन चर्चा और विस्तृत अध्ययन के उपरांत इस योजना से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों और उनके निवारण के लिए संभावित सुधारों को चिह्नित कर चर्चा पत्र तैयार किया है। हितधारकों से अनुरोध किया है कि चर्चा पत्र का अध्ययन कर इस सम्बन्ध में अपने बहुमूल्य सुझाव से अवगत कराएं। उन्होंने हितधारकों से कहा कि चर्चा पत्र में उल्लिखित समस्याओं एवं निदान से संबंधित बिंदुओं पर अभी विचार चल रहा है। सुझावों पर सम्यक विचार के बाद ही इस रूपांतरण प्रक्रिया को अंतिम स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

# विद्यांत में सत्र वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज लखनऊ मे सत्र 2024- 25 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत होने वाली इंडोर प्रतियोगिता 13,14 तथा 16 दिसंबर 2024 को संपन्न हुई। इस इंडोर प्रतियोगिता के अंतर्गत बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, आर्म रैसलिंग तथा थ्रो बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर धरम कौर ने किया। उद्घाटन के इस अवसर पर क्रीड़ा सचिव प्रोफेसर रमेश कुमार यादव, डॉ. बृजभूषण यादव, प्रोफेसर आलोक भारद्वाज, प्रोफेसर ध्रुव कुमार त्रिपाठी, डॉ भूपेंद्र सचान, डॉ. शिल्पी चौधरी, डॉ.राजकमल गुप्ता सुरेंद्र कुमार मिश्रा, सुनील श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। बैडमिंटन प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में विजेता रहे सुभाष यादव बीए प्रथम वर्ष तथा उपविजेता रहे विनायक यादव बा प्रथम वर्ष । बैडमिंटन प्रतियोगिता की छात्रा वर्ग में विजेता रहीं निधि वर्मा बी.ए. तृतीय वर्ष तथा उपविजेता रहीं ज्योति तिवारी बी.ए. प्रथम वर्ष। कैरम प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में विजेता रहे कौशिक कश्यप बीकॉम प्रथम वर्ष तथा उपविजेता रहे शिवांश बीकॉम तृतीय वर्ष। कैरम की छात्रा वर्ग प्रतियोगिता में विजेता रहीं रश्मि गुप्ता बीए तृतीय वर्ष तथा उपविजेता रहीं आयुषी आनंद बी.काम. द्वितीय वर्ष। शतरंज प्रतियोगिता में छात्र वर्ग के विजेता रहे मोहम्मद अयान बीए प्रथम वर्ष तथा उपविजेता रहे कुणाल बीए द्वितीय वर्ष । शतरंज प्रतियोगिता में छात्र वर्ग की विजेता रही रश्मि गुप्ता बीए तृतीय वर्ष तथा उपविजेता रहीं तनु वर्मा एम.ए. प्रथम वर्ष। आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में विजेता रहे नीरज चौहान बीए द्वितीय वर्ष तथा उपविजेता रहे शिवम वर्मा बीए तृतीय वर्ष। प्रतियोगिता में लगभग 40 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# बीकेटी नगर पंचायत में सड़क पर जलभराव से नागरिक परेशान, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले बीकेटी नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 में जलभराव होने से वहां पर रह रहे नागरिकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि जहां एक तरफ सूबे की योगी सरकार लगातार तमाम योजनाएं चलाकर जनता को सहूलियत देने का काम कर रही हैं। वहीं बीकेटी नगर पंचायत के जिम्मेदार ईओ एवं अध्यक्ष की लापरवाहीं के चलते बीकेटी नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 में जलभराव होने से वहां के नागरिकों,आम जनता परेशान हैं। वहां के निवासियों का कहना है कि जलभराव की बहुत बड़ी समस्या हैं,नगर पंचायत के अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं,कई बार लिखित शिकायत की गई, कई साल हो गए हैं, समस्या जैसे की तैसी बनी हुई हैं तथा जलभराव, गंदगी में बीमारी फैल रही हैं। जलभराव व गंदगी में पनप रहे मच्छर लोगों के घरों में बीमार करने पर मजबूर कर रहे हैं। वहीं वार्ड नंबर 9 के निवासियों का कहना है कि गंदगी व जलभराव से स्कूली बच्चों आम लोगों का जीना दुश्वार हैं। वहीं बीकेटी नगर पंचायत वार्ड नंबर 9 निवासी अजय साहू, अंकित, रामपाल, विकास, अजीत कुमार, नीलू तिवारी अन्य बताया कि जलभराव व गंदा पानी हमारे घरों में पहुंच जाता हैं,जिससे कि बीमारियों के साथ-साथ खानपान में भी काफी समस्या हो जाती हैं।

# विलुप्त हो रही लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बनाएं नई योजनाएं : जयवीर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने संस्कृति विभाग के अधीन संचालित स्वायत्तशासी संस्थानों में नव मनोनीत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने-अपने संस्थानों की गतिविधियों को तेजी से धरातल पर उतारने के लिए नई योजनाएं एवं कार्यक्रम तैयार करें, जिससे लोक कलाओं के संरक्षण के साथ ही कलाकारों को योजनाओं का लाभ मिल सके। राज्य सरकार विलुप्त होती जा रही लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति कटिबद्ध है। इसलिए पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ कार्य करें।पर्यटन मंत्री योजना भवन के सभागार में नव मनोनीत अध्यक्षों एवं सदस्यगणों की परिचयात्मक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वायत्तशासी संस्थानों एवं अकादमियों में संचालित योजनाओं को जनोपयोगी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि कलाकारों को प्राचीन कलाओं को नये सिरे से निखारने तथा संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करें। इसके साथ ही लोक कलाओं को पुनर्जीवित एवं संरक्षित किये जाने के लिए जिला, ब्लॉक तथा पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करें।


## लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्स: 0522-2622440, ई-मेल: nnlko@up.nic.in

संख्या : 191/मु०अ०/24-25 **अति-अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक : 16.12.2024

समस्त पंजीकृत ठेकदारों को उनकी सीमान्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु दिनांक 23.12.2024 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 21.12.2024 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की बेवसाइट upgov.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउन लोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 23.12.2024 को अपरान्ह तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष मे रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 23.12.2024 को अपरान्ह 4:00 बजे मुख्य अभियन्ता के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हॉट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू० में | जमानत धनराशि रू० में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मा0 कल्याण सिंह वार्ड के अन्तर्गत आगरा एक्सप्रेसवे हाइवे चौराहा पुल के पास अस्थाई रैन बसेरा बनाने का कार्य। | 733545.00 | 73355.00 | 07 दिन | 734.00 | 132.00 | 866.00 |
| 2 | अभियंत्रण जोन-06 के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय जोन-06 के पास अस्थाई रैन बसेरा का निर्माण कार्य। | 824145.00 | 82415.00 | 07 दिन | 824.00 | 148.00 | 972.00 |
| 3 | अभियंत्रण जोन-06 के अन्तर्गत बुद्धेश्वर पुल के नीचे अस्थाई रैन बसेरा का निर्माण कार्य। | 824145.00 | 82415.00 | 07 दिन | 824.00 | 148.00 | 972.00 |
| 4 | अभियंत्रण जोन-06 के अन्तर्गत बालागंज चौराहे के पास अस्थाई रैन बसेरा का निर्माण कार्य। | 778590.00 | 77859.00 | 07 दिन | 779.00 | 140.00 | 919.00 |
| 5 | अभियंत्रण जोन-06 के अन्तर्गत अंधे की चौकी के पास अस्थाई रैन बसेरा का निर्माण कार्य। | 778590.00 | 77859.00 | 07 दिन | 779.00 | 140.00 | 919.00 |
| 6 | अभियंत्रण जोन-06 के अन्तर्गत शीत कालीन सत्र में विभिन्न चिन्हित स्थानों पर आलाव हेतु लकड़ी आपूर्ति का कार्य। | 960000.00 | 96000.00 | 07 दिन | 960.00 | 173.00 | 1133.00 |

शर्ते:- (01) निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक है। (2) शासनादेश सं0-6738/23-7-08-176 (सा0)/08 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10.00 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 10.00 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 01 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी। (3) शासनादेश सं0 962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। (4) आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। (5) कार्य हेतु 01 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। **मुख्य अभियन्ता**

# भाजपा के मंडल अध्यक्ष चुनाव में पुरानी कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

## स्मृति ईरानी की हार, संगठन की कमजोरी या कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता

जन एक्सप्रेस। अमेठी



भारतीय जनता पार्टी पार्टी के मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर काफी चर्चा हो रही है।जिले में संगठननात्मक चुनाव के तहत जिले के मंडलों में लगाए गए मंडल चुनाव अधिकारियों ने सोमवार को मंडलअध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली है।एक ओर जहां पार्टी के भीतर बदलाव की आवश्यकता को बल मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर पुराने कार्यकर्ताओं के लिए चुनौती बन चुकी है। अमेठी लोकसभा सीट कभी गांधी परिवार का अभेद्य गढ़ माना जाता था।लेकिन 2019 में केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी की ऐतिहासिक जीत के साथ भाजपा के खाते में आई।इस जीत ने दशकों पुराने कांग्रेस के दबदबे को तोड़ा।और अमेठी के राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव का संकेत दिया।लेकिन हालिया चुनावों में स्मृति ईरानी को हार का सामना करना पड़ा।जिसने भाजपा संगठन और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए हैं।यह हार संगठन की कमजोरी थी या कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता इस पर मंथन जरूरी हो गया है।पूर्व केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी के प्रयासों से अमेठी में सड़कों,बिजली,स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर कई परियोजनाएं शुरु हुईं।उन्होंने अमेठी की जनता के बीच विश्वास कायम किया।लेकिन चुनाव परिणामों ने यह संकेत दिया कि जमीनी स्तर पर संगठन ने उनका पर्याप्त साथ नहीं दिया। कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता और फोटोशूट की राजनीति पर सवाल उठने लगा।भाजपा के कई कार्यकर्ता जिनसे जनता के बीच पहुंच बनाने की अपेक्षा थी,सोशल मीडिया और फोटोशूट तक सीमित नजर आए।चुनाव के दौरान बूथ स्तर पर सक्रियता की कमी और जनसंपर्क में ढिलाई ने हार में अहम भूमिका निभाई।कई बूथों पर स्थानीय नेतृत्व की निष्क्रियता स्पष्ट रूप से महसूस की गई।भाजपा संगठन का ढांचा बूथ और मंडल स्तर पर उतना मजबूत नहीं दिखा, जितनी अपेक्षा की जाती है।भाजपा की नीतियों और नेतृत्व की लोकप्रियता को जनता तक ले जाने का काम अधूरा रह गया।कई क्षेत्रों में बूथ समितियां केवल कागजी तौर पर सक्रिय रहीं।इसके विपरीत, विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर अधिक मुस्तैद दिखे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता आज भी निर्विवाद है।उनका विजन और नेतृत्व भाजपा की ताकत का स्तंभ है।लेकिन अमेठी में हार ने यह स्पष्ट कर दिया कि शीर्ष नेतृत्व की लोकप्रियता तभी प्रभावी हो सकती है,जब स्थानीय संगठन और कार्यकर्ता प्रभावी भूमिका निभाएं। जन एक्सप्रेस संवाददाता से बात करते हुए समाचार विश्लेषक गंगेश कुमार पाठक ने कहा कि अगर भाजपा को अमेठी में पुनः मजबूत करना है,तो सबसे पहले संगठन के बूथ और मंडल स्तर पर बदलाव लाना होगा।कर्मठ एवं जमीनी कार्यकर्ताओं और युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने से ही पार्टी अपनी खोई जमीन वापस पा सकती है।स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं को सही प्रशिक्षण देकर तथा उन्हें जिम्मेदारी का अहसास दिलाकर ही अपनी पकड़ मजबूत कर सकती है।उन्होंने कहा कि स्मृति ईरानी ने अमेठी के विकास के लिए जो प्रयास किए हैं,जनता भूली नहीं है। लेकिन भाजपा संगठन की आंतरिक कमजोरी और कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता से उनकी मेहनत पर पानी फिर गया।इसलिए जरूरी है कि भाजपा संगठन की नींव को मजबूत करे।

# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 6वां स्थापना दिवस का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 6वां स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पीजीआईएमईआरके पूर्व निदेशक व प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. जगत राम रहे। शुभारंभ की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उन्होंने एम्स की सफलता और प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान के छात्रों और कर्मचारियों को मेहनत व लगन के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर व जनउपयोगी बनाना है चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य एक ऐसा विस्तृत क्षेत्र है, जिसमें हम अपने कार्यों के द्वारा खुद की उपयोगिता को सिद्ध कर सकते हैं। हजारों गरीबों को आंखों की रोशनी लौटाने वाले पद्मश्री जगत राम ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं सरल, सुलभ और जनउपयोगी होनी चाहिएएम्स जैसे संस्थान में मरीज और उसके तीमारदार एक उम्मीद लेकर आते हैं और उस उम्मीद को कायम रखना चिकित्सकों, कर्मचारियों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों का पहला कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने एम्स में संचालित चिकित्सा विभागों के कार्यों की सराहना की। यहां उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर जगत राम ने ऑप्थेल्मोलॉजी के क्षेत्र में अपनी सेवाओं का उत्कृष्ट योगदान दिया है उनके जनहितैषी कार्यों के कारण ही उन्हें प?द्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है वर्तमान में प्रोफेसर जगत राम एमसीआई के बोर्ड ऑफ गवर्नेस के सदस्य है एम्स प्रशासन की ओर से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

# कोषागार परिसर गौरीगंज में पेंशनर्स दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जिलाधिकारी निशा अनंत के निर्देश के क्रम में पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु मंगलवार को कोषागार परिसर गौरीगंज में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मौके पर पेंशनरों द्वारा अपनी समस्याओं में नोशनल वेतन वृद्धि,वेतन निर्धारण से सम्बन्धित समस्याओं से उपस्थित अधिकारियों को अवगत कराया गया।साथ ही सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं के निस्तारण शीघ्र कराये जाने का आश्वासन भी दिया गया।इस दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी ने समस्त आहरण वितरण अधिकारियों से कहा कि जो भी पेंशन के प्रकरण लंबित हैं,उनपर मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समय से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने के छ माह पूर्व से ही पेंशन के पूरे प्रपत्र पूर्ण कराते हुए संपूर्ण कार्यवाही कर ली जाए।ताकि संबंधित कर्मचारी को सेवानिवृत्ति तिथि को देयकों का भुगतान कर दिया जाए।और कर्मचारी को पेंशन के लिए विभागों का चक्कर ना लगाना पड़े।पेंशनरों का वास्तविक सम्मान तभी होगा,जब सभी देयकों का भुगतान समय सीमा के अंदर कर दिया जाए।उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी का पेंशनर का प्रपत्र प्राप्त होने के बाद लंबित न रहे तत्काल कार्यवाही की जाए।जिससे कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति से पूर्व छोटी-छोटी बातों पर समस्या न हो और संबंधित कर्मचारी परेशान भी न हो।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी पेंशनर कोषागार परिवार का अंग है।तथा पेंशनर्स के स्वस्थ्य व मंगलमय जीवन की कामना करते हुए पेंशन सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मो.नं. 8765923689 पर सूचित करने का अनुरोध किया।इस अवसर पर कोषागार के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित पेंशनर मौजूद रहे।

# अनुदान पर कृषि यन्त्र के लिए पच्चीस दिसंबर तक करें आवेदन

जन एक्सप्रेस। अमेठी

उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि सीबीजी प्लांट एवं अन्य बायोमॉस आधारित इकाईयों को फसल अवशेष उपलब्ध कराये जाने हेतु इन सीटू एवं एसएमएएम योजना के अंतर्गत एफपीओ एवं एपीओ के सदस्य किसान अनुदान पर कृषि यंत्र खरीदने के लिए 25 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एग्रीग्रेटर के रूप में अनुदान पर कृषि यंन्त्र उपलब्ध कराये जाने हेतु जनपद को कुल तीन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। तथा इस योजना के अंतर्गत एफपीओ के अधिकतम दो शेयर होल्डर सदस्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं।योजना में एक वर्ष से कार्यरत एफपीओ का एग्रीग्रेटर में चयन होने पर फसल अवशेष प्रबन्धन योजना से कस्टम हायरिंग सेन्टर परियोजना लागत 30 लाख रुपए पर 80 प्रतिशत तथा दो शेयर होल्डर सदस्य को एसएमएएम योजनान्तर्गत व्यक्तिगत कस्टम हायरिंग सेन्टर परियोजना लागत10 लाख रुपए पर 40 प्रतिशत अनुदान देय होगा। एफएएमओ को तीस लाख रुपए की लागत से साठ हार्सपावर का ट्रैक्टर, बेलिंग मशीन,स्ट्रारेक,क्रांप रीपर व अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन वाले यंत्र 30 लाख रुपए तक की लागत का क्रय करना होगा।इसी प्रकार दो सदस्यों को 10 लाख रुपए की लागत के ट्रैक्टर,ट्राली क्रय करना अनिवार्य होगा।तथा सीबीजी प्लाट बायोमास यूनिट से पराली एकत्र एवं क्रय करने का एमओयू प्रमाण पत्र होने पर ही एफपीओ चयन हेतु पात्र होगा।उन्होंने बताया कि लाभार्थियों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से ऑफलाइन प्राप्त आवेदनों से लक्ष्य के अनुसार किया जायेगा।चयन के उपरान्त कृषि विभाग द्वारा विभागीय पोर्टल पर एग्रीग्रेटर के रूप में एफपीओ एवं उनके चयनित सदस्य कृषक का योजना के आवेदक के रूप में पंजीकरण कराया जायेगा।पंजीकरण के समय उप कृषि निदेशक द्वारा आवेदक का चयन पत्र भी अपलोड किया जायेगा।चयन, पंजीकरण के पश्चात लाभार्थी द्वारा क्रय किये गये यंत्रों के बिल अपलोड की व्यवस्था कृषि निदेशालय द्वारा की जायेगी।एफपीओ कम से कम एक वर्ष पुराना पंजीकृत एवं लाभ अर्जित कर रहा हो।उप कृषि निदेशक ने बताया कि ऑफलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 25 दिसम्बर निर्धारित है।उसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वन स्टाप सेन्टर का किया गया निरीक्षण




जन एक्सप्रेस। रायबरेली

माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अनुपम शौर्य द्वारा वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गयाअपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वन स्टाप सेन्टर, रायबरेली के सम्बन्ध में उपस्थित केस वर्कर अर्चना सिंहा से जानकारी ली गयी। केस वर्कर अर्चना सिंहा द्वारा वन स्टाप सेन्टर में महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं से अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराया गया। सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि यदि किसी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में प्रार्थनापत्र प्राप्त हो तो अविलम्ब उसे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेषित करें। इसके अतिरिक्त दौरान निरीक्षण जिला प्रोबेशन अधिकारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर साधना श्रीवास्तव व परा विधिक स्वयंसेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# शहतूत वृक्षारोपण के साथ सहफसली खेती से किसानों की आय में हुई बढ़ोत्तरी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

प्रदेश में अधिकतर रेशम उत्पादक किसान सीमांत और लघु कृषक होते हैं। खाद्यान्न की आवश्यकता के दृष्टिगत किसानों ने खेतीबाड़ी की पुरानी परम्पराओं को अभी तक अपनाया हुआ है रेशम उत्पादन की पद्धतियों को भी देखा जाय तो यही बात सामने आती है कि अधिकतर किसान पुराने तरीकों को छोड़ने के लिए राजी नहीं होते हैं। इसलिए जरूरी है उनकी भूमि के एक भूखंड से ही कृषि विविधता लाकर आमदनी बढ़ाई जाय। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश सरकार ने शहतूत वृक्षारोपण का एक सहफसली प्रारूप केंद्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान पांपोर केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा तकनीकी स्थानांतरण हेतु स्वीकृत किया है किसान अपनी कृषि युक्त भूमि पर इस प्रकार से शहतूत वृक्षारोपण करते हैं कि परंपरागत कृषि कार्य भी चलता रहे और रेशम कीट पालन हेतु उसी खेत से उच्च गुणवत्ता युक्त शहतूत की पत्तियों भी प्राप्त हो रही है केवल पहले वर्ष में नियमित पैदावार लगभग 20 प्रतिशत प्रभावित होगी, दूसरे वर्ष से इसी खेत से अतिरिक्त आय आनी शुरु हो जाती है। यदि कोई किसान अपने खेत में 300 शहतूत के पेड़ नयी पद्धति से लगा ले और केवल दो फसलों में पत्ती बेचने (रु0 4 प्रति किलो की दर से) का काम करे तो भी वह दूसरे वर्ष में लगभग 5 हजार रूपये एवं अगले 4-5 वर्षों से इसी खेत से वह लगभग 18000 रूपये वार्षिक की अतिरिक्त आय, केवल पत्ती बेच कर प्राप्त कर सकता है किसान इसी शहतूत उद्यान से साल में दो फसल भी बाइवोल्टाईन रेशम कीटपालन का कार्य करता है तो उचित उत्पादन के साथ वह दूसरे साल से 10 हजार रूपये का कोया उत्पादन कर सकता है और चौथी पाँचवी साल में वह 30-35 हजार मूल्य का रेशम कोया, 300 शहतूत पेड़ो की उचित रखरखाव और सफल कीटपालन से उत्पादित कर सकता है। अगर कोई किसान अपने खेत में गेहूं और मक्के की खेती कर रहा है और इसी खेत में शहतूत के पेड़ भी लगा देते हैं तो अगले 4-5 वर्षों में इसी खेत से किसान विशाल रेशम कीटपालन के साथ अपनी कुल आय दुगुनी कर सकता है। उचित लाभ प्राप्ति हेतु कम से कम 100 पेड़ भी स्थापित किए जा सकते है, पर 300 पेड़ का उद्यान स्थापित हो तो आर्थिक लाभ हेतु उत्तम रहता है। जितने अधिक पेड़ होंगे उसी अनुपात में पत्ती एवं तदनुसार रेशम कोया का उत्पादन अधिक होगा यदि किसी किसान के पास जमीन कम है पर वह अधिक पेड़ लगाना चाहता है तथा रेशम कीटपालन से अधिक आय प्राप्त करना चाहता है, तो वह मेड़ के बाद खेत के बीच में सीधी कतार में पेड़ लगा सकता है, खेत की चौड़ाई के अनुसार कतार की संख्या निर्धारित होती है, क्योंकि दो कतारों के बीच में कम से कम 18 फीट की दूरी होनी चाहिए। इस प्रकार से एक खेत में परम्परागत खेती को प्रभावित किए बगैर किसान अपने लिए अतिरिक्त आय का एक सशक्त माध्यम कम से कम अगले 20-25 साल तक आसानी से कर सकता है। इस पद्धति से एक एकड़ जमीन में 300 शहतूत पेड़ लग सकते है। भूमि की उपलब्धता के आधार पर 100 पेड़ से 300 पेड़ तक का शहतूत उद्यान आसानी से स्थापित किया जा सकता है प्रदेश के हजारो किसान सहफसली खेती कर खाद्यान्न के साथ-साथ रेशम के कोया उत्पादन कर अपनी अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर रहे हैं।

# प्राथमिक विद्यालय पश्चिम तिलोई में तिलोई की संकुल बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। तिलोई अमेठी




प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के निर्देशानुसार प्रत्येक माह में संकुल बैठक का आयोजन होता है।इसीक्रम में माह दिसम्बर की संकुल बैठक मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय पश्चिम तिलोई में बृजेश कुमार सिंह एआरपी कीअध्यक्षता में सम्पन्न हुई।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शशि कला ने पुष्प गुच्छ भेंट कर एआरपी का स्वागत व अभिनन्दन किया।बैठक का संचालन शशि कुमारी सिंह नोडल शिक्षिका ने किया।बैठक के एजेण्डा के अनुसार परियोजना संबंधी समस्त प्रकार की जानकारियों से शिक्षकों को अवगत कराया गया।ए आरपी बृजेश सिंह ने बताया कि निपुण भारत के साथ-साथ कक्षा एक में रेडीनेस कार्यक्रम चलाया जा रहा है।जिसे हम लोगों को पूर्ण निष्ठा व लगन से करना है।और समय से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति करनी है।कार्य पुस्तिका भरने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।बैठक में निपुण रेडीनेस कार्यक्रम,शिक्षण पाठ योजना,शैक्षिक नवाचार, टीएलएम निर्माण,शत-प्रतिशत नामांकन, हाउस होल्ड सर्वे सहित कई बिंदुओं पर चर्चा-परिचर्चा की गई।शशि कुमारी सिंह ने कार्य योजना के अनुसार प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक को पूर्व से दिये गये टापिक पर सम्प्रेषण हेतु आमंत्रित किया।इस दौरान शिक्षण सहायक सामग्री के माध्यम से पढ़ाने की नवीन गतिविधियों से शिक्षकों के बीच में जानकारी प्रदान की गई।

प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी ने सभी शिक्षकों से अनुरोध किया कि यहां हम चर्चा-परिचर्चा में जो भी सीखते हैं,और जो भी परियोजना के दिशानिर्देश हैं,उनका पालन करते हुए अपने-अपने विद्यालयों में नन्हे-मुन्ने बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने का पूर्ण प्रयास करें।

# डीएम की अध्यक्षता पेंशनर्स दिवस का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया, बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित जनपद के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को सेवानिवृत्ति, सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों के पेंशन के लाभ को समय सीमा के अंतर्गत भुगतान किए जाने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेंशन धारकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया बैठक में पेंशनर्स संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी से पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की गई। जिलाधिकारी ने पेंशन दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि पेंशन धारकों को चिकित्सा सुविधा देने हेतु लंबित पत्रावलियों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जो कर्मचारी, अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं उनके देयकों का भुगतान की कार्रवाई शीघ्र की जाए, सेवानिवृत्ति कर्मियों के समस्त पेंशनरी देयक, चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति आदि का भुगतान समय सीमा के अंतर्गत किया जाए। इस मौके पर पेंशनरों द्वारा अपने विभाग से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया, पेंशनर्स संघ द्वारा ट्रेजरी से कोई समस्या न होना बताया गया। जिलाधिकारी ने अन्य विभागों से होने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देश दिए कि पेंशन धारकों के प्रकरणों का निस्तारण समय से किया जाए, जिससे पेंशनरों को किसी प्रकार की कोई समस्या न उत्पन्न हो इस अवसर पर ए0डी0एम0(न्यायिक) विशाल यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी डा0 भावना श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण पेंशनर्स संगठनों के प्रतिनिधिगण व पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## दवा व्यवसायी द्वारा पत्रकार पर लगाए आरोप पाए गए फर्ज़ी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** बीते दिनों जिले के एक दवा व्यवसायी द्वारा 500-500 रुपए के नोटों की कई गड्डियों के कार्टून में रखे जाने का वीडियो वायरल हुआ था जब वायरल वीडियो पर पत्रकारों ने समाचार प्रकाशित किया तब पत्रकारों पर दबाव बनाने की मंशा से व्यवसायी ने प्रेस वार्ता करके एक वरिष्ठ पत्रकार पर निराधार आरोप लगा कर वायरल वीडियो में दिख रहे नोटों की सच्चाई को दबाने का प्रयास किया 7 वायरल वीडियो में दिख रहे लाखों, करोड़ों रुपयों की सच्चाई को दबाने की मंशा एवं पत्रकारिता का गला घोंटने के कुत्सित प्रयास का जिले भर के पत्रकारों, अधिवक्ताओं, समाजसेवियों एवं राजनैतिक दलों के नेताओं ने पुरजोर विरोध किया था और सभी ने एक सुर में व्यवसायी के आरोपों एवं वायरल वीडियो में दिख रहे रुपयों की निष्पक्ष जाँच करवाए जाने की मांग की थी 7 पत्रकारों के एक प्रतिनिधि मंडल ने भी जिले के पुलिस अधीक्षक से मुलाक़ात कर निष्पक्ष व शीघ्र जाँच करवाने की मांग की थी।

## जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की बैठक में छाया रहा पुरानी पेंशन की फाइलों को भेजने का मामला

# पुरानी पेंशन की फाइलों को निदेशालय न भेजने पर शिक्षकों में नाराजगी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की संयुक्त कार्यसमिति बैठक शहर के कम्पोजिट विद्यालय चक अहमदपुर सम्पन्न हुई बैठक में शिक्षकों के पेंशन विकल्प पत्रों को अभी तक निदेशालय न भेजें जाने पर पदाधिकारियों ने नाराजगी व्यक्त की गई इसके साथ ही एक दिन का वेतन बाधित होने की फाइलें महीनों तक पटल पर लंबित रहने के मामलों को जल्द निस्तारित करने की बात कहीं गई। इस सभी बिंदुओं को लेकर एक ज्ञापन के माध्यम से बीएसए को भेजकर अवगत कराया गया

जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने बताया कि राज्य सरकार की तरफ से 28 मार्च 2005 से पहले विज्ञप्ति विज्ञापन के आधार पर भर्ती हुए शिक्षकों के पेंशन चयन सम्बन्धी विकल्प पत्रों को अभी तक निदेशालय नहीं भेजा गया है जबकि ब्लॉकों से उनकी फाइल पूरी तरह से पूर्ण होकर आ गई है उन्होंने कहा की अधिकारियों से परीक्षण के उपरांत जल्द ही फाइल को निदेशालय में भेजने की बात रखी जा रही है

जिला महामंत्री सियाराम सोनकर ने कहा कि विभिन्न कारणों से निरीक्षण दिवस में अनुपस्थित शिक्षकों का एक दिन का वेतन बाधित होने की फाइलें महीनों तक पटल पर लंबित हैं। इसकी वजह से कई लोगों की वेतन बढोत्तरी भी रुक गई है। शिक्षकों की तरफ से स्पष्टीकरण देने के बाद भी फाइल का निस्तारण नहीं किया गया है। इस मामलों को जल्द से जल्द निस्तारित करने की बात की जा रही है जिला कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह ने कहा कि मार्च 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की पत्रावली को जल्द से जल्द से प्रेषित करने के लिए परिपत्र जारी करने की बात कहीं। पदाधिकारियों द्वारा रसोइयों को समय से मानदेय न भुगतान किए जाने तथा विद्यालयों में परिवर्तन लागत तथा खाद्यान्न की कमी रहने और लगातार मांग किए जाने के बावजूद उपलब्ध न हो पाने पर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक समर बहादुर सिंह ने किया इस मौके पर शिवसागर पाल, विक्रमादित्य सिंह, उमाशंकर चौधरी, सुरेश सिंह, उत्तम सोनी, गिरिजेश सिंह, सूर्य प्रकाश गौतम, साधना शर्मा, रघुराज प्रजापति, राकेश पटेल, उमेशचंद्र श्रीवास्तव, शिवकुमार सिंह, मेराज अहमद, रविप्रकाश श्रीवास्तव, नीलम सिंह, सुनीता सिंह, लक्ष्मी सिंह, प्रीति जायसवाल, जगलाल यादव रामलखनआशीष तिवारी सूर्यप्रकाश अब्दुल हलीम खुर्शीद अहमद आदि पदाधिकारी शिक्षक उपस्थित रहे।



### सरकार की ओर से मिले मोबाइल फोन...

शहर के किसान पीजी कॉलेज में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत सत्र 2023-24 के पोस्ट ग्रेजुएट छात्र-छात्राओं को 79 टैबलेट...

▸ शेष पेज 07 पर...

# ग्राम पंचायत में किया गया 1.31 करोड़ का चारा घोटाला



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जहां भूसे को ढूंढने के लिए भारी वाहनों का इस्तेमाल किया जाता है वही कानपुर शहर की 19 ग्राम पंचायतों में 121 कुंटल भूसा ढोने के लिए स्कूटी बाइक कार और ऑटो का इस्तेमाल किया गया। यह भी जानकारी सामने आई है कि इन ग्राम पंचायतों में 1.31 करोड़ के चारा घोटाले हुआ है।

आपको बताते चलें कि सोशल आडिट टीम ने ऑनलाइन चेक किया तो घोटाले की हकीकत सामने आई है। चारा घोटाले की जांच पशुपालन विभाग के अधिकारी 2 वर्षों से दबाएं हुए बैठे थे। गौशालाओं में वर्ष 2019 से 2021 के बीच खर्च रुपया का प्रशासन ने एक सप्ताह में बिल वाउचर जमा करने के निर्देश दिए हैं। कानपुर के बिधनू, भीतरगांव, बिल्हौर, शिवराजपुर, सरसौल, घाटमपुर, पतारा, और कटवान ब्लॉक में गौ आश्रम स्थलों में चार खरीद के नाम पर सचिवों ने जमकर बंदर बांट किया है। जांच में सामने आया कि करीब 42 लाख रुपए का भुगतान गौ सेवकों के नाम पर किया गया।

इसके साथ बिधनू ब्लॉक के कटारा ग्राम पंचायत में 33.53 लाख रुपए का भूसा, चूनी, चोकर, व चरी खरीद के नाम पर किया गया। यही नहीं बिना किसी काम के 1.60 लाख रुपए प्रधान और सचिव मिलकर डकार गए। घाटमपुर ब्लॉक में 11.67 लाख रुपए का घोटाला हुआ। दूसरे के भंडार के लिए धर्म कांटे की फर्जी रसीद लगाकर मेसर्स श्री सिंह ट्रेडर्स कंपनी को 4.90 लाख रुपए भुगतान दिया गया। टिकवापुर के गौशाला में लाख रुपय का गबन किया गया। इसी तरह सजती में ?80 हजार का फर्जी बड़ा हुआ।

### स्कूटी से भूसा ढोने में खर्च हुए 69,945 लाख रुपए

ऑडिट टीम की जांच में 19 गौशाला में फर्जी वाला सामने आया है। स्कूटी पर एक बार में लाद कर 121 कुंटल भूसा सरसौल के रामपुर के गौशाला पहुंचा दिया गया। इसमें करीब 69,945 रुपए खर्च होना भी बताया गया है। धर्म कांटा में भूसा तौल करने की कंप्यूटराइज्ड रसीद भी लगाई गई थी। ऑडिट टीम ने बिल में दर्ज नंबर को जब परिवहन विभाग के ऐप पर चेक किया तो पता चला कि किसी ट्रक, ट्रैक्टर, या लीडर का नहीं बल्कि वह स्कूटी का नंबर निकला। ऑडिट टीम ने गौशालाओं की जांच कर सितंबर 2022 में अपनी रिपोर्ट तत्कालीन डीडीओ और तत्कालीन मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आरपी सिंह को सौंप दी थी। तत्कालीन सीडीओ महेंद्र कुमार ने जांच कर कर कार्रवाई के आदेश दिए थे। लेकिन अफसर ने सचिन और प्रधानों की मिली भगत से जांच ही दवा दी।

**स्कूटी और कार से ढो डाला 121 कुंटल भूसा**

### सीडीओ से मांगी गई है रिपोर्ट

ऑडिट विभाग में मामले की जानकारी जब शासन को दी तो शासन ने सीडीओ दीक्षा जैन को मामले में कार्यवाही का रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने संबंधित सचिवों को पत्र लिखकर जवाब तलब किया है।

# शिवराजपुर के जवाहर नगर में बना सार्वजनिक शौचालय हुआ खंडहर में तब्दील








**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शिवराजपुर। नगर पंचायत शिवराजपुर के वार्ड नंबर 8 जवाहर नगर में बना सार्वजनिक शौचालय पंचायत के अधिकारियों के लापरवाही के वजह से खंडहर में तब्दील हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि शौचालय का निर्माण लाखों रुपए की लागत से कराया गया था। और इस सुंदर बनाया भी गया था। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस शौचालय के बनाए जाने के बाद कभी भी इसकी साफ सफाई नहीं की गई। जैसा ग्रामीणों ने बताया था क्या शौचालय की वैसे ही हालत है इस बात की जानकारी करने के लिए जन एक्सप्रेस टीम ने ग्राउंड जीरो पर जाकर जब देखा तो ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत बिल्कुल सही निकली। शौचालय की बिल्डिंग जर्जर हालत में खड़ी है। शौचालय में लगे दरवाजे टूट गए हैं। चारों तरफ गंदगी का अंबार है। देखने से ऐसा लगता है कि यह शौचालय की कभी सफाई की ही नहीं गई। शौचालय के ऊपर रखी हुई टंकी पीछे टूटी हुई पड़ी है। मजे की बात तो यह है कि इस वार्ड में एक ही सार्वजनिक शौचालय बना हुआ है। लेकिन वह भी अपनी बदहाली पर रो रहा है। समझने वाली बात यह है कि जबकि प्रदेश सरकार की ओर से शौचालय की मरम्मत के लिए पैसा भी पास किया जाता है। ऐसा लगता है कि जो पैसा शौचायलयों की मरम्मत के लिए आता है उसका बंदर बात कर लिया जाता है। नगर पंचायत द्वारा शौचालयक गेट पर इसके इस्तेमाल किए जाने की समय सूची तो बड़े अक्षरों में लिखी है। लेकिन इसके रखरखाव व साफ सफाई कराए जाने की कोई सूची आज तक नहीं बनी।

# सांसद रमेश अवस्थी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की

## कानपुर से कोलकाता के बीच सुपरफास्ट ट्रेन चलाने की उठाई मांग

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी ने दिल्ली में भारत सरकार के रेल एवं केंद्रीय इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने कानपुर की रेल परियोजनाओं को तेज गति प्रदान करने और कानपुर से कोलकाता के बीच सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन कराने को कहा। सांसद ने रेल मंत्री से कानपुर से दिल्ली के बीच यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एक अतिरिक्त श्रम शक्ति एक्सप्रेस की रात्रि कालीन सेवा शुरू करने का अनुरोध किया। इसके अलावा कानपुर एक प्रमुख औद्योगिक व शैक्षिक केंद्र होने के बावजूद अब तक आईटी पार्क से वंचित है। शहर से कोलकाता के लिए सीधी सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन नहीं होने से व्यापारियों छात्रों व आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। चर्म उद्योग, इंजीनियरिंग कंपनियां और चाय का कारोबार जैसे प्रमुख व्यवसाय कानपुर और कोलकाता के बीच होते हैं। सांसद रमेश अवस्थी ने इस मार्ग पर सीधी सुपरफास्ट ट्रेन शुरू करने की मांग रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से की। सांसद ने बताया कि कानपुर सेंट्रल के घंटाघर सिटी साइड टाटमिल चौराहा व झकरकटी बस अड्डा को जोड़ने वाले पुराने रेलवे ओवरब्रिज की स्थिति जर्जर हो चुकी है। इसके अलावा टाटमील चौराहे से बाबू पुरवा को जोड़ने वाले ओवर ब्रिज की स्थिति भी गंभीर है। सांसद रमेश अवस्थी ने इन दोनों रेलवे ओवर ब्रिज के पुनर्निर्माण की मांग की। सांसद ने रेल मंत्री से आग्रह किया कि इन जनहित के परियोजनाओं को जल्द से जल्द स्वीकृत कर कानपुर व आस-पास के क्षेत्र की जनता को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि यह योजनाएं केवल यातायात सुविधा को बेहतर बनाएगी बल्कि कानपुर के औद्योगिक विकास को भी ऊंचाई पर ले जाएगी।

# हाईस्कूल छात्रा से रेप के मामले में 7 साल की कैद

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शादी का झांसा देकर हाई स्कूल की छात्रा से 8 दिनों तक रेप करने वाले युवक को 10 साल बाद कोर्ट ने 7 साल की सजा सुनाई है। वर्ष 2014 में किशोरी को घर में अकेला पाकर युवक ने वारदात को अंजाम दिया था। पहले फुसलाकर भागने के बाद युवक ने पीड़िता को कन्नौज के होटल में रेप किया था।

बिठूर थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक के मुताबिक वर्ष 2014 में उसकी 16 वर्षीय बहन हाई स्कूल में पढ़ती थी। 18 अप्रैल 2014 को परिजन खेतों में गेहूं की कटाई करने के लिए गए थे। इस दौरान उसकी बहन घर पर अकेली थी। गांव का रहने वाला विमल घर आया और बहन को शादी का झांसा देकर?30 हजार कैश व 50 हजार के जेवरात संग ले गया था। काफी कुछ भी के बाद भी किशोरी का पता न चलने पर पीड़ित ने बिठूर थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे कन्नौज स्थित होटल ले गया था। जहां आठ दिनों तक रख कर रेप की घटना को अंजाम देता रहा। मामला एडीजे- 22 योगेश कुमार की कोर्ट में ट्रायल पर था। विशेष लोक अभियोजक भावना गुप्ता ने बताया कि अभियोजन की ओर से आठ गवाह कोर्ट में पेश किए गए थे। कोर्ट में आरोपी को दोषी करार देते हुए 7 साल की कैद व 16 हजार रुपए जर्मनी की सजा सुनाई है।

# युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर जान देने का किया प्रयास

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के नजीराबाद क्रॉसिंग के सामने मंगलवार को एक युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पहले युवक बाइक से आया और बाइक को रोड के किनारे खड़ा कर दिया। ट्रेन हॉर्न

सुनते ही वह ट्रेन के आगे कूद गया। घटना में युवक के दोनों पैर कट गए। लेकिन मौत नहीं हुई। घटना के बाद ड्राइवर ने ट्रेन को कुछ देर के लिए रोक दिया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को घटनास्थल से उठाकर हैलेट अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां अभी उसका इलाज चल रहा है।

घटना के संदर्भ में नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि युवक के जेब में मिले दस्तावेज से पहचान करने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल युवक होश में नहीं है परिजनों के सामने आने पर ही सुसाइड का प्रयास क्यों किया गया इसके बारे में जानकारी हो सकेगी। घटना के बाद कोको कोला क्रॉसिंग पर भीषण जाम लग गया। घटना के आधे घंटे बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया जा सका।

# शिवराजपुर पुलिस ने नाबालिग की हत्या में प्रेमी आरोपी युवक को जेल भेजा



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिवराजपुर थाना क्षेत्र के रौतापुर खुर्द गांव में शनिवार सुबह इंटर की 17 वर्षीय छात्रा का अर्धनग्न शव घर पर मिलने से गांव सहित क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया था। सोमवार को परिजन शव का शांति पूर्वक अंतिम संस्कार कर दिया। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी प्रेमी युवक को पकड़कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिसौदिया ने बताया कि शनिवार सुबह क्षेत्र में रौतापुर खुर्द गांव में 17 वर्षीय किशोरी का शव मिलने से पिता रामकिशन की तहरीर अज्ञात युवक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। मंगलवार को पुलिस ने क्षेत्र के शाह निवादा गांव निवासी आरोपी युवक कुलदीप कुमार उर्फ शोभित को जेल भेज दिया है। आरोपी के बयान और पुलिस की जांच में एक तीसरे व्यक्ति की तरफ इशारा कर दिया है आखिरकार अगर आरोपी के बयान पर विश्वास किया जाए तो कहानी कुछ और है नाबालिक की मौत आंनर किलिंग की तरफ़ इशारा करती है या फिर आरोपी खुद कहानी गढ़ रहा है। पुलिस टीम अभी अपनी जांच पर लगी हुई है अभी उन्होंने कोई बयान मजबूत नहीं दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद बिसरा रिपोर्ट आने पर ही मामला साफ हो सकेगा। एसीपी सुमित सुधाकर रामटेके टीम हर रिपोर्ट पर प्रतिदिन जांच कर मार्गदर्शन कर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट कर रहे हैं।

# स्टेट बैंक ने सिकंदरपुर गांव की आंगनवाड़ी केंद्र का किया जीर्णोद्धार



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**शिवराजपुर।** शिवराजपुर ब्लॉक क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र का जीर्णोद्वार कराया गया। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक शेख मुहम्मद ने परंपरागत तरीके से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर ग्रामीण भी मौजूद रहे। प्रबंधक ने बताया कि स्टेट बैंक सभी वर्गों के उत्थान के लिए समय-समय पर सीआरएस फंड का उपयोग बच्चों की शिक्षा के लिए करता है।

जिससे कि समाज के एक पिछड़े टपके को भी मुख्य धारा से जोड़ा जा सकें। इसी के चलते भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सिकंदरपुर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र को गोद लिया शाखा प्रबंधक शेख मुहम्मद द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र शिक्षा संबंधित किताबें कुर्सी इमेज एवं शुद्ध पानी के लिए वाटर प्यूरीफायर मनोरंजन एवं ज्ञानपुर किताबें तथा आधुनिक खिलौने दिए गए साथी आंगनबाड़ी केंद्र की रंगाई पुताई वॉल पेंटिंग भी कराई गई।

# छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने प्रेमी को भेजा जेल



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

### डीसीपी बेस्ट राजेश सिंह बोले प्रेमी को मिलेगी कड़ी सजा

मामले में डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह ने बताया कि छात्रा नाबालिक थी नाबालिक होने के चलते किशोरी की सहमति कोई मायने नहीं रखती है। इसी वजह से पुलिस ने आरोपी कुलदीप उर्फ शोभित के खिलाफ रेप, पास्को की धारा में मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार किया था। मंगलवार की सुबह 10-30 बजे आरोपी प्रेमी को माती कोर्ट ले मजिस्ट्रेट पेशी के लिए ले जाया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### मौके पर मिला सेक्स वर्धक दावों का पैकेट

पुलिस व फोरेंसिक टीम द्वारा जांच के दौरान आपत्तिजनक वस्तुओं द पैकेट घर के अंदर ही पड़ा हुआ मिला है। इसके अलावा कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं छात्रा के घर से कुछ दूरी पर भी पुलिस को मिले हैं। आरोपी प्रेमी ने बताया कि यह दवाई उसने शिवराजपुर स्थित एक मेडिकल स्टोर से खरीदे थे।

शिवराजपुर। शिवराजपुर थाना क्षेत्र के शुक्रवार की रात 12वीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद हुई मौत के मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी को ही मंगलवार के दिन कोर्ट के सामने पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस के द्वारा प्रेमी को माती कोर्ट ले जाते समय भी यही कह रहा था कि मैंने उसे नहीं मारा। शिवराजपुर पुलिस ने आखिरकार छात्रा की दुष्कर्म के बाद हुई मौत के मामले का खुलासा कर दिया है। आरोपी उसका प्रेमी ही निकाला। जिसने रात में 7 घंटे किशोरी को न्यूड रखा। प्रेमी 8.30 बजे से लेकर सुबह 3.30 तक छात्र के साथ में ही था इस दौरान उसने सेक्स वर्धक दवाएं खिलाकर दो बार संबंध भी बनाए। रात में 12.00 के बाद सुबह 3.30 के बीच अधिक ठंड होने की वजह से छात्रा की हालत बिगड़ गई। इसके बाद आरोपी प्रेमी वहां से चला गया। प्रेमी के जाने के बाद छात्रा की हालत बिगड़ती चली गई और उसकी मौत हो गई। जांच में यह भी सामने आया है कि गांव से 15 किलोमीटर की दूरी पर शाह निवादा गांव में रहने वाले प्रेमी युवक कुलदीप कुमार उर्फ शोभित में नाबालिक को अपने प्रेम जाल में फांस लिया था। घर में परिजनों के नहीं होने का फायदा उठाकर वह छात्र के पास पहुंच गया। इतना ही नहीं सेक्स वर्धक दवाई खाकर उसे दो बार संबंध भी बनाया था। काफी देर तक अर्धनग्न अवस्था में होने की वजह से छात्रा को ठंड लग गई और उसका शरीर अकड़ने लगा। किशोरी की हालत बिगड़ देख प्रेमी सहन गया और वहां से बहाना बनाकर भाग निकला। लगातार हालात दिखाने की वजह से सुबह किशोरी की मौत हो गई।

# धुंध और ठंड बढ़ेगी, मौसम विभाग ने दी ये जानकारी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के कारण बने चक्रवाती घेरे से कानपुर परिक्षेत्र में नमी आने लगी है। इसके साथ ही चक्रवाती घेरे ने हवाओं की रफ्तार को सुस्त कर दिया है। इसकी वजह से माहौल में थमी है। धूप की वजह से अधिकतम पारा सामान्य औसत से अधिक हो गया है। न्यूनतम पारा ने भी उछाल मारी है लेकिन यह अभी सामान्य औसत से 2.1 डिग्री सेल्सियस कम है। हवाओं के सुस्त पड़ने के कारण धुंध और कोहरा बढ़ने लगा है। मंगलवार सुबह दृश्यता सामान्य दो किमी की तुलना में पांच सौ मीटर रही।

वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से नमी आने से बादल बनेंगे। इससे दिन और रात के तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। माहौल में ठंड बनी रहेगी लेकिन शीत लहरी चलने की उम्मीद कम है। उन्होंने बताया कि निम्न दबाव के कारण बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती घेरे से हवाओं की दिशा और रफ्तार प्रभावित हो रही है। हवाएं सुस्त होने के कारण धुंध और प्रदूषण बढ़ता है।

डॉ. पांडेय ने बताया कि मौसमी गतिविधियां बदलने पर फिर ठंड में तेजी आएगी और पारा गिरेगा। सीएसए के मौसम विभाग के प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि माहौल में नमी 92 प्रतिशत हो गई है। धुंध के साथ कोहरा भी बढ़ा है। इस समय उत्तर पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। लेकिन गति 1.4 किमी प्रति घंटा है। आने वाले पांच दिनों में धुंध बनी रहेगी लेकिन बारिश की संभावना नहीं है।

# खेतों में पानी लगाने गए किसान की ठंड लगने से हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शिवराजपुर। शिवराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जौहरपुर गांव का रहने वाला किसान राजकुमार उम्र 45 वर्ष सोमवार की रात 11-00 बजे अपने खेतों में पानी लगाने के लिए गया हुआ था। खेतों में पानी लगाते समय उसे ठंड लग गई। हालत बिगड़ने पर रात के वक्त वह अपने घर वापस लौट आया। परिवार के सदस्यों को ठंड लगने की बात बताई हालत बिगड़ने पर परिवार के सदस्य उसे शिवराजपुर सीएचसी ले गये। जहां डॉक्टर ने इलाज करने से मना कर दिया इसके बाद परिजन अधेड़ को इलाज के लिए कानपुर ले जा रहे थे। तभी रास्ते में चौबेपुर के पास वृद्ध की मौत हो गई। जिसके बाद परिवार के सदस्यों ने शिवराजपुर पुलिस को फोन कर घटना के बारे में जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। सुबह पुलिस ने वृद्ध के शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मोतीझील से सेंट्रल स्टेशन तक धीमी गति से गुजरी मेट्रो, टेस्ट रन सफल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



मेट्रो ट्रेन मंगलवार को पहली बार टेस्ट रन करते हुए मोतीझील से सेंट्रल स्टेशन तक पहुंची। अप व डाउन लाइन दोनों पर मेट्रो ट्रेन का टेस्ट रन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार व वर्क्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशक सीपी सिंह, रोलिंग स्टॉक रनिंग नवीन कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इसके साथ ही कानपुर मेट्रो जनवरी 2025 में आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक यात्री सेवा के विस्तार की तैयारी के अंतिम चरण में पहुंच गया है। जल्द ही इस रूट पर नियमित ट्रायल रन की शुरुआत होगी। कानपुर सेंट्रल तक सभी स्टेशनों पर शेष बचे कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। जल्द ही अंडरग्राउंड टनल में ट्रायल किया जाएगा। यह उपलब्धि हासिल करने पर यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने सभी कर्मचारियों व शहरवासियों को बधाई दी है। टेस्ट रन के दौरान ट्रेन को ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) मोड पर धीमी गति से गया। सिग्नलिंग से संबंधित मैप वेरिफिकेशन टेस्ट में ट्रैक के साथ लगे उपकरणों (टीआरए सिग्नल, एक्सेल काउंटर आदि) के सॉफ्टवेयर लोकेशन का वास्तविक लोकेशन के साथ मिलान किया गया। आने वाले दिनों में इस प्रक्रिया के परिणामों के अनुसार सॉफ्टवेयर को अपग्रेड किया जाएगा। इसके बाद ट्रेन का हाई स्पीड टेस्ट किया जाएगा। कानपुर मेट्रो का परिचालन वर्तमान में प्रॉयोरिटी कॉरिडोर पर आईआईटी से मोतीझील तक किया जाता है जिसके अंतर्गत कुल नौ एलिवेटेड स्टेशन आते हैं। जनवरी 2025 में कानपुर सेंट्रल तक मेट्रो रूट के विस्तार होने के बाद पांच और स्टेशन (चुन्नीगंज, नवीन मार्केट, बड़ा चौराहा, नयागंज व कानपुर सेंट्रल) भी इस नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। ये सभी स्टेशन अंडरग्राउंड होंगे।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### मोहन सरकार की खेलों के प्रति प्रतिबद्धता, आने लगे शानदार परिणाम

**बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए जनजातीय कार्य विभाग भी अपने स्तर पर लगातार प्रयास कर रहा है। हाल ही में जनजातीय कार्य विभाग के सभी स्कूलों में बच्चों की खेल अभिरूचियों के विकास के लिए खेल मैदान बनाने के निर्देश दिए गए हैं। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग को एकलव्य विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर, आदर्श आवासीय विद्यालय एवं सीएम राईज स्कूल में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं को 40 प्रतिशत तक की दिव्यांगता होने पर फ्री मोटोराईज्ड साईकिल उपलब्ध कराने को कहा है।**

*सरकार यदि विकास के लिए प्रतिबद्ध हो तो असर गहरा दिखाई देता है। वैसे तो मध्य प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास इन दोनों तेजी से दिखाई देता है लेकिन यहां बात हम खेलों के संदर्भ में करेंगे । वस्तुत- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश ने खेलों की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। विभिन्न राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय खेलों में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों मेडल जीतकर देश-प्रदेश का नाम रोखन कर रहे हैं। इसके पीछे प्रदेश में खिलाड़ियों को दी जा रही ट्रेनिंग, शिक्षा एवं खेलों में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का विशेष योगदान है। बात यहां यदि एक वर्ष की करें तो में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है। इस साल पहली बार मध्य प्रदेश के पांच खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपित में हिस्सा लिया। वहीं, पहली बार मध्य प्रदेश के तीन खिलाड़ियों और एक प्रशिक्षक को राष्ट्रीय खेल सम्मान से अलंकृत किया गया है। उज्जैन में जिम्नास्टिक, एथलेटिक, बास्केटबॉल, मलखंभ आदि खेलों का स्वर्णिम इतिहास रहा है। देश में आज मलखंभ खेल की बात आती है, तो उसमें उज्जैन का नाम सर्वप्रथम आता है। उज्जैन में मलखंभ और जिम्नास्टिक अकादमी भी संचालित की जा रही है। यहां युवा खिलाड़ी अपने खेल कौशल का पूर्ण क्षमता के साथ सदुपयोग कर अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित कर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की खास दिलचस्पी के चलते उज्जैन में हाल ही में बहुउद्देशीय खेल परिसर का लोकार्पण हुआ है। खेल विभाग का यह दूसरा वृहद खेल परिसर हैं, जिसमें इनडोर-आउटडोर खेल की सुविधा व स्विमिंग पूल उपलब्ध है। नव निर्मित खेल परिसर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एथलेटिक सिंथेटिक ट्रैक है तथा इसी परिसर में बहुउद्देशीय खेल परिसर है, जिसमें बैडमिंटन, टेबल टेनिस, मलखंभ एरिना, शूटिंग, फुटबॉल मैदान, लॉन टेनिस कोर्ट, खिलाड़ियों की सुविधा के लिए प्लेयर्स लॉबी आदि सुविधाओं के साथ अत्याधुनिक जिम की स्थापना की गई है। भोपाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज है। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में विभिन्न खेल अकादमियों में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षकों द्वारा नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश-प्रदेश को पदक दिला रहे हैं। इस साल मई में आयोजित पेरिस ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक में पहली बार मध्य प्रदेश के पांच खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और पदक भी अर्जित किए। इनमें हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद, शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और पैरा एथलीट प्राची यादव, पैरा एथलीट पूजा ओझा और कपित परमार शामिल हैं। कपिल परमार ने पहली बार पैरा ओलंपिक में भाग लेकर को जूडो में देश को पहला पदक दिलाया। होशंगाबाद के रहने वाले विवेक सागर प्रसाद ने टोक्यो ओलंपिक के बाद लगातार दूसरी बार हॉकी टीम की ओर से पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया और टीम में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए देश को पदक दिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदक विजेता खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच शिवेंद्र सिंह देश टीम से भी खेल चुके हैं। उनकी कोचिंग में ही भारतीय टीम ने टोक्यो ओलंपिक में 40 साल बाद देश को मेडल जिताया था। पेरिस ओलंपिक में भी उन्होंने लगातार दूसरी बार देश को पदक दिलाया। इस साल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में मध्य प्रदेश की चार खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया।*

**एक्सप्रेस आलेख**

ताजमहल चाय के 'वाह ताज' विज्ञापन ने उन्हें हर घर में पहचान दिलाई। इस विज्ञापन में चाय की चुस्की लेते हुए उनकी तबला जुगलबंदी के दौरान बोली गई वाह ताज ने ताजमहल चाय को आम लोगों में फेमस कर दिया था। जाकिर हुसैन के तबला वादन की तासीर ही है कि उन्हें सुनते एवं देखते हुए कोई शख्स तनावों की भीड़ में शांति महसूस करता तो किसी के अशांत मन के लिये वह समाधि का नाद होता है। उनका संगीत एवं तबला वादन चंचल चित के लिये एकाग्रता की प्रेरणा होता तो संघर्ष के क्षणों में संतुलन का उपदेश। वह एक दिव्य एवं विलक्षण चेतना थी जो स्वयं संगीत एवं तबला वादन में जागृत रहती और असंख्य श्रोताओं के भीतर ज्योति जलाने का प्रयास करती।

# जाकिर हुसैन के निधन से शून्य हुई तबले की थाप



**ललित गर्ग**

**22 मार्च 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उस्ताद जाकिर हुसैन तबले को हमेशा आम लोगों से जोड़ने की कोशिश करते थे। यही वजह थी कि शास्त्रीय विधा में प्रस्तुतियों के दौरान बीच-बीच में वे अपने तबले से कभी डमरू, कभी शंख तो कभी बारिश की बूंदों जैसी अलग-अलग तरह की ध्वनियां निकालकर सुनाते थे। वे कहते थे कि शिवजी के डमरू से कैलाश पर्वत से जो शब्द निकले थे।**

दुनियाभर में शास्त्रीय संगीत में भारत को अलग पहचान दिलाने वाले उस्ताद और मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन अब हमारे बीच नहीं रहे। 73 साल की उम्र में हुसैन ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में आखिरी सांस ली। उनके निधन से आज भारतीय संगीत की लय थम गई, सुर मौन हो गए, भाव शून्य हो गए। मौसिकी की दुनिया में हुसैन के तबले की थाप एक अलहदा पहचान रखती है, वे दुनिया भर के अनगिनत संगीत प्रेमियों द्वारा संजोई गई एक असाधारण विरासत छोड़ गए हैं, जिसका प्रभाव आने वाली पीढ़ियों तक बना रहेगा। भारतीय तबले की गौरवशाली परंपरा की सुगंध विश्व भर में प्रसारित करने वाले हुसैन के अनंत में विलीन होने से गहन सन्नाटा छा गया है। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत एवं तबला वादन का दुनिया में विशिष्ट स्थान है, क्योंकि यह सत्यं, शिवं और सौन्दर्य की युगपत् उपासना की सिद्ध एवं चमत्कारी अभिव्यक्ति है। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत में क्रांति का शंखनाद किया। उस्ताद जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च 1951 को हुआ, जाकिर हुसैन तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के बेटे थे। हुसैन का बचपन मुंबई में ही बीता। 12 साल की उम्र से ही जाकिर हुसैन ने संगीत की दुनिया में अपने तबले की आवाज को बिखेरना शुरू कर दिया था। प्रारंभिक शिक्षा और कॉलेज के बाद हुसैन ने कला के क्षेत्र में अपने आप को स्थापित करना शुरू कर दिया। 1973 में उनका पहला एलबम लिविंग इन द मैटेरियल वर्ल्ड आया था। उसके बाद तो जैसे जाकिर हुसैन ने ठान लिया कि अपने तबले की आवाज को दुनिया भर में बिखेरेंगे। 1979 से लेकर अब तक जाकिर हुसैन विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समारोहों और एलबमों में अपने तबले का दम दिखाते रहे। जाकिर हुसैन भारत में तो बहुत ही प्रसिद्ध थे साथ ही साथ विश्व के विभिन्न हिस्सों में भी समान रूप से लोकप्रिय थे। वे भारतीय संगीत जगत का एक उज्ज्वल नक्षत्र थे। वे पारम्परिक कौशल, रचनात्मकता एवं संवेदनशीलता से युक्त तबला वादन में कल्पनाशील विस्तार, गहन अलौकिकता और अचूक कलात्मक संयम एवं वैभव के लिये विख्यात थे। वे अपनी कला के अकेले महारथि थे। उन्होंने शास्त्रीय संगीत एवं कला को लोकरंजन का साधन बनाने के लिये क्लिष्टता को दूर कर उसे सुगम बनाया। ईश्वर को आलोकपुंज मानते हुए उससे एकाकार होकर अपनी कला को प्रस्तुति देते हुए हुसैन ऐसा प्रतीत कराते थे, मानो उनका ईश्वर से सीधा साक्षात्कार हो रहा है। यही कारण है कि उनके तबले वादन एवं संगीत साधना से रू-ब-रू होने वाले असंख्य लोग उनकी साधना में गौता लगाते हुए मंत्रमुग्ध हो जाते थे। उनका यह स्थान सर्वोपरि रहा है, जिसे अब कोई पूरा नहीं कर सकता। उनके निधन से तबला वादन संसार की एक पाठशाला आज वीरान हो गई। जाकिर हुसैन यूं तो सम्मान एवं पुरस्कारों से ऊपर थे। फिर भी उन्हें 1988 में जब पद्मश्री का



**उस्ताद जाकिर हुसैन की शख्सियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने महज 11 साल की उम्र में अमेरिका में पहला कॉन्सर्ट किया। यानी तकरीबन 62 साल तक उनका और तबले का साथ नहीं छूटा। उन्हें उनकी पीढ़ी के सबसे महान तबला वादकों में माना जाता है।**

पुरस्कार मिला था तब वह महज 37 वर्ष के थे और इस उम्र में यह पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति भी थे। इसी तरह 2002 में संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण का पुरस्कार दिया गया था। 22 मार्च 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उस्ताद जाकिर हुसैन तबले को हमेशा आम लोगों से जोड़ने की कोशिश करते थे। यही वजह थी कि शास्त्रीय विधा में प्रस्तुतियों के दौरान बीच-बीच में वे अपने तबले से कभी डमरू, कभी शंख तो कभी बारिश की बूंदों जैसी अलग-अलग तरह की ध्वनियां निकालकर सुनाते थे। वे कहते थे कि शिवजी के डमरू से कैलाश पर्वत से जो शब्द निकले थे, वही शब्द लेकर उन्हें ताल की जुबान में बांधा। हम सब तालवादक, तालयोगी या तालसेवक उन्हीं शब्दों को अपने वाद्य पर बजाते हैं। गणेशजी इन सबके कुलदेव हैं। उस्ताद जाकिर हुसैन की शख्सियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने महज 11 साल की उम्र में अमेरिका में पहला कॉन्सर्ट किया। यानी तकरीबन 62 साल तक उनका और तबले का साथ नहीं छूटा। उन्हें उनकी पीढ़ी के सबसे महान तबला वादकों में माना जाता है। जब तबले का जिक्र आता है तो सबसे बड़े नामों में उस्ताद जाकिर हुसैन का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। उन्होंने न सिर्फ अपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा खां की पंजाब घराने (पंजाब बाज) की विरासत को आगे बढ़ाया, बल्कि तबले के शास्त्रीय वादन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ले गए। उस्ताद को संगीत की दुनिया का सबसे बड़ा ग्रैमी अवॉर्ड 1992 में 'द प्लेनेट ड्रम' और 2009 में 'ग्लोबल ड्रम प्रोजेक्ट' के लिए मिला। इसके बाद 2024 में उन्हें तीन अलग-अलग संगीत एलबमों के लिए एकसाथ तीन ग्रैमी मिले। 1978 में जाकिर हुसैन ने कथक नृत्यांगना एंटोनिया मिनीकोला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां हैं, अनीसा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी। अनीसा ने यूसीएलए से स्नातक किया है और वह एक फिल्म निर्माता हैं। 1983 में जाकिर हुसैन ने फिल्म 'हीट एंड डस्ट' से अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा। इसके बाद 1988 में 'द परफेक्ट मर्डर', 1992 में 'मिस बैटीज चिल्डर्स' और 1998 में 'साज' फिल्म में भी उन्होंने अभिनय किया। हुसैन का तबला वादन का सृजन एवं संगीत मनोरंजन एवं व्यावसायिकता के साथ आध्यात्मिकता एवं सृजनात्मकता का आभामंडल निर्मित करने वाला है। उनके भारतीय शास्त्रीय संगीत की साधना एवं तबला वादन का उद्देश्य आत्माभिव्यक्ति, प्रशंसा या किसी को प्रभावित करना नहीं, अपितु स्वान्तः सुखाय, पर-कल्याण एवं ईश्वर भक्ति की भावना है। इसी कारण उनका शास्त्रीय संगीत, एवं तबला वादन स्वरों की साधना सीमा को लांघकर असीम की ओर गति करती हुई दृष्टिगोचर होती है। उनका उनका तबला वादन हृदयग्राही एवं प्रेरक है क्योंकि वह सहज एवं हर इंसान को आत्ममुग्ध करने, झकझोरने एवं आनन्द-विभोर करने में सक्षम है। भगवान शिव की जीवंतता को साकार करने वाला यह महान् कलाकार सदियों तक अपनी शास्त्रीय-संगीत साधना एवं तबला वादन के बल पर हिन्दुस्तान की जनता पर अपनी अमिट छाप कायम रखेगा। 90 के दशक में ताजमहल चाय के 'वाह ताज' विज्ञापन ने उन्हें हर घर में पहचान दिलाई। इस विज्ञापन में चाय की चुस्की लेते हुए उनकी तबला जुगलबंदी के दौरान बोली गई वाह ताज ने ताजमहल चाय को आम लोगों में फेमस कर दिया था। जाकिर हुसैन के तबला वादन की तासीर ही है कि उन्हें सुनते एवं देखते हुए कोई शख्स तनावों की भीड़ में शांति महसूस करता तो किसी के अशांत मन के लिये वह समाधि का नाद होता है। उनका संगीत एवं तबला वादन चंचल चित्त के लिये एकाग्रता की प्रेरणा होता तो संघर्ष के क्षणों में संतुलन का उपदेश। वह एक दिव्य एवं विलक्षण चेतना थी जो स्वयं संगीत एवं तबला वादन में जागृत रहती और असंख्य श्रोताओं के भीतर ज्योति जलाने का प्रयास करती। हर जगह यह बेजोड़ तबला वादक शास्त्रीयता की राह पर चलते हुए भक्ति का एक लोकपथ सृजित करता था, धरती से ब्रह्माण्ड तक, संगीतप्रेमियों से वैज्ञानिकों तक, राजनीतिज्ञों से साधकों तक सबकी नजरें इस अलौकिक एवं विलक्षण तबला वादक पर लगी रहती थी। आधुनिक संदर्भों में शास्त्रीय तबला के मूर्धन्य एवं सिद्ध उपासकों की कड़ी में जाकिर हुसैन का देवलोकगमन होना एक महान संगीत एवं तबला परंपरा में गहरी रिक्तता एवं एक बड़े खालीपन का सबब है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | द्वितिया 10:59 तक |
| नक्षत्र: | पुनर्वसु 24:45 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | मंगलवार |
| योग: | ब्रह्मा, 21:06 |
| सूर्योदय: | 07:11 |
| सूर्यास्त: | 17:22 |
| चंद्रमा: | मिथुन राशि में |
| राहुकाल: | 14:49-16:06 |
| विक्रमी संवत: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | पौष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:56-12:37 |

## जन एक्सप्रेस

**काण्ड भी तमाम !**

*जैसी करनी वैसी भरनी ।*
*खाए खूब मलाई ।।*
*पर आए थे करने ।*
*जनता की भलाई ।।*
*तय मिलना परिणाम ।*
*पेश किया जो काम ।।*
*सत्य है पर लेकिन ।*
*काण्ड भी तमाम ।।*
*एक एक कर चीजें ।*
*बाहर आने वाली ।।*
*हो रहा कुछ सूखा ।*
*थी पहले हरियाली ।।*
*होना था प्रहार ये ।*
*आज नहीं तो कल ।।*
*फंस गई है गाड़ी ।*
*लगता मुश्किल हल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

**एक्सप्रेस स्वास्थ्य**

# क्या विटामिन-डी की कमी के कारण बढ़ सकती है एंग्जाइटी की समस्या



**आज** के समय में लोगों की लाइफस्टाइल में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। हर व्यक्ति आगे निकलने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रहें हैं। समय के साथ काम पर पूरा फोकस करना भले ही आवश्यक हो, लेकिन ऐसे में सेहत को अनदेखा करना बड़ी परेशानी की वजह बन सकता है। काम या पढ़ाई के चलते लोग अपनी डाइट पर ध्यान नहीं देते हैं और वह जंक फूड या कुछ भी खाना खाकर अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। खाना खाने का मतलब केवल पेट भरना नहीं है, डाइट में सही और पर्याप्त पोषक तत्व लेना बेहद आवश्यक होता है। पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व लेने से आपकी इम्यूनिटी बेहतर होती है जिससे आपको रोग होने की संभावना कम होती है। एसेंट्रिक्स डाइट क्लीनिक की डाइटिशियन शिवाली गुप्ता के अनुसार शरीर को नियमित रूप से विटामिन और मिनरल्स की आवश्यकता होती है, जो डाइट से पूरी की जा सकती है।

**क्या विटामिन डी की कमी एंग्जाइटी का कारण बन सकता है?:** एक्सपर्ट के अनुसार विटामिन डी शरीर के सभी कार्यों के लिए आवश्यक होता है। यह व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण होता है। ब्रेन के न्यूरोट्रांसमीटर कहे जाने वाले हार्मोन जैसे की सेरोटोनिन और डोपामिन को विटामिन डी नियंत्रित करता है। जिससे व्यक्ति का मूड बेहतर होता है। साथ ही, उसको इमोशनल समस्याएं नहीं होती है। लेकिन, जब किसी व्यक्ति के शरीर में विटामिन डी का स्तर कम होता है, तो ऐसे में कई तरह के मानसिक विकार जैसे की डिप्रेशन, एंग्जाइटी आदि होने की संभावना बढ़ जाती है।

**कोर्टिसोल हार्मोन:** विटामिन डी का स्तर कम होने से कोर्टिसोल हार्मोन , जिसे ÷स्ट्रेस हार्मोन÷ भी कहते हैं, का असंतुलन हो सकता है। इसका सीधा असर तनाव और एंग्जाइटी का कारण बन सकता है।

**सूजन बढ़ने का खतरा:** विटामिन डी की कमी शरीर में सूजन को बढ़ा सकती है। यह सूजन ब्रेन के उन हिस्सों को प्रभावित कर सकती है, जो तनाव और चिंता को नियंत्रित करते हैं।

**सेराटोनिन का असंतुलन:** विटामिन डी की कमी होने पर ब्रेन के न्यूरोट्रांसमीटर का निर्माण करने वाले कार्य को प्रभावित कर सकता है। विटामिन डी की कमी के कारण सेरोटोनिन का स्तर कम हो सकता है। यह व्यक्ति में अवसाद, चिंता और एंग्जाइटी की वजह बन सकता है। विटामिन डी की कमी से बचने के लिए आप सुबह और शाम की धूप में कुछ देर के लिए अवश्य बैठें। इसके साथ ही, लाइफस्टाइल में योग और एक्सरसाइज नियमित रूप से करें। इससे ब्रेन के फंक्शन में सुधार होता है, जिससे एंग्जाइटी, चिंता, अवसाद और डिप्रेशन दूर होता है। यदि, विटामिन डी ज्यादा कम है तो ऐसे में डॉक्टर की सलाह पर आप सप्लीमेंट्स भी ले सकते हैं।

**एक्सप्रेस विशेष**

# कुंभ का महाविज्ञान-पंच महाभूतों का त्रिगुण संपन्न आधार



**संजय तिवारी**

**शास्त्र कहते हैं, कण कण में भगवान की उपस्थिति है। आधुनिक विज्ञान कहता है, प्रत्येक अणु में इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन, और न्यूट्रॉन की उपस्थिति है। फिर यह कुंभ क्या है और इस कुंभ के भीतर जो अमृत तत्व निर्धारित किया जाता है वह क्या है।**

**सनातन संस्कृति में सृष्टि के आधार कारक स्वरूप तीन देव सुनिश्चित किए गए हैं जिन्हें क्रम से ब्रह्मा , विष्णु और महेश की संज्ञा दी गई है। जन्म के कारक ब्रह्मा जी हैं। जीवन के पोषक विष्णु जी हैं। मृत्यु के देव महेश हैं। आधुनिक विज्ञान के आधार अन्वेषण में प्राप्त इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन के गुणों की विवेचना से स्पष्ट हो जाएगा कि हमारे सनातन शास्त्रों ने प्रकृति और सृष्टि को त्रिगुणी क्यों कहा होगा।**

**प्रयागराज** में संगम का तट पुनः ऊर्जा लिए प्रतीक्षा में है। 12 वर्ष बीत चुके। पृथ्वी, पवन, पानी, आकाश, वायु और अग्नि अपनी अपनी गति से रचना और विलय की यात्रा कर रहे हैं। जो निर्मिति है उसका शोधन होना है। इसी निर्माति में समस्त चराचर जगत है। इस निर्मिति का एक लय है, आधार है, अध्यात्म है, दर्शन है जिसे सनातन मनीषा महाविज्ञान की संज्ञा देती है। यह अद्भुत है। अद्वितीय है। विश्व की किसी सभ्यता के पास इसको समझने की सामर्थ्य नहीं। सनातन भारत की मनीषा ने इसका गूढ़ जान लिया है और सृष्टि के साथ ही इसके संस्कारयुक्त आकार , प्रकार और आयोजनों को स्थापित भी कर लिया है। सृष्टि में पिंड की स्थापना का आधार प्रति बारहवें वर्ष संशोधित और परिमार्जित होता है। यही कुंभ है। सृष्टि के साथ साथ तीर्थ की यात्रा। अमृत घट का रहस्यमय स्वरूप। सृष्टि में तीन लोक। इन तीन में से एक लोक। इस एक लोक में तीर्थराज प्रयागराज । यहां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी का पवित्र संगम। ऐसे संगम तट पर महाकुंभ का अलौकिक समागम । समुद्र मंथन के कुंभ घट से जुड़े इस तीर्थ क्रम में अब तक लाखों पड़ाव बीत चुके हैं। युगों और कल्पों की इस यात्रा में यह संगम स्वरूप भारत के तीन घाटों की यात्रा कर अपनी संपूर्णता में प्रत्येक 12 वर्ष पर प्रयागराज में अवतरित होता है। गंगा , यमुना और सरस्वती के पावन संगम को यह साक्षी मान कर मासोपरांत विदा होता है। पृथ्वी पर उपस्थित मानव जाति इसके मर्म को समझने का प्रयास करती है। सनातन की यह अवधारणा नित प्रति नई व्याख्याओं के साथ आगे बढ़ती जाती है। इस महाकुंभ के आयोजन का आधार सृष्टि के वे ही त्रिगुणात्मक अवयव हैं जिन्हें वेदों ने भी गाया है और गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी। तीन की इस आधार आंकिक योग से इतर इस सृष्टि और पूरे ब्रह्मांड में कुछ भी शेष है ही नहीं। इसी लिए सनातन संस्कृति और इसके समस्त शास्त्रों में सृष्टि और प्रकृति को त्रिगुणात्मक कहा गया है। इस त्रिगुणात्मक स्वरूप की व्याख्या आगे करेंगे लेकिन इसके तीन अंग कितने और किस रूप में व्यवस्थित हैं, उसको समझना जरूरी है। यह कुंभ क्या है? एक घट। यानी घड़ा। अमृत से भरा हुआ घट ही समुद्रंथन से प्राप्त हुआ था। उस घट में विद्यमान अमृत की प्राप्ति की इच्छा ने ही सुर और असुर संघर्ष को जन्म दिया। प्रत्येक 12 वें वर्ष, इस ब्रह्मांड की इस सृष्टि में पृथ्वी पर एक मात्र गंगा, यमुना और सरस्वती का यह संगम स्थल है जहां उस घट की अमृत की कुछ बूंदें यहां प्राप्त हो जाने की संभावना प्रबल रहती है। इन बारह वर्षों की अवधि के भीतर प्रत्येक तीन वर्ष पर यह आंशिक स्थिति हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में बनती है। इसीलिए इन तीन स्थानों पर क्रम से प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल पर अर्ध कुंभ आयोजित होते हैं। कुंभ और इस ब्रह्मांड के संबंधों को भी समझने की जरूरत है। अंड शब्द का आशय एक कोष से है। ऐसा कोष जिसमें जगदनियंता परम ब्रह्म विराजमान हो। ब्रह्म जो अजन्मा है। अविनाशी है। उसी के कोष को ब्रह्मांड कहते हैं। अर्थात ब्रह्मांड में जो है वह ब्रह्म है, अविनाशी है, अमर है। इसीलिए सनातन शास्त्रों ने मनुष्य की व्याख्या करते समय इसे अमृतस्य पुत्राः की संज्ञा प्रदान की है। उस ब्रह्मांड का जो आकार है वह घट जैसा है। ऐसे घट के आकार वाले ब्रह्मांड का ही स्वरूप महाकुंभ अथवा कुंभ का आयोजन भी है। इस कुंभ में भरे हुए अमृत की बूंद पाने को लालायित प्रेमी ही इस आयोजन के भागीदार होते हैं। सनातन संस्कृति में कुंभ अर्थात घट या कलश का बहुत महत्व है। जन्म से मृत्यु तक के सभी शुभाशुभ संस्कारों में कुंभ (कलश) को स्थापित करने के पश्चात् ही देव पूजन कर्म करने का विधान है। कलश या घट ही कुंभ है। ज्योतिष शास्त्र में बारह राशियों में से कुंभ एक राशि भी है। कुंभ का आध्यात्मिक अर्थ है ज्ञान का संचय करना, ज्ञान की प्राप्ति प्रकाश से होती है और कुंभ स्नान, दर्शन, पूजन से आत्म तत्व का बोध होता है। हमारे अन्दर ब्रह्माण्ड की समस्त रचना व्यापत है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 'यत् पिण्डे, तत् ब्रह्माण्डे, तत् ब्रह्माण्डे, यत् पिण्डे', अर्थात् जो मानव पिण्ड में है, वही ब्रह्माण्ड है और जो ब्रह्माण्ड में है, वही मानव पिण्ड में है। कुंभ, 'घट' का सूचक है और घट शरीर का, जिसमें घट-घट व्यापी आत्मा का अमृत रस व्याप्त रहता है। जब कुंभ के आकार वाले ब्रह्मांड की चर्चा करते हैं तो इसके सूक्ष्म स्वरूप से चिंतन आरंभ होता है। सृष्टि में जो भी साकार है उसका निर्माण अणुओं से हुआ है। सनातन संस्कृति में प्रत्येक सूक्ष्म के तीन गुण बताए गए हैं। इसी आधार पर प्रकृति और सृष्टि को त्रिगुणी कहा गया। रज, तम, सत की संज्ञा वाले इन गुणों पर आगे चर्चा करेंगे। अभी इतना संज्ञान में लेना आवश्यक है कि पश्चिम के आधुनिक विज्ञान ने भी सृष्टि के सूक्ष्म को तोड़ कर तीन हो गुण प्राप्त किया है।

# सरकार की ओर से मिले मोबाइल फोन व टैबलेट का करियर निर्माण में सदुपयोग करें छात्र-छात्राएंः अजीत सिंह

■ स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत किसान पीजी कॉलेज में 79 टैबलेट वितरित

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**




शहर के किसान पीजी कॉलेज में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत सत्र 2023-24 के पोस्ट ग्रेजुएट छात्र-छात्राओं को 79 टैबलेट वितरित किए गए। इस टैबलेट वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालेज प्रबंध समिति के सदस्य तथा हुजूरपुर के ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह रहे। उन्हीं के हाथों सभी पात्र छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरित कराए गए। समारोह में मुख्य अतिथि श्री सिंह ने उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की ओर से टैबलेट और मोबाइल फोन उपलब्ध कराने के पीछे सरकार का उद्देश्य आपके अध्ययन को सुगम बनाना है जिससे आप एक सफल नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में सरकार को सहयोग प्रदान कर सकें। उन्होंने इस टैबलेट के सदुपयोग का भी आह्वान किया और मोबाइल फोन टैबलेट वितरण योजना के महत्व को समझाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो.विनय सक्सेना ने की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने और शिक्षा में आधुनिकता लाने के लिए एक बड़ा कदम है। टैबलेट वितरण के नोडल अधिकारी डॉ. तबरेज़ अनीस ने योजना की रूपरेखा और वितरण प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह योजना छात्रों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बेहतर शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार का सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम में मुख्य नियंता डॉ. किशुन बीर और बी.एड. विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ओम प्रकाश सोनी ने भी छात्र छात्राओं को संबोधित किया और डिजिटल शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और उत्साह पूर्वक योजना के तहत टैबलेट प्राप्त किए। छात्रों ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री और कॉलेज प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर रहेगी कैमरे की नजर

■ सीसीटीवी कैमरे से लैस हुए शहर के मुख्य चौराहे, यातायात पुलिस को मिला चालान काटने का अधिकार

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

वर्ष 2024 में माह जनवरी से नवंबर तक कुल 74649 वाहनों का चालान किया गया है। जबकि 607 वाहन सीज किए गए हैं। इन वाहनों से 9,11,79, 490 रूपये की वसूली की गई है।

### यातायात माह में सीज हुए 58 वाहन

अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि नवम्बर माह पुलिस की ओर से अभियान चलाया गया। जिसमें 13241 वाहनों का चालान किया गया। जबकि 1,51, 55, 800 रूपये की वसूली की गई है।

शहर के मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर उसका कंट्रोल रूम पुलिस लाइन में स्थापित कर दिया गया है। ऐसे में अब बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट के वाहन संचालित होने पर ऑनलाइन चालान कट जाएंगे। महाननगरों की तर्ज पर जिले में वाहनों का चालान काटा जाना शुरू किया जा रहा है।

जिले में अभी तक यातायात पुलिस द्वारा मौके पर जाकर वाहनों का चालान किया जा रहा था। लेकिन अब इसमें सुधार किया गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में बहराइच शहर में 24 स्थानों पर 73 सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। जबकि इनका कंट्रोल रूम पुलिस लाइन में स्थापित किया गया है। इन कैमरों की निगरानी में वाहन गुजरेंगे। सीसीटीवी से वाहन गुजरने पर जिन वाहन चालकों में कोई खामी पाई गई तो तुरंत ऑनलाइन चालान कट जाएगा।

अपर पुलिस अधीक्षक रामानंद कुशवाहा ने बताया कि शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरने वाले वाहन चालक जिनके कागजात, हेलमेट, तीन सवारी यात्रा करने या सीट बेल्ट के बिना निकले तो उनके ऑनलाइन चालान कट जाएंगे। उन्होंने बताया कि लखनऊ, बरेली, इलाहाबाद, अयोध्या के तर्ज पर जिले में भी अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि चालान होने पर मोबाइल पर मैसेज भी जाएगा।

# यूरिया खाद के लिए किसान हुए आक्रोशित : राठ में जमकर किया हंगामा

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



राठ कस्बे के रामलीला मैदान के पास स्थित सहकारी क्रय विक्रय समिति में यूरिया खाद प्राप्त करने के लिए किसानों ने जमकर हंगामा किया और सड़क पर जाम लगा दिया। सैकड़ों की संख्या में किसान यूरिया खाद के लिए एकत्रित हुए थे, लेकिन खाद की किल्लत के चलते उन्हें निराशा हाथ लगी, जिसके बाद उन्होंने गुस्से में आकर सड़क पर जाम लगा दिया। किसानों का कहना था कि बुवाई के बाद यूरिया खाद की उन्हें अत्यधिक आवश्यकता थी, लेकिन यहां पर खाद नहीं मिल रही थी। इस पर किसान आक्रोशित हो गए और हंगामा करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक और नायब तहसीलदार वीरपाल सिंह के अलावा कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और किसानों से बातचीत कर स्थिति को संभाला।

नायब तहसीलदार और सीओ राठ ने किसानों को समझाया और यूरिया खाद का वितरण शुरू किया। इस मौके पर किसानों ने प्रशासन से खाद की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि आने वाले समय में ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े। इस दौरान सड़क पर जाम के कारण यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन प्रशासन की पहल से स्थिति शांत हुई और किसानों को खाद मिल सका।

# डीएम ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**जनएक्सप्रेस । हमीरपुर**

हमीरपुर सोमवार की देर रात जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मुख्यालय के नौबस्ता क्षेत्र में अनुसूचित जाति बस्ती में पहुंचकर वहां पर ठंड से बचाव के दृष्टिगत गरीबों को कंबल वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ठंड से बचाव के दृष्टिगत जनपद में सभी पात्र लोगों में शीघ्रता से कंबल वितरित कर दिया जाए इसमें किसी भी तरह की देरी न की जाए । उन्होंने कहा कि वर्तमान में पड़ रही ठंड के दृष्टिगत सभी नगरीय निकायों व अन्य जरूरी स्थलों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जाएं। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने देर रात में जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, ड्यूटी कक्ष सहित अन्य कक्षो/वार्डों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों से हालचाल लिया तथा अस्पतालों द्वारा दी जा रही विभिन्न सुविधाओं यथा डॉक्टरों द्वारा समय से देखने/ इलाज, दवाएं, जांच करने, अस्पताल में दिए जा रहे नाश्ता व भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य सुविधाओं के विषय में फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने ड्यूटी में लगे डॉक्टर तथा नर्सों से भी जरूरी पूछताछ की। कहा कि डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं। डाक्टर व अन्य स्टाफ मरीजों से अच्छा व्यवहार करें। जिला अस्पताल के निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी ने रैन बसेरा का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा उसके संबंध में संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, तहसीलदार सदर एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# 218 खाद्य पदार्थों की जांच में 65 अधोमानक 03 असुरक्षित एवं 01 मिथ्याछाप नमूने मिले

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

अपमिश्रित खाद्य पदार्थों, नकली अधोमानक एवं मिथ्या छाप औषधियों के निर्माण एवं विक्रय की प्रभावी रोकथाम के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारी की जा रही है। इस मामले को लेकर जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष-2024-25 में 1332 निरीक्षण, 151 छापे एवं 262 विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूनें संग्रहित किये गये। वित्तीय वर्ष-2024-25 में 218 खाद्य पदार्थों के जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें 65 अधोमानक, 03 असुरक्षित एवं 01 मिथ्याछाप नमूने पाये गये। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा 108 वाद न्याय निर्णयन अधिकारी के न्यायालय में एवं 02 वाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में दाखिल किये गये। न्याय निर्णायन अधिकारी द्वारा 50 वादों में रू. 483500 का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। पी.डी.एस., एम.डी.एम./ कस्तूरबा गांधी विद्यालय, जिला अस्पताल एवं आई.सी.डी.एस. के कुल 56 निरीक्षण किये गये तथा 60 नमूनें लेकर जांच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया। औषधि निरीक्षक द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 108 निरीक्षण, 10 छापे एवं 118 औषधियों के व 08 कॉस्मेटिक के नमूनें संग्रहित किये गये, 86 नमूनें मानक के अनुरूप पाये गये एवं 04 औषधियां अधोमानक पायी गयी, जिस पर नियमानुसार परिवाद दाखिल कर दिया गया है। डीएम द्वारा बैठक में न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में लम्बित मुकदमों में तीव्र गति से निर्णय हेतु प्रभावी पैरवी के आदेश दिये गये। जिलाधिकारी महोदया द्वारा जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के मेस, प्राइमरी स्कूलों के माध्यान्ह भोजन, जिला अस्पताल, सीएचसी, मेडिकल कालेज के मेसों, आंगनबाडी केन्द्रों पर वितरित किये जा रहे पुष्टाहार की नियमित जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। उन्होनें कहा कि स्कूलों, कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए तथा कैम्पस के अन्दर जागरूकता/ प्रचार-प्रसार सामग्री का वितरण किया जाए एवं पोस्टर लगवाएं जाएं। खाद्य पदार्थों विशेषकर फॉस्ट फूड की सामग्री में रंगों का प्रयोग न किया जाए इस हेतु स्ट्रीट फूड वेण्डर एवं उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाए। घरेलू जाँच के तरीकों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे कि आमजनमानस स्वयं घर पर सामग्री की जांच कर सके। अधिकारी के माध्यम से प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता सम्बन्धी सामग्री प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में दी जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, वाणिज्यकर अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, मण्डी सचिव, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय, औषधि निरीक्षक, समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी, पुरूषोत्तम दास अध्यक्ष, किराना मर्चेन्द्र ऐसोसिएशन, विकास मलानी, महेश कुमार गुप्ता एव विकास जालान व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि एवं औषधि विक्रेता संघ के प्रतिनिधि महेश अग्रवाल सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# धर्म विशेष समुदाय के आतंक से आहत पीड़िता पलायन को मजबूर

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**



- लव जिहाद जैसे मामलों को गंभीरता से नहीं लेती फूलबेहड़ पुलिस
- अगर पुलिस ने सख्ती दिखाई होती तो विपक्षियों की हिम्मत नहीं पड़ती पुत्री को घर से अगवा करने की पीड़िता ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

लखीमपुर खीरी। सन 2024 पीड़िता के उपर काल बनकर टूटा पति का देहांत हुआ पुत्री को धर्म विशेष द्वारा अपने घर रखना छोटी पुत्री से अश्लीलता करना घर से गहने रूपए जरूरी कागज उठा ले जाना पुलिस का कहना ठेका नहीं लिया अगर पुलिस ने सख्ती दिखाई होती तो इस तरह का नाजारा नहीं दिखाई देता पुलिस अधीक्षक खीरी को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता सुनीता ने बताया उसके पति मंशाराम का देहांत 01 अप्रैल 2024 को हो गया था पीड़िता के दो पुत्री व एक पुत्र हैं। पति अपने जीवन में बड़ी पुत्री अंशिका मौर्या का विवाह पंकज कुमार पुत्र बिशुनू रंगीला नगर चौकी रामापुर कोतवाली सदर लखीमपुर-खीरी से किया था शेष पुत्र व पुत्री नाबालिग है।पीड़िता के गांव मुस्लिम बाहुल्य है।पीड़िता का अकेला हिंदू घर है।पति की मृत्यु के बाद से ही मुस्लिम काफी दबाव बनाने लगे तीन बार के पूर्व प्रधान घूरे का पोता इमरान की पीड़िता की बेटियों पर गंदी निगाह थी जिसका परिणाम शादीशुदा पुत्री अंशिका को विपक्षी इमरान 4.अक्टूबर.2024 को घर से उठा ले गया इसमें पीड़िता के दामाद का कोई सहयोग न मिला अकेली पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई तब पुत्री निघासन थाना से बरामद हुई। उसके बाद पुनः पुत्री को अगवा किया गया फिर पुलिस द्वारा पीड़िता की पुत्री अंशिका को लाने में सफल हुई आक्रोशित मुस्लिमों ने अपनी प्रतिष्ठा का सवाल समझते हुए पुत्री अंशिका को 4.अक्टूबर.2024 को पीड़िता के घर मे दोनों पुत्री अकेली थी तभी इमरान, इरशाद,पुत्र नासिर घूरे,पुत्र अज्ञात दानिश अली चुन्नन, अकबर पुत्र अशरफ ग्राम बसहा माफी फूलबहेड जिला खीरी ने घर में घुसकर तांडव मचाया विरोध करने पर नाबालिग पुत्री से अश्लीलता की और घर में घुसकर जरूरी कागजात 35 हजार रुपए जेवर सहित पुत्री अंशिका को तीसरी बार घर से उठा ले गए।दो बार गुमशुदी लिखने वाली पुलिस को आखिरकार दबाव में आकर दिनांक 11. नवंबर.2024 को मु.अ.सं. 0513/ 2024 धारा 76, 351(2), 352, 333, 191(2)9, 10, बीएन एस में मुकदमा दर्ज करने पर मजबूर हुई।पुलिस से शिकायत करने पर पुलिस द्वारा यह कहा जा रहा है कि तुम्हारी पुत्री को पुलिस रोज रोज नहीं ला पायेगी लव जिहाद का गंभीर मामले में अगर पुलिस सखूती कर देती तो विपक्षी दोबारा पुत्री को ले जाते हुए हजार बार सोचते लेकिन घूरे जो तीन प्रधानी कर चुका है 500 बीगहा का जोतकर है। ऐलानियां कह रहा है अभी एक पुत्री को ले गये है दूसरी वाली को भी उठा ले जायेंगे जिससे पीड़िता की छोटी पुत्री इतना भयभीत है।अगर घर के अरीब करीब आहट सुनती है तो कांपने लगती हैं रात में सोते समय आये दिन पुत्री यह चिल्लाती है मम्मी मुझे बचाओ जैसे दीदी को उठा ले गए वैसे ही मुझे उठा ले जायेंगे।भयभीत पीड़िता अपना मकान बेचने को मजबूर हैं।मुस्लिमो द्वारा किए गए घिनौने कृत्य से पीड़िता के परिजन व ससुरालीगण रिश्तेदार दूरी बनाए हुए है अकेली बेवा पीड़िता दर दर भटक रही है।योगीराज में एक हिन्दू परिवार को अकेला समझकर मुस्लिमों द्वारा इस तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है कि पुलिस भी पीड़ित बेवा का किसी तरीके से सहयोग न कर विपक्षियों का मनोबल बढ़ा रही हैं।

श्रीनगर विधानसभा की विधायक एक महिला है जो महिला को यह कहकर फटकार लगाती हैं कि तुम्हारी लड़की रोज-रोज भाग जाती है। पुलिस की भाषा बोलने वाली विधायक भी पीड़िता के बचाव में नहीं उतरी रहा सवाल फिर वही अगर पुलिस ने शक्ति की होती तो विपक्षियों की हिम्मत नहीं होती कि पीड़िता के घर तरफ नज़र उठाकर देख ले योगीराज में ?

# लोहे की रॉड से अधेड़ पर हमला कर की हत्या

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**



सोमवार की देर शाम नगर के काशीराम आवास कॉलोनी में एक युवक ने बांके से प्रहार कर एक अधेड़ को बेदम कर दिया। परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक की पत्नी गुड्डी देवी की तहरीर मिलते ही पुलिस ने उसके तुरंत बाद पुलिस ने आनन फानन में मुकदमा दर्ज कर एक्शन मूड में आ गईद्य और घटना के छहः घंटे बाद गोला पुलिस ने हत्यारोपी को भुसौरिया तिराहे से धर दबोचा, वहीं मृतक की पत्नी गुडडी की तहरीर पर आरोपी के विरुद्व मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा। बता दें कि शहर की पंजाबी कॉलोनी की निकट स्थित काशीराम आवास कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 9 में रह रहे 56 वर्षीय सुरेश गुप्ता का विपक्षी अमन वाल्मीकि के बीच विवाद चल रहा था। सुरेश गुप्ता की बेटी का विवाह मितौली कस्बे में हुआ था। आरोप है कि उनकी बेटी को अमन बाल्मीकि भगा ले गया था। जिसे लेकर सुरेश और अमन के बीच रंजिश बन गई। सुरेश के परिजनों ने बताया कि सोमवार की रात सुरेश कालोनी की गली में खडे थे। तभी मौका पाकर अमन ने उन पर पीछे से गर्दन पर लोहे की राड से हमला कर दिया, अचानक हुए हमले से सुरेश बेदम होकर गिर गया। परिजन घायल सुरेश को सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। हत्या के इस मामले में गोला पुलिस ने केवल छहः घंटो में आरोपी को आलाकत्ल के साथ बरामदगी कर गिरफतार कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी गवेन्द्रपाल गौतम, प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि 17 दिसंबर को करीब साढे पांच बजे हत्यारोपी अमन बाल्मीकि 27 पुत्र रामपाल निवासी गुरुद्वारा के पीछे मिल वाला हाता मुहल्ला कुम्हारनटोला को आलाकत्ल लोहे की पाइप में चेन स्पाकिट लगा हुआ खून आलूदा हथियार के साथ भुसौरिया तिराहे से धर दबोचा। आरोपी के विरुद्व पुलिस थाने में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा है।

### विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से उर्वरक तस्करों का बड़ा खेल

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा। लखीमपुर खीरी।** उर्वरक तस्करों का मकड़जाल भारत नेपाल बार्डर पर बिछा हुआ है जिसमें विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता दिखाई दे रही है। कारवाई के नाम पर खानापूर्ति कर ली जाती है। तस्करों के विरुद्ध न कोई कार्रवाई होती है न कुछ पकड़ा गया उर्वरक कहा से आया कहां जा रहा था और किस किस के विरुद्ध क्या करवाई हुई यह कोई नहीं जान पाता कृषि विकास द्वारा नोटिस तो पकड़ा दी जाती बाद में क्या खेला होता कोई नहीं जान सकता जैसा की 11. दिसंबर.2024 चौकी बंसीनगर थाना पलिया द्वारा आवश्यक कागजात न दिखाने पर उर्वरक की भरी ट्राली रोककर जिला कृषि अधिकारी जनपद लखीमपुर खीरी को सूचित किया गया कृषि विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर ट्राली में सारे पाए गए सामान को सयुक्त रूप से सीज किया गया। जैसे यूरिया क्रभको ब्राड की 150 बोरी (45केजी बोरी) तथा जिनकेटेड बोरोनेटेड एसएसपी उत्सव ब्रांड की 100 बोरी (50केजी/पैकिंग) व जयम फासल ब्रांड की 2 बल्टी तथा क्रॉप बूस्टर ट्राया कांटनाल 0.05ल जी आर पौध विकास नियंत्रक के 16 पैकेट (उकेजी/ पैकिंग)कृषि विभाग की टीम द्वारा उर्वरकों के दो नमूने एवं कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा कृषि रक्षा रसायन का एक नमूना विश्लेषण हेतु गृहीत करते हुए उर्वरक से संबंधित प्रपत्र न दिखा पाने की दशा में जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा सीज किया गया। ट्रैक्टर से संबधित प्रपत्र न दिखा पाने की दशा में ट्रैक्टर को चौकी प्रभारी बशीनगर उपनिरीक्षक श्री सुरेश चंद्र,थाना पलिया द्वारा सीज किया गया।उसके बाद आज एक सप्ताह हो गये न एफआईआर दर्ज हुई न कोई कार्रवाई हुई सिर्फ खेल हुआ।

## एक्सप्रेस खबरें...

### उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाओं के लिए जारी की गई समय-सारिणी

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी (सेकेण्डरी फारसी/अरबी), आलिम (सीनियर सेकेण्डरी फारसी/अरबी) परीक्षा वर्ष-2025 की परीक्षा कार्यवाही से सम्बन्धित समय-सारणी निर्गत की गई है। यह जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि समय-सारणी के अनुसार छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन-पत्र सम्बन्धित मदरसे के माध्यम से मदरसा पोर्टल पर भरे जाने की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 निर्धारित की गयी है। जबकि चालान के माध्यम से राजकोष में परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 28 दिसम्बर 2024 है। श्री मिश्र ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा आवेदन फार्म 13 से 31 दिसम्बर 2024 तक भरे जायेंगे। सभी मदरसों को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित समयसारिणी के अनुसार परीक्षा सम्बन्धी कार्यवाही ससमय पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

### अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षकों हेतु आवेदन आमंत्रित

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवशेष अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षकों की रिक्तियों के सापेक्ष तीरन्दाजी, नेटबाल, टेबुल टेनिस, तलवारबाजी, जिम्नास्टिक, बैडमिन्टन, वुशू, टेनिस, तैराकी बास्केटबाल, भारोत्तोलन, स्कवैश, शूटिंग, ताइक्वांडो खेलों में अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षकों की रिक्तियों पर तैनाती हेतु सेवायोजन पोर्टल क माध्यम से सेवाप्रदाता फर्म मेसर्स टी.एण्डएम. सर्विसेज कन्सल्टिंग प्रा.लि., दहीसार, मुम्बई द्वारा 14 खेलों में अंशाकालिक मानदेय प्रशिक्षकों हेतु आवेदन करने के लिए सेवायोजन पोर्टल पर 14 दिसम्बर 2024 से रिक्तियां प्रदर्शित होगी। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 21 दिसम्बर 2024 निर्धारित है। इच्छुक व्यक्ति जेम पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं तथा अधिक जानकारी हेतु इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने दी।

### जेएनवी प्रवेश परीक्षा 18 को वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं प्रवेश पत्र

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. योगेश चन्द्र द्विवेदी ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 06 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को जनपद बहराइच में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। डॉ. द्विवेदी ने प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं के अभिवकों को जानकारी दी है कि सीबीएसईआईटीएमएस डाट आरसीआईएल डाट जीओवी डाट इन से प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने सात वर्षीय बालक को मारी ठोकर मौत

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** मिहिपुरवा। नगर पंचायत के बाईपास रोड तहसील से दरोगापुरवा जाने वाली सड़क पर अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने सोमवार सुबह लगभग 8 बजे 7 वर्षीय बालक तरहनं बेग पुत्र मानू बेग को ठोकर मार दी थी। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। ठोकर मार कर बाइक सवार फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल बालक को इलाज के लिए सीएससी मिहिपुरवा पहुंचाया। जहां उसका इलाज हुआ। लेकिन हालत गंभीर होते देखा चिकित्सक ने उसे इलाज के लिए बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार न होता देख मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने उसे लखनऊ रिफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। घर में लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।

### कार की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** नगर के नई बाईपास पर स्कूल से घर लौट रही एक 7 वर्षीय बालिका कार की चपेट में आने से घायल हो गई। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नगर के मोहल्ला मथुरागनर निवासी रामअवतार की 7 वर्षीय पुत्री दिव्यांशी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में पढती थी। मंगलवार को वह छुट्टी के बाद अपनी मां के साथ घर वापस लौट रही थी। बताते हैं कि इसी दौरान नवीन बाईपास पर एक कार की चपेट में आने से वह गंभीर घायल हो गई। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बेसिक शिक्षा विभाग को जनता को गुमराह करने में का महारथ हासिल

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** बेशिक शिक्षा विभाग सरकार तथा जनता को गुमराह करने में माहिर हैं जैसा कि विकास खण्ड फ़ूलबहेड के हकीम पुरवा अल्पसंख्यक गांव में 2013 में प्राथमिक विद्यालय का निर्माण प्रधान अध्यापक कुसमु रही की तैनात सावित्री देवी ने कराया था।मानक विहीन घटिया सामग्री से बना हुआ विद्यालय हकीम पुरवा धरासाशी होने के कगार पर है विद्यालय में बनी चार दीवारी तथा शौचालय टूट कर धराशाही हो चुके है परन्तु बेसिक शिक्षा विभाग के अफसर जानते हुए निर्माण प्रभारी अवर अभियंता पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है जब विद्यालय घटिया सामग्री का बना था तब अवर अभियंता ने कैसे विद्यालय को पास किया था चर्चा है कि इस विद्यालय में भारी-भरकम घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया था और अवर अभियंता ने मोटी रकम ले करके विद्यालय को पास किया था इस विद्यालय में आजकल जानवर घुसकर गंदगी फैलाते है तथा बेसिक शिक्षा विभाग के अफसर निर्माण प्रभारी पर तथा अवर अभियंता पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है। और जो दो चार कमरे बने हुए हैं वह भी टूटने के कगार पर है ऐसा न हो किसी दिन विद्यालय का लिंटर फटकरके गिर सकता है।इस विद्यालय के प्रधान अध्यापिका पूजा ने विद्यालय की सूचना खण्ड शिक्षा अधिकारी व बीएस ए खीरी को दे चुकी है परन्तु आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तथा गांव के लोग ईंटे भी गायब करने लगे हैं।

### मांगों को लेकर दिया गया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** प्रांतीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ उ के अनुपालन में लखीमपुर इकाई द्वारा 6 सूत्रीय ज्ञापन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी को दिया गया है। प्रांतीय संघ के निर्देशानुसार लखीमपुर खीरी जिले के समस्त आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से हाथ पर काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने का चिकित्सीय सेवा प्रदान करते हुए निर्णय लिया। प्रांतीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ ने प्रमुख सचिव आयुष से मूलभूत समस्याओं और उचित मांगों पर संज्ञान लेते हुए समाधान की दिशा में उचित निर्णय लेने का निवेदन किया गया है।

### इग्नू अध्ययन केन्द्र पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** इग्नू अध्ययन केंद्र प्रवेश प्रारंभ प्रक्रिया शुरू हो गई है इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केन्द्र में बीए, बीकाम, एमए (हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, ग्रामीण विकास, छःमाह के विभिन्न सर्टिफिकेट कोर्स व एक वर्षीय डिप्लोमा जैसेः आपदा प्रबन्धन, ग्रामीण विकास, अनुवाद, खाद्य एवं पोषण आदि के आनलाइन प्रवेश शुरू हो गये हैं। जिसके लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन कर छात्र प्रवेश लिया जा सकता है। जिनके इण्टर में 40 प्रतिशत से कम अंक है, इण्टर प्राइवेट है या गैप इयर है। छात्रों को पाठ्य सामग्री (पुस्तकें) इग्नू द्वारा निःशुल्क प्रदान की जायेंगी। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को बीए जनवरी-2025 सत्र के लिए स्नातक एवं परास्नातक कार्यक्रमों में अगली कक्षा में प्रवेश के लिए रि-रजिस्ट्रेशन के लिए भी ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू है। जिसकी अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित है। पाठ्यक्रम से सम्बंधित समस्त जानकारी विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर देखी जा सकती है।या केंद्र के समन्वयक डॉ अरूण कुमार सिंह के मोबाइल 9452153002 पर संपर्क कर सकते हैं।

### गुमशुदा व्यक्ति का करीब 6 सप्ताह बाद मिला छत विक्षत शव

**जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी।** गुमशुदा व्यक्ति का मंगलवार सुबह चिरकुआ गांव के निकट जंगल में झाड़ियों में एक युवक का छतविक्षत शव मिला। सूचना पर पहुँची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक 70 वर्षीय रामदयाल चार नवम्बर को खेत पर गए थे शाम को वापस न आने पर परिवार वालो ने पता लगाने की कोशिश की पर वो नही मिले परिवार वालो ने सिंगाही थाने में तहरीर देकर दी थी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी मंगलवार को कठठेईया जंगल में काफी दुर्गंध आ रही थी। लोगों ने जाकर देखा तो पूरा शरीर किसी जंगली जानवर ने खा लिया था। शव का चेहरा भी पहचाना नहीं जा रहा था। मौके पर पहुंचे मृतक के पुत्र महेश दीवाकर ने मृतक के पहने कपड़े व रामदयाल के रूप में शिनाख्त की। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गुमशुदा व्यक्ति का शव मिला है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा।

# गोरखपुर में राप्ती नदी बनी डॉल्फिन का नया ठिकाना

## 15 से ज्यादा डॉल्फिनों की हुई पुष्टि संरक्षण का प्रयास ला रहा रंग

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

गोरखपुर की राप्ती नदी गंगा डॉल्फिन के लिए नया ठिकाना बन चुकी है। शांत वातावरण और साफ पानी के कारण डॉल्फिन की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। हालिया सर्वे में 15 से ज्यादा डॉल्फिन देखी गई हैं, जो यहां के अनुकूल माहौल की पुष्टि करती हैं।



### रामघाट और नौवा अव्वल के पास मिला बसेरा

राप्ती नदी के रामघाट और नौवा अव्वल गांव के पास डॉल्फिन का मुख्य ठिकाना है। 2022 में पहली बार चिड़ियाघर और वन विभाग की टीम ने यहां डॉल्फिन देखी थी, जिसके बाद इन्हें आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। तब से संरक्षण प्रयासों के चलते इनकी संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

### राप्ती का पानी डॉल्फिन के लिए अनुकूल

चिड़ियाघर के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि राप्ती नदी, गंगा की सहायक नदियों में से एक है और इसका पानी डॉल्फिन के प्रजनन के लिए बेहद अनुकूल है। बहाव के साथ यहां पहुंची डॉल्फिन को शांत और सुरक्षित माहौल मिला, जिसकी वजह से उन्होंने यहीं डेरा जमा लिया।

### पानी साफ होने से डॉल्फिन को मिला ठिकाना

वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर धीरज कुमार सिंह के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में राप्ती नदी का पानी साफ हुआ है, जो डॉल्फिन के रहने के लिए आदर्श स्थिति है। डॉल्फिन आमतौर पर सूर्योदय के समय पानी की सतह पर नजर आती हैं, जब उन्हें आसानी से देखा जा सकता है।

### संरक्षण के प्रयासों से सुधर रहा पर्यावरण

डॉल्फिन की बढ़ती संख्या यह दर्शाती है कि राप्ती नदी का पारिस्थितिकी तंत्र सुधार की ओर है। यह न सिर्फ पर्यावरण के लिए शुभ संकेत है, बल्कि गोरखपुर और आसपास के इलाकों में पर्यटन को भी बढ़ावा दे सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह स्थिति बनी रही तो आने वाले वर्षों में डॉल्फिन की संख्या और बढ़ेगी।

# डीएम ने की पीसीएस परीक्षा सकुशल संपन्न कराने हेतु समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में 22 दिसंबर को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज के महत्वपूर्ण एवं प्रतिष्ठापरक परीक्षा सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा की तैयारियों के दृष्टिगत आवश्यक बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने

परीक्षा को शांतिपूर्ण, सकुशल, कदाचारमुक्त एवं सफल क्रियान्वित करने के साथ साथ सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराए जाने हेतु सभी सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही प्रतिष्ठित परीक्षा है। इसे पूर्ण सुचिता के साथ सम्पन्न कराया जाना है कोई समस्या ना हो उसका विशेष ध्यान रखें। आने वाले हर परीक्षा में कुछ चैलेंजर्स होते हैं जिसके लिए हम सभी को तैयार रहना है इसी क्रम में उन्होंने उपस्थित सभी मजिस्ट्रेटों को आयोग की दिशा निर्देशों का अक्षरशः अध्ययन कर लिए जाने का



निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में 3168 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे । इसके दृष्टिगत ट्रैफिक की समस्या पर भी ध्यान देना होगा तथा कैंडिडेट के सत्यापन में कोई संदेह न हो इसको भी चेक कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने आयोग द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि व अधिकारी द्वारा परीक्षा के दौरान आने वाली समस्याओं तथा बारीकियों से अवगत कराते हुए कहा कि सभी मजिस्ट्रेट गण परीक्षा के दिन प्रातः 07.00 बजे अपने आईडी के साथ परीक्षा स्थल पर पहुंचेंगे, तथा कैंडिडेट का आईडी के साथ प्रवेश पत्र देख कर ही प्रवेश कराएंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक परीक्षा स्थल पर दो पुरुष एवं दो महिला पुलिस की तैनाती रहेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा शुरू होने के 45 मिनट पूर्व ही प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दो पालियों में होने वाली इस परीक्षा में यही क्रम रहेगा। परीक्षा दौरान सिल बुकलेट के खोलने से लेकर वितरण सहित एब्सेंट कैंडिडेट के संबंध में,एम आर शीट भरने की प्रक्रिया,वेरिफिकेशन सीट भरने,वीडियो रिकॉर्डिंग,सहित अन्य सभी जानकारी देते हुए पेपर शीट पोस्ट करने तक की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेश पटरिया, समस्त उप जिलाधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित समस्त सेक्टर स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित सभी केंद्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय लल्लू के नेतृत्व में किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। तमकुहीराज, कुशीनगर**

नेशनल हाईवे-727 बी के निर्माण में अधिग्रहीत की जाने वाली किसानों की जमीन व जद में आ रहे मकानों के मुआवजे को लेकर तमकुहीराज तहसील क्षेत्र अंतर्गत आधा दर्जन गांवों के सैकड़ों किसानों ने मंगलवार को पूर्व विधायक अजय लल्लू के नेतृत्व में एसडीएम सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

तमकुहीराज से बिहार के पचंदवरी होते हुए यूपी के देवरिया जनपद से होकर बनारस जाने वाले नेशनल हाइवे-727 बी के निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने के बाद हाईवे की जद में आने वाले तमकुही तहसील क्षेत्र के किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किए जाने की प्रक्रिया जोर पकड़ रही है। मगर, अब भी किसानों में मुआवजे को लेकर संशय है। उनका कहना है कि अब तक इस मामले में न तो उनके साथ प्रशासन की तरफ से बैठक की गई और न ही उन्हें जमीन व मकान के बदले मिलने



वाले मुआवजे की जानकारी दी गई है। किसानों का कहना है कि तहसील प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मिलकर किसानों की भूमि को औने पौने दामों पर अधिग्रहित कर रहे हैं, जिससे किसानों और व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है। किसानों ने बताया कि उनके भूमि अधिग्रहण के लिए सरकार द्वारा निर्धारित उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है, और किसानों को डराकर उनकी सहमति ली जा रही है। किसानों की मांग है कि अधिग्रहित जमीन को कामर्शियल एवं आवासीय किया जाएं, भूमि अधिग्रहण कानून के तहत सर्किल रेट के चार गुना मुआवजा दिया जाएं, संयुक्त रूप से पैमाईश कर काश्तकारों की कितनी भूमि है स्पष्ट हो। किसान से भूमि किस दाम पर ली जा रही स्पष्ट बताया जाये तथा जो मकान तोड़ा जाएं उसका मुआवजा निर्धारित हो। पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू ने कहा कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव, अन्याय को कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रशासन नहीं चेता तो हम सड़कों पर उतरेंगे। इस दौरान प्रभु गुप्ता, रामप्रताप, हरिकेश सिंह, राम अवध चौहान, ऐनुल हक, उमेश कुशवाहा, अमरनाथ ठाकुर, जुगुल ठाकुर आदि लोग उपस्थित रहे।

# फेसबुक का प्यार थाने पहुंचा

- बिहार की युवती प्रेमी शादी करने पहुंची शहर, परिवार ने किया मना तो सुसाइड की दी धमकी

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

गोरखपुर के खजनी इलाके में एक अजीबो-गरीब प्रेम कहानी सामने आई है। जहां फेसबुक पर शुरू हुआ प्यार थाने तक पहुंच गया। बिहार की एक युवती ने खजनी के युवक से शादी करने का मन बना लिया, लेकिन जातिगत कारणों से युवक के परिवार ने इस रिश्ते को स्वीकार करने




से मना कर दिया। इस पर युवती ने आत्महत्या की धमकी दी और खजनी थाने पहुंच गई।

### परिवार ने किया विरोध तो युवती ने दी आत्महत्या की धमकी

दरअसल, पंकज यादव नाम के युवक और बिहार की रहने वाली युवती की मुलाकात फेसबुक और इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। दोनों के बीच प्यार पनपने के बाद युवती खजनी आ गई। हालांकि, युवक के परिवार ने रिश्ते को लेकर विरोध किया, क्योंकि युवती अनुसूचित जाति से थी। परिवार वालों के शादी से इनकार करने पर युवती ने चाकू निकालकर आत्महत्या की धमकी दी और पुलिस से मदद मांगी।

### पुलिस ने की समाधान की पहल

पुलिस ने दोनों को बालिग मानते हुए उन्हें आपस में बातचीत करने की सलाह दी और मामला सुलझाने की कोशिश की। थानाध्यक्ष सदानंद ने बताया कि दोनों को समझाया गया कि वे आपसी सहमति से इस मुद्दे को सुलझाएं। फिलहाल, युवक के परिवार में इस रिश्ते को लेकर गुस्सा है, और युवक की मां गुस्से में लड़की को कोस रही थीं।

# केएमसी के फिजियोथेरेपी विभागाध्यक्ष दसवें अंतरराष्ट्रीय फिजियोथेरेपी सम्मेलन में हुए सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**

जनपद के केएमसी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के फिजियोथेरेपी विभागाध्यक्ष डॉक्टर धनन्जय कुशवाहा को एम्स दिल्ली में आयोजित दसवीं अंतर्राष्ट्रीय फिजियोथेरेपी सम्मेलन मे सम्मानित किया गया । आपको बता दे कि मुख्य अतिथि के रूप मे पैरा-एथलेटिक्स कोच डॉक्टर सतपाल सिंह ने फिजियोथेरेपी फील्ड में डॉक्टर धनन्जय कुशवाहा के असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया । प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय फिजियोथेरेपी सम्मेलन फिजियोथेरेपी के नवाचार और विकास के लिए आयोजित किया जाता है । जिसमे देश और विदेश के फिजियोथेरेपी प्रोफेशनल्स भाग लेते है । देश के जाने



फिजियोथैरेपिस्ट इस कार्यक्रम मे अपने अनुभव से सभी का अवगत कराते है । लागातार चिकित्सा के क्षेत्र मे फिजियोथेरेपी की उपयोगिता के को देखते हुयें और नये फिजियोथैरेपिस्टों के उत्साहवर्धन के लिए इस तरह के कार्यक्रमो का संचालन किया जाता है । केएमसी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल मे भी इस विभाग ने विभागाध्यक्ष डॉ धनन्जय कुशवाहा के नेतृत्व मे नित्य नये आयाम को स्थापित किया है । अपने विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से फिजियोथेरेपी के विकास और लोगो के बीच इसके जागरूकता के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा है । इन सभी कार्यो को देखते हुयें इस बार एम्स दिल्ली में आयोजित दसवीं अंतर्राष्ट्रीय फिजियोथेरेपी सम्मेलन मे केएमसी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के फिजियोथेरेपी विभागाध्यक्ष डॉ धनन्जय कुशवाहा को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम मे डॉ ए एस मूर्ति विभागाध्यक्ष बर्न और प्लास्टिक सर्जरी,डॉ. प्रभात रंजन विभागाध्यक्ष न्यूरो फिजियोथेरेपी विभाग एम्स एवं आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ अनुराग ने डॉ धनन्जय कुशवाहा का उत्साहवर्धन किया तथा नित्य नये आयाम स्थापित करने हेतु अपनी शुभकामनायें दी ।

# किसान मेले में कृषि विभाग ने ओम प्रकाश गुप्ता को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। कसया कुशीनगर**

जनपद के तमकुहीराज रामलीला मैदान में कृषि विभाग द्वारा चार दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया गया। जिले में गन्ने की वैज्ञानिक खेती के प्रति कृषकों को जागरूक करने, गन्ने के साथ सहफसली खेती का फोटो ग्राफ दिखाकर गांव-गांव में आयोजित कृषक प्रशिक्षण गोष्ठियों में कृषकों की आय बढ़ाने, गन्ने की उत्पादन लागत को कम करने तथा कृषकों को उत्तर प्रदेश एवं दक्षिण भारत भेज कर गन्ना अनुसंधान द्वारा किए जा रहे शोध तकनीक प्रयोगशाला से किसानों के खेतों पर पहुंचाकर गन्ने की उत्पादकता में वृद्धि



करने चीनी उत्पादन बढ़ाने के लिए विगत 37 वर्षों से जिले में कृषकों को जागरुक कर रहे हैं,जिसका सकारात्मक परिणाम कृषकों को मिल रहा है।

चार दिवसीय विराट किसान मेला में उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर द्वारा गन्ना कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश गुप्ता फोटोग्राफ दिखाकर गन्ने के साथ आलू ,प्याज , लहसुन , गोभी ,टमाटर ,गेहूं , धनिया, मटर, आदि के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। गन्ना प्रदर्शनी को देखकर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही , विधायक सुरेंद्र कुशवाहा विधायक डॉक्टर वसीम चौधरी ने ओम प्रकाश गुप्ता के कार्यों की सराहना की उप कृषि निदेशक कुशीनगर आशीष कुमार ने ओम प्रकाश गुप्ता को प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया । इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी विधायक प्रतिनिधि कुशीनगर राजू राय भूमि संरक्षण अधिकारी तथा भारी संख्या में किसान उपस्थित थे ।बताते चलें इसके पहले भी ओम प्रकाश गुप्ता को करनाल हरियाणा में सम्मानित किया गया है गोरखपुर में कृषि मंत्री द्वारा उनके कार्यों को देखकर सम्मानित किया जा चुका है।

# जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर 22 दिसंबर को आयोजित होगी पीसीएस-2024 प्रारंभिक परीक्षा

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

आगामी 22 दिसंबर को जनपद में प्रस्तावित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा के परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित गांधी सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा के निर्बाध, शुचितापूर्ण, सकुशल एवं पारदर्शी संचालन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए।




जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 22 दिसंबर को जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी, जिसमें कुल 8640 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के निष्पक्ष एवं सफल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए 21-21 सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 10 आरक्षित सेक्टर मजिस्ट्रेट/स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। इस बार की परीक्षा में सीसीटीवी कैमरों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकी का भी प्रयोग किया जा रहा है। एआई आठ तरह के अलर्ट उपलब्ध कराएगा।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा संचालन के दौरान पारदर्शिता एवं सख्ती का समुचित अनुपालन किया जाए। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतत् भ्रमणशील रहते हुए प्रत्येक परीक्षा केंद्र का बारीकी से निरीक्षण करें। सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना अनिवार्य है तथा समस्त परीक्षा केंद्रों पर वीडियोग्राफी सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश के पूर्व सघन तलाशी के उपरांत ही अनुमति दी जाए।परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो स्टेट मशीनों का संचालन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी प्रकार की कुशासनात्मक गतिविधि अथवा परीक्षा को बाधित करने वाले कारकों पर कठोर नियंत्रण स्थापित किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आश्वस्त किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए जाएंगे। परीक्षा की शुचिता एवं गरिमा को किसी भी स्थिति में भंग नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस बल तैनात रहेगा और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्रनाथ चौधरी, वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल पांडेय, समस्त उप जिलाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

यूपी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 से 4:30 तक होगी। इसके लिए कुल 21 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। राजकीय महाविद्यालय इन्दूपुर गौरीबाजार रूद्रपुर रोड देवरिया, बाहर सिंह श्रीनेत इंटर कॉलेज रूद्रपुर रोड देवरिया, लाला करम चन्द्र थापर इंटर कॉलेज गोरखपुर रोड बैतालपुर, सतासी इंटर कॉलेज रूद्रपुर, शहीद राम चन्द्र इंटर कॉलेज बसंतपुर धूसी तरकुलवा, शिवाजी इंटर कॉलेज खुखुन्दू सलेमपुर रोड देवरिया, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज औरा-चौरी गोरखपुर रोड देवरिया, जनता इंटर कॉलेज रामपुर कारखाना, अशोक इंटर कॉलेज डुमरी चौराहा रामपुर कारखाना, जनता इंटर कॉलेज सोनूघाट चौराहा देवरिया, अभयानंद शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज भलुअनी, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज जलकल रोड निकट मेडिकल कॉलेज देवरिया, बाबा राघव दास इंटर कॉलेज न्यू कॉलोनी देवरिया, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज कोतवाली रोड देवरिया, बीआरडी पीजी कॉलेज पूरवां चौराहा जीआई स्टेट गोरखपुर रोड देवरिया, एसएसबीएल इंटर कॉलेज गोरखपुर रोड देवरिया, महाराजा अग्रसेन बालिका इंटर कॉलेज कोतवाली रोड विजय टॉकीज देवरिया, दीनानाथ पाण्डेय राजकीय महिला पीजी कॉलेज सीसी रोड उमानगर देवरिया, गंगा प्रसाद इंटर कॉलेज मझगांव कतरारी रोड मझगांव और संत विनोबा पीजी कॉलेज न्यू कॉलोनी परीक्षा केंद्र के रूप में शामिल हैं।

# जनपद में गेंदे के फूल की खेती से खुलेगा किसानों की समृद्धि का द्वार

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

जनपद में गेंदे की खेती किसानों के लिए समृद्धि की एक नई राह बन रही है। अपनी सुंदरता और बहुउपयोगिता के कारण गेंदा फूल न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों का हिस्सा है, बल्कि औद्योगिक उपयोग में भी इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। शादी-विवाह, मंदिरों में चढ़ावे और अगरबत्ती निर्माण में इसकी उपयोगिता ने इसे किसानों के लिए एक लाभकारी फसल बना दिया है। वर्तमान समय में मंदिरों, तीर्थ स्थलों, धार्मिक-सामाजिक आयोजनों में गेंदे के फूल की अच्छी खासी मांग है जिसे पूरा करने के लिए जनपद में गेंदे के फूल की आपूर्ति वाराणसी, लखनऊ एवं अन्य निकटवर्ती जनपदों से हो रही है। जनपद में लगभग 95 प्रतिशत फूल बाहर से आयात किया जा रहा है।

जनपद के भाटपाररानी विकास खंड क्षेत्र के ग्राम बहोरवा निवासी किसान रविशंकर की कहानी इसकी मिसाल हैं। उन्होंने उद्यान विभाग की अनुसूचित जाति/जनजाति (राज्य सेक्टर) योजना का लाभ उठाते हुए 0.20 हेक्टेयर में गेंदे की खेती की। विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन और सहायता से उन्होंने 12 से 14 हजार रुपए के निवेश से खेती शुरू की। उनकी फसल इतनी अच्छी हुई कि उन्हें करीब एक लाख रुपये से अधिक की आय हुई है। रविशंकर का कहना है, उद्यान विभाग की योजनाओं और समय-समय पर मिली सलाह से खेती में सफलता मिली है। कम लागत में इतना



मुनाफा सोचा भी नहीं था।

जिला उद्यान अधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि जनपद की जलवायु गेंदे की खेती के लिए अनुकूल है। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफे वाली फसलों की ओर प्रेरित किया जाए। गेंदे की खेती से जनपद के किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं और यह फसल उनकी आय को कई गुना बढ़ाने में सक्षम है। अभी 19 किसान गेंदे की व्यवसायिक खेती कर अपनी आय बढ़ा रहे हैं।

गेंदे के फूलों की बढ़ती मांग एवं जनपद की अनुकूल जलवायु और सरकारी सहयोग से यहां के किसान एक नई दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त कर रहा है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा कर रहा है।

## जिला जज,सीजीएम, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज।** मंगलवार को जिला जज, जिलाधिकारी अनुनय झा,सीजीएम व पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना द्वारा जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान जेल के बैरक,मेस व जेल परिसर की साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्यायों को सुना गया व मौजूद सभी जेल कर्मियों को सख्त हिदायद दिया गया कि उनसे जो भी अपेक्षित है समस्त कार्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा व सही तरीके से करें । किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि या अवांछनीय तत्व न पाये जाये, इसके लिए जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान जेल पुलिस,प्रशासनिक व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सीएम योगी के जिले में विकास की राह देख रहे चिल्लूपार कच्छरांचल के बाढ़ग्रस्त गांव

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

प्रदेश की योगी सरकार जहां विकास की बड़े बड़े दावे कर रही है और और निरंतर एक्सप्रेस वे फोर लाइन सिक्स लाइन का निर्माण हो रहा है जिससे सुगमता से आगमन हो सके वहीं कुछ गांव ऐसे हैं जहां विकास कार्य धूमिल सा दिखाई पड़ रहा है ऐसा ही जीता जागता उदाहरण गोरखपुर के दक्षिणांचल स्थित विकास खण्ड बड़हलगंज, चिल्लूपार के कच्छरांचल ग्रामसभा सिधेगौर में गोहना, बेल्थर व सिधेगौर राजस्व ग्राम है । रामजानकी मार्ग से गोहना तक जाने वाली सड़क बुरी हालत में है। इस सड़क की मरम्मत के लिए फण्ड स्वीकृत होने के बाद भी मरम्मत का कार्य आज तक नहीं हो पाया ।

गोरखपुर जिले में स्थित विकास खण्ड बड़हलगंज चिल्लूपार कच्छरांचल छोर रामजानकी मार्ग सिधेगौर से गोहना तक जाने के सड़क की हालत बहुत ख़राब है , सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल है। जगह-जगह सड़क पर गड्ढे बने हुए हैं और सड़क खाई में तब्दील हो गई है । जिसमें दोपहिया-चारपहिया वाहनों को मुश्किलों का सामना तो करना ही पड़ रहा है, पैदल चलने वाले राहगीर भी आए दिन गिरकर घायल हो रहे हैं। जनप्रतिनिधियों के अनुसार सड़क मरम्मत के लिए बजट जारी किया जा चुका है। सम्बंधित विभाग के खाते में धन आ भी चुका है लेकिन अभी तक मरम्मत कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।

ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान गुरुचरन यादव ने कहा कि राजस्व ग्राम सिधेगौर, गोहना, बेल्थर में पुलिया का निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है क्योंकि बाढ़ के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण सड़कों का कटान होता रहता है जिसके कारण सड़क कट कर बह जाती है अगर जगह-जगह पुलिया का निर्माण हो जाता तो पानी पुलिया के रास्ते बह जाता जिससे सड़क सुरक्षित बची रहती ग्राम प्रधान ने बताया कि सीधेगौर में पुलिया का निर्माण लगभग एक वर्ष से हो रहा है कार्य की गति धीमी होने के कारण अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है ।



# अभियोजन कार्यों की बैठक में जिला मजिस्ट्रेट ने आपराधिक मामलों में न्यायालय में प्रभावी पैरवी का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के डीएम जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को अभियोजन कार्यों एवं शांति व्यवस्था की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित अभियोजन कार्यों एवं शांति व्यवस्था की मासिक बैठक में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं के कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने महिला, बाल अपराधों एवं जघन्य आपराधिक मामलों में लोअर कोर्ट एवं सेशन कोर्ट में प्रभावी ढंग से पैरवी किए जाने एवं सजा दिलाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुकदमों में निर्धारित तिथि पर ही गवाही कराया जाए। उन्होंने वन विभाग के मुकदमों, खाद्य विभाग के मुकदमों में भी प्रभावी पैरवी के किए जाने का निर्देश संबंधित को दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, योगेश कुमार, समस्त एसडीएम, क्षेत्राधिकारी, अभियोजन अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नाले पर रखे गये लोहे के खोखों को नगर निगम ने कराया जब्त

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** भावना स्टेट सिकंदरा के पास से गुजर रहे नाले पर अवैध रुप से रखे गये आधा दर्जन से अधिक खोखों के कारण नाले की सफाई व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हो रही थी। यहां पर असमाजिक तत्वों का जमावड़ा होने की शिकायत भी नगर निगम आईजीआरएस पर की गई थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए नगर निगम प्रवर्तन दल ने आज दोपहर जेसीबी की सहायता से चार खोखों को ध्वस्त कर दिया जबकि तीन को जब्त कर लिया। वहीं पर ठेलधकेल पर सामान बेच रहे दुकानदारों पर पॉलीथिन पाये जाने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। कार्रवाई में जेडओ अवधेश कुमार , सीएसएफआई इकबाल और प्रवर्तन दल ने भाग लिया। इसके अलावा गांधी नगर में भी कार्रवाई कर अवैध रुप से रखे गये दो दर्जन से अधिक खोखों को हटवाया गया।

# तुलसीपुर नगर में शुरू की गई अलाव की व्यवस्था

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में तहसील मुख्यालय तुलसीपुर नगर पंचायत में बढ़ते ठंडक को देखते हुए नगर के प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था शुरू की गई है ।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर, थाना परिसर, रेलवे स्टेशन तथा कलश चौराहा, बस स्टॉप, मिल चुंगी नाका सहित अन्य सार्वजनिक स्थानो पर मरीजों के तीमारदारों, राहगीरों एवं यात्रियों के लिए अलाव जला कर शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत अध्यक्षा प्रतिनिधि अदनान फिरोज ने बताया कि ठंडक और आने वाले दिनों मे कोहरे को देखते हुए नगर पंचायत द्वारा नगर के प्रमुख स्थानों जहाँ पर भीड़ भाड़ ज्यादा होती है उन स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है। इस अवसर पर डॉ निशा गुप्ता, फार्मासिस्ट रमाकांत, संजीव पंकज शुक्ला, फ़राज़ तालिब, रइस, सूर्य दीप, सभासद लइक अंसारी, अब्दुल कुद्दूस, रंजन बिट्टू, सन्त्री सरदार, मुशाहिद अली, थाना प्रभारी अशोक सिंह एवं समस्त थाना स्टाफ व नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ‘अजेय मंजरी’ पुस्तक का हुआ विमोचन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के उभरते साहित्यकार एवं आशु कवि डॉ0 अजय वर्मा %अजेय% के दूसरे नवीन काव्य संग्रह %अजेय मंजरी% का विमोचन %सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर% के नवीन सभा कक्ष में किया गया।समाधि बाबा कुटिया के महंथ परमानंद दास की गौरवमयी उपस्थिति में नवीन सभा कक्ष का मंत्रोच्चार के बीच उद्घाटन किया गया तदुपरांत पुस्तक-विमोचन का कार्यक्रम हुआ। सरदार पटेल स्मारक पी.जी.कॉलेज लारपुर के प्रबंधक कमला प्रसाद वर्मा ने डॉ0 अजय वर्मा को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के उप प्रधानाचार्य के दायित्व का कुशलता के साथ निर्वहन करते हुए अजय वर्मा %अजेय% द्वारा 2 व्यक्तिगत काव्य संग्रह एवं 20 साझा काव्य संग्रहों में कविताएं लिखकर साहित्य के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करना विद्यालय और क्षेत्रवासियों के लिए गौरव की बात है।पूर्व प्रधानाचार्य डॉ0 राम उजागिर वर्मा ने पुस्तक विमोचन एवं नवीन सभा कक्ष के उद्घाटन की बाधाई एवं शुभकामना प्रेषित की तथा %अजेय मंजरी% काव्य संग्रह से %जीवन एक सफर है बस चलते जाना है% शीर्षक वाली कविता का पाठ भी किया। सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर के प्रबंधक डॉ0 नंदलाल चौधरी ने विद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए डॉ0 अजय वर्मा के प्रथम काव्य संग्रह %जीवन के रंग अजेय संग% पर राज्यपाल द्वारा प्रशंसात्मक पत्र प्राप्त किए जाने पर भी बधाई दी।प्रधानाचार्य संदीप वर्मा ने नवीन सभा कक्ष के उद्घाटन एवं पुस्तक विमोचन पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामना प्रेषित की।पुस्तक के लेखक डॉ0 अजय वर्मा ने बताया कि %अजेय मंजरी% काव्य संग्रह मजदूर,नोन रोटी,श्री राम के किरदार से,डॉ0 भीमराव अंबेडकर,गौतम बुद्ध, आदि शीर्षकों से युक्त कविताओं का एक गुलदस्ता है।इस अवसर पर सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष कपिल देव वर्मा एवं मंत्री पारसनाथ चौधरी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक,कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने पर महापौर ने लगाई फटकार

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने मंगलवार को भगवान टाकीज चौराहा, दयालबाग और सरलाबाग क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। वह सुबह सात बजे ही निरीक्षण के लिए शहर में निकल गईं। सूचना मिलते ही नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। महापौर को भगवान टाकीज चौराहे पर शराब गंदगी मिली तो उन्होंने जिम्मेदारों को फटकार लगाई। महापौर ने भगवान टाकीज चौराहे पर ओवरब्रिज के नीचे क्षतिग्रस्त फुटपाथ को रिपेयर कराने और चौराहे पर उचित साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद में वह दयालबाग रोड की ओर रवाना हो गईं। यहां पर उन्होंने सड़क पर सफाई कर रहे सफाईकर्मी से बात की। सरलाबाग में पहुंचते ही क्षेत्रीय पार्षद व क्षेत्रीय लोगों ने महापौर का स्वागत किया और अपनी समस्याओं के बारे में भी बताया। महापौर ने कहा कि पूरे शहर में स्वच्छता कार्य में लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# आजादी के महा नायक राजेंद्र नाथ लहड़ी को बलिदान दिवस पर किया गया नमन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में मंगलवार को क्रांतिकारी विचार धारा मोर्चा ने आजाद पार्क में महान क्रान्तिकारी आजादी के महानायक अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लहड़ी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठी का आयोजन नमन किया ।

जानकारी के अनुसार 17 दिसंबर को अमर शहीद राजेंद्र नाथ लहड़ी के बलिदान दिवस कार्यक्रम में गोष्ठी को संबोधित करते हुए मोर्चा के संयोजक अध्यक्ष डॉ राकेश चंद्रा ने कहा काकोरी कांड के और दक्षिण में अंग्रेजों पर बम कांड के मास्टर माइंड मां भारती के वीर सपूत राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को आज ही के गोंडा जेल में फांसी दी गई थी । युवाओं को अपने देश के महान वीर क्रांतिकारियों के विषय में जानना चाहिए तथा उनसे प्रेरणा लेना चाहिए । राजेंद्र नाथ लाहिड़ी का अवतरण 1901 तत्कालीन बंगाल के पावना जिले के मोहनपुर गांव में हुआ था । इनके पिता क्षितिमोहन लाहिड़ी भी एक देशभक्त क्रांतिकारी थे । मां का नाम बसंत कुमारी था। राजेंद्र नाथ लाहिड़ी फांसी से कुछ समय पहले कसरत किया स्नान किया, गीता पाठ किया, जिसे देखकर अंग्रेज भी हैरान थे । इनका साहस और दृढ़ता देखकर उन्होंने कहा कि मैं मरने नहीं जा रहा, मै पुनर्जन्म लेकर पुनः मां भारती के सेवा करूंगा और फिर हंसते हंसते वन्देमातरम के उदघोष के साथ फांसी के फंदे को चूम लिया और शहीद हुए । डॉ राकेश चंद्रा ने कहा कि 17 दिसंबर 1927 को गोंडा जिला कारागार में राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को फांसी दी गई थी । आज ही के दिन 17 दिसंबर 1928 को महान क्रांतिकारी अमर शहीद सरदार भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव ने लाला लाजपतराय की हत्या के आरोपी सांडर्स का वध किया था, इसलिए आज के दिन का महत्व और बढ जाता है। गोष्ठी में बोलते हुए विहिप के जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है । देश के इन्हीं महान क्रांतिकारियों के शहादत से भारतवर्ष को गुलामी से मुक्ति मिली है । हमे उनके बलिदान को याद करते हुए देश के लिए अपना यथा शक्ति योगदान देना चाहिए । कार्यक्रम को विहिप के विभाग मंत्री सुबीर श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए अपनी श्रद्धांजली अर्पित किया । कार्यक्रम में चंदन, लक्ष्मण, धनीराम, राम अचल, सुभाष, राधे श्याम व मालिक राम मौर्य सहित अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## संभव दिवस में आये फरियादियों की समस्याएं हल करने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** नगर निगम कार्यकारिणी हॉल में मंगलवार को आयोजित संभव दिवस में नौ लोगों ने अधिकारियों को ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

अध्यक्षता कर रहे अपर नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार तिवारी ने सभी समस्याओं को त्वरित हल कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। रेलवे लाइन के बराबर सिंधी कालोनी अशोक नगर के रविंद्र आजाद का कहना था कि उनके मोहल्ले में प्रॉपर सफाई न होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चारों तरफ गंदगी होने से दुर्गंध के कारण जीना मुहाल है। क्षेत्रीय सफाई कर्मी सुनाता नहीं है। इस पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी को तुरंत कार्रवाइ कर सफाई व्यवस्था को ठीक करने के निर्देश दिये गये। वार्ड 27 बाग मुजफ्फर खां के विनय जैन ने क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को सही कराने और राम सेवक जीवनी मंडी ने मकान के क्षतिग्रस्त होने पर गिरने की संभावना जताते हुए कार्रवाई की मांग की।

# एलआईसी म्यूचुअल फंड ने आगरा में नई शाखा की शुरुआत की

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



भारत की प्रतिष्ठित एसेट मैनेजमेंट कंपनियों में शामिल एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (एलआईसी एएमसी) ने 17 दिसंबर, 2024 को उत्तर प्रदेश के आगरा में एक नई शाखा की शुरुआत की। एलआईसी एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रवि कुमार झा ने 507 बी, फिफ्थ फ्लोर, बिजनेस स्क्वायर, संजय पैलेस, आगरा, उत्तर प्रदेश -282002 में स्थित शाखा का उद्घाटन किया। यह इस क्षेत्र में अपनी पहुंच बढ़ाने और निवेशकों को बेहतर वित्तीय सेवाएं प्रदान करने की दिशा में कंपनी की ओर से उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। म्यूचुअल फंड के एवरेज एसेट्स अंडर मैनेजमेंट के मामले में उत्तर प्रदेश छठा सबसे बड़ा राज्य है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के नवंबर 2024 के आंकड़े के मुताबिक उत्तर प्रदेश का कुल एएयूएम 3.19 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया। आगरा की शाखा के साथ एलआईसी एएमसी ने उत्तर प्रदेश में पांच शाखाएं जोड़ ली हैं। एलआईसी एएमसी के एमडी और सीईओ रवि कुमार झा ने इस मौके पर कहा, उत्तर प्रदेश में उल्लेखनीय आर्थिक वृद्धि दर्ज की गई है और आगरा को इसका काफी लाभ मिला है। यही वजह है कि स्थानीय लोग बेहतर निवेश विकल्प की तलाश में हैं। म्यूचुअल फंड को निवेश के एक तरजीही माध्यम के तौर पर काफी अधिक स्वीकार्यता मिल रही है और इस तरह हमारा लक्ष्य निवेशकों को बेहतर रिटर्न के लिए उनकी बचत को म्यूचुअल फंड में लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। आगरा जैसे टियर-2 और छोटे शहरों में लोग ऑफलाइन मौजूदगी, फिजिकल ब्रांच और पर्सनलाइज्ड सर्विस को काफी महत्व देते हैं। हालांकि, उन्हें फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स के बारे में काफी अधिक जानकारी है लेकिन वे उनके लिए ज्यादा उपयुक्त सलाह और व्यक्तिगत सपोर्ट मांग सकते हैं और इसे पूरा करके हम उनके साथ लंबे समय का रिश्ता बनाना चाहते हैं।

## फुटपाथ पर सजाई कबाड़ की दुकान, जुर्माना

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** फुटपाथों को घेरकर आम नागरिकों के लिए परेशानी खड़ी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नगर निगम अभियान चला कर कार्रवाई कर रहा है। फतेहाबाद रोड बसई मंडी सौ फुटा पर सड़क किनारे कबाड़ का सामान बेच रहे तीन लोगों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। नगर आयुक्त के निर्देश पर फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते समय एसएफआई योगेन्द्र कुशवाह को फतेहाबाद सौ फुटा रोड पर कबाड़ का काम करने वाले तीन दुकानदार फुटपाथ घेर कर कबाड़ बेचते हुए मिले। इस पर दुकानदार अचल सिंह, राकेश और विनोद चालान की कार्रवाई की गई। यहीं पर दुकानदारों पर प्रतिबंधित पॉलीथिन पाये जाने और गंदगी करने पर चालान की कार्रवाई कर सात हजार आठ सौ रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने फतेहपुर, उत्तर प्रदेश में नए बैंकिंग आउटलेट के साथ अपनी पहुंच का किया विस्तार

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) को फतेहपुर, उत्तर प्रदेश में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह विस्तार वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और फतेहपुर के निवासियों को आवश्यक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस लॉन्च के साथ, बैंक के देश भर में 1008 और उत्तर प्रदेश राज्य में 213 बैंकिंग आउटलेट हो गए हैं।

विस्तार पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, फतेहपुर में हमारा नया बैंकिंग आउटलेट उत्तर प्रदेश में हमारे नेटवर्क को मजबूत करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने समृद्ध इतिहास और मजबूत सामुदायिक संबंधों के लिए जाना जाने वाला फतेहपुर राज्य का एक अभिन्न अंग है। यह क्षेत्र कैक्टस गार्डन और अद्वितीय कालिका माता मंदिर जैसे ऐतिहासिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। इस आउटलेट का उद्घाटन फतेहपुर की गतिशील और तेजी से बढ़ती आबादी का समर्थन करने और इस बढ़ते शहर में विकास को बढ़ावा देने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

बैंक के द्वारा अपने ग्राहकों को तमाम तरह के वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान कराई जाती हैं जिनमें सेविंग और करेंट अकाउंट्स, फिक्स्ड डिपाजिट और रेकरिंग डिपाजिट जैसी सेवाएं शामिल हैं। ग्राहकों की आर्थिक महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, बैंक कई तरह के लोन उत्पाद- जैसे हाउसिंग लोन, बिजनेस लोन और संपत्ति के एवज में लोन उपलब्ध कराती है।

बैंक के पास बहुत ही अच्छा बैंकिंग आउटलेट इंफ्रास्ट्रक्चर है, डिजिटल बैंकिंग की सुविधाएं और एटीएम का नेटवर्क है जिससे बैंक अपने ग्राहकों को हर तरह की सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम है। इसके अलावा बैंक दूसरे तरह की सुविधाएं जैसे इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और काल सेंटर की सेवाएं भी उपलब्ध कराती है।

**उत्तर रेलवे**

**सूचना।**

[illegible] गति-शक्ति मल्टी-मोडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) [illegible] आमंत्रित करता है। [illegible]

1. [illegible](APG). [illegible]
2. [illegible](HRPG) [illegible]
3. [illegible]

[illegible] गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल पॉलिसी 2022 के [illegible]

1. गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो (जीसीटी) टर्मिनल [illegible] (अनुसूची – 1)
2. गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो (जीसीटी) टर्मिनल पूर्ण/आंशिक रूप से रेलवे भूमि पर (अनुसूची – 2)।

विस्तृत जानकारी और ईओआई दस्तावेज दिनांक 19.12.2024 से 09.01.2025 तक नीचे दिये गए लिंक से प्राप्त और डाउनलोड किया जा सकता है– https://nr.indianrailways.gov.in [illegible]

[illegible] ईओआई [illegible] erdomlko@gmail.com पर 10.01.2025 तक भेजें।

वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक
लखनऊ, उत्तर रेलवे

3880/24

आपकी सेवा में मुस्कान के साथ

# फ्लैट्स पर शतप्रतिशत करारोपण का कर्मचारियों को देना होगा प्रमाणपत्र

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

नगर निगम की आय में वृद्धि और कर वसूली को लेकर नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने कड़ा रुख अपनाया हुआ है। नगर स्थित सभी मल्टीपल अपार्टमेंट में बने फ्लैटों पर शतप्रतिशत कर आच्छादित करने के निर्देश दिये गये हैं। कर निर्धारण के कार्य में लगे सभी जोनल अधिकारी,राजस्व निरीक्षक और कर अधीक्षकों को इस बात का प्रमाणपत्र भी देना होगा कि उन्होंने सभी भवनों पर शतप्रतिशत करारोपण किया है। 25 दिसंबर के उपरांत नगर आयुक्त स्वयं इसकी समीक्षा करेंगे।

नगर निगम द्वारा पहली बार मल्टीपल अपार्टमेंट में बने फ्लैट्स को कर के दायरे में लाया जा रहा है। टैक्स विभाग की टीम लगातार मल्टीपल अपार्टमेंट का सर्वे कर उनमें बने फ्लैट्स पर कर का निर्धारण कर रही है। अपर नगर आयुक्त द्वितीय सत्येंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि अभी तक चिन्हित 220 अपार्टमेंट में 15204 फ्लैट चिंहित किये गये हैं। इनमें से 8975 पर कर का निर्धारण किया जा चुका है। इसके अलावा जो भवन किसी वजह से कराच्छादित होने से शेष रह गये हैं उन पर भी कर का निर्धारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फ्लैट्स पर करारोपण कर रहे सभी कर्मचरियों को स्पष्ट रुप से निर्देशित किया जा चुका है कि उन्हें शतप्रतिशत फ्लैट्स पर करारोपण संबंधी प्रमाणपत्र भी देना होगा। कार्य में लापरवाही पाये जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई तय है। अपर नगर आयुक्त ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि अपने अपार्टमेंट में बने फ्लैट के स्वामित्व से संबंधित सभी अभिलेख नगर निगम के जोनल कार्यालय अथवा राजस्व निरीक्षक को उपलब्ध करा दें जिससे कर निर्धारण करते समय किसी प्रकार की त्रुटि न हो। उन्होंने कहा है कि जो फ्लैट स्वामी स्वामित्व से संबंधित अभिलेख समय से निगम को उपलब्ध नहीं कराएंगे नगर निगम अधिनियम के अनुसार चूंकि गृहकर सम्पत्ति कर श्रेणी में आता है इसी के अनुसार संपत्ति के नंबर और भवन संख्या के अनुसार कर का निर्धारण कर दिया जाएगा।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के बाबू हरिकांत स्मारक बल भारती इंटर कालेज में मेधावी छात्र-छात्राओं सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार बाबू हरिकांत स्मारक बाल भारती इंटर कॉलेज मे मेधावी छात्र छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय, विशिष्ट अतिथि जनपद के वरिष्ठ सर्जन विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा0 प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की उपस्थित मे किया गया। कालेज प्रबंधक डा0 देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कालेज की उत्तरोत्तर प्रगति पर चर्चा की। प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा0 प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कालेज आज उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के साथ साथ छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अनुशासन एवं अपनी क्षमता व निष्ठा के बल पर कोई भी कार्य किया जा सकता है। अपने संबोधन मे मुख्य अतिथि प्रोफेसर जे0पी0 पांडे ने कहा कि कालेज के छात्र छात्राएं जिस उच्च स्तरीय पठन पाठन एवं अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रहे है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। कालेज के प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं बधाई के पात्र है। उप सचिव दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आज कालेज शिक्षा के साथ रोजगार परक कार्यक्रम चला रहा है। यहा के अनेको छात्र चिकित्सक, इन्जीनियर, शिक्षक, प्रशासनिक क्षेत्रो मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। कार्यक्रम मे एमएलकेपीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डा0 राजीव रंजन, भाजपा नेता डी0पी0 सिंह बैस व डा0 राकेश चन्द्र श्रीवास्तव सहित अन्य कई विशिष्ट जन उपस्थित हुए। प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया। सम्मान पाने वालो मे महक चौहान, कोमल पांडेय, खुशी सूर्यवंशी,सलोनी गुप्ता, काजल मिश्र, अरीबा, चंदन चौहान, सुहानी, मुमतहा, अनोखी तनीषा, अरचिता, रूची, मुस्कान पंकज, शिवा, करन चौहान, दिव्याशु को मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अनीता चौहान, उमा पांडेय, नूतन श्रीवास्तव, वंदना सिंह, अंशुल, साक्षी पांडेय, संचित राम वर्मा, मनीष कुमार, राकेश कुमार द्विवेदी, बृजेश कुमार, सौरभ श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

# देश के भविष्य नन्हे मुन्ने बच्चे भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में करेंगे स्थापित : सी.डी.ओ



- डॉ एपीजे अब्दुल कलाम पब्लिक स्कूल में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकत्सव आरंभ
- मुख्य विकास अधिकारी रहे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल सिंह ने बुके देकर किया स्वागत

**जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार**

पीलीभीत। भारतवर्ष की संस्कृति कर्म प्रधान है और नन्हे मुन्ने बच्चे ध्वजवाहक हैं हमारी समृद्धशाली गौरवपूर्व शानदार विरासत के और निश्चित रूप से यह बच्चे भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित करेंगे यह विचार मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह द्वारा व्यक्त किये गए।

बताते चले की सोमवार को डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम पब्लिक स्कूल में धूमधाम से वार्षिकोत्सव % आरम्भ % आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मुख्य विकास अधिकारी पीलीभीत के के सिंह ने बच्चों की प्रस्तुति की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा आराधना के साथ हुआ। साथ ही इसके कक्षा एक तथा तीन के बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कक्षा 6 तथा 8 के बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य नगाड़े संग ढोल बाजे ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### दर्शन मंत्रमुग्ध होकर ताली बजा रहे थें।

कक्षा 8 के बच्चों ने रोबोट नृत्य से दर्शकों को खूब हंसाया। पंजाबी तथा हरियाणवी नृत्य ने वहां की लोक संस्कृति को सजीव कर दिया। वार्षिकोत्सव में नगर के प्रमुख सर्जन डॉक्टर पी डी सिंह ने बच्चों को डॉक्टर अब्दुल कलाम जी के पग चिह्नों पर चलने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉक्टर एस के मित्रा, अंचल गुप्ता, श्रीमती चारु धवन, राजेंद्र धवन, डॉक्टर शान्तनु सिंह, जितेंद्र चौधरी, शालिनी, पुष्पा, विनीता माहेश्वरी, दिव्या, पूनम सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहें। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए मुख्य विकास अधिकारी ने सफल आयोजन हेतु विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर को अनिल कुमार सिंह को बधाई दी।






पीएनसी कक्षा के नन्हे मुन्ने बच्चों ने चक धूम धूम गीत पर प्रस्तुति दे दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। कक्षा 2 के बच्चों ने शिव तांडव की प्रस्तुति से अलौकिकता का वातावरण बना दिया कक्षा चार के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत गीत नाटिका ने दर्शकों को भावुक कर वाह वाही लूटी वही कक्षा 6 के बच्चों ने आरंभ है प्रचंड है, की प्रस्तुति से यह बता दिया कि यह सफलता का आरंभ कितना प्रचंड हैं। वहीं मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल सिंह ने समस्त उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद किया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अंजू सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका तनिष्का तथा सोनम, सोनांली, अंकिता, समीक्षा, आरती, आसिफा, शीतल, अनुकूल, लीना, साधना, वंदना आदि का विशेष सहयोग रहा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की ग्यारहवीं बैठक हुई सम्पन्न



पुलिस एवं परिवहन विभाग को ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए बैठक में पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी सदर, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग, एनएचएआई के अभियंता, मोर्थ के प्रतिनिधि, संभागीय निरीक्षक प्राविधिक, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, यातायात पुलिस निरीक्षक इत्यादि उपस्थित रहे।

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में वर्ष 2024 में जिला सड़क सुरक्षा समिति की ग्यारहवीं बैठक कलेक्टेउ्ट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में गन्ना परिवहन करने वाले वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला गन्ना अधिकारी एवं चीनी मिल प्रबंधको को निर्देश दिए कि किसी भी वाहन ट्रक, ट्राला एवं ट्रैक्टर ट्रालियों में किसी भी हालत में गन्ने का ओवर हाइट एवं ओवरलोड परिवहन ना किया जाए साथ ही गन्ना परिवहन करने वाले वाहनों के स्वामियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिस एवं परिवहन विभाग को गन्ने के ओवरलोडिंग ओवरहाइट परिवहन कर रहे वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

बरखेड़ा में नोबेल चीनी मिल कोच गन्ना आपूर्ति करने वाले वाहन मुख्य मार्ग पर खड़े रहने के संबंध में जिला गन्ना अधिकारी को वाहन खड़े करने हेतु यार्ड की व्यवस्था कराई जाने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। सड़क निर्माण संस्थाओं के अधिशासी अभियंताओं को कोहरे की दृष्टिगत सभी मार्गों पर सफेद पट्टी, रंबल स्ट्रिप इत्यादि का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। पीलीभीत-माधोटांडा क्षेत्र में वन क्षेत्र में निर्धारित गतिसीमा में ही वाहन चलाने के चेतावनी बोर्ड लगाने एवं उक्त क्षेत्र में ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई हेतु एआरटीओ को निर्देशित किया।

पीलीभीत पूरनपुर मार्ग पर हरदोई ब्रांच नहर पर निर्माणाधीन पुल का कार्य एवं आसाम चौराहे पर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के कार्य में तेजी लाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया, जिस पर उन्होंने बताया दोनों कार्य अगले तीन माह में पूर्ण हो जाएंगे।

जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त प्रमुख चौराहों पर 100 मीटर के अंतर्गत किए गए समस्त प्रकार के अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए, ताकि यातायात सुगमता से संचालित हो सके एवं दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

## 20 घर वनवासी आवास बिजली, पानी से वंचित बोले ग्रामीण

# आवास न होने से नहीं हो रही शादी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जफराबाद। सरकार के द्वारा लगातार गरीबों के लिए तरह तरह की योजनाएं चलाई जा रही है,जिससे गरीब तबके के लोगों को उसका लाभ मिल सकें। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गरीबों के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना तरह की योजनाएं है। लेकिन इसका लाभ गरीबों को नही मिल पा रहा है। ताजा मामला सिरकोनी क्षेत्र के कोतवाल गांव का है। जहां पर 20 घर वनवासी जाति के है। इनको अभी तक सरकार की किसी भी योजनाओं का लाभ नही मिला।ये 20 घर के लोग अंधेरे में अपना जीवन यापन करने के लिए मजबूर है। इनके पास नाही आवास है, नाही, उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर मिला, ना ही विधुत कनेक्शन है।

गांव की लक्ष्मीना वनवासी का कहना है कि सरकार की तमाम योजनाएं चल रही है लेकिन हम सभी लोग इससे वंचित है। हम लोग कई वर्षो से अपना जीवन यापन इसी गांव में कर रहे है हमारे बुजुर्ग भी इसी गांव के थे जिनकी मृत्यु हो गयी है।अंधेरे की वजह से रात भय लगता है।

गांव की विद्या देवी का कहना है कि सरकार तो तमाम योजनाएं चला रही है। लेकिन उसका लाभ हमको नही मिल रहा है। हम अपना दुःख दर्द किससे कहने जाएं कोई सुनने वाला नही है।

गांव की संगीता देवी का कहना है कि आवास न मिलने की वजह से हम लोगों के घर पर कोई शादी करने के लिए तैयार नही है।कोई भी शादी के लिए आता है तो कहता है कि शादी होगी तो लड़कीं को कहा रोखोगे।वही पर ग्राम प्रधान जटा शंकर यादव का कहना है कि जमीन पर भूमिधरी थी जिसको हमने डीएम से मिलकर अवगत कराया और जमीन को स्थान्तरण कराया और उसर, हो गयी इन लोगों का फार्म भरा गया है। जैसे भी होगा इनको आवास मिल जाएगा। कई बार अधिकारियों से बात की गई बिजली कनेक्शन के लिए वो लोग पैसे की डिमांड कर रहे है।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल कढेर चौराहा के नगर अध्यक्ष होंगे अवधेश भारद्वाज– जिलानी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष एम ए जिलानी ने जिला उपाध्यक्ष अनुज खंडेलवाल की संस्तुति पर कढेर चौराहा निवासी प्रमुख समाज सेवी भारद्वाज खाद भण्डार के स्वामी अवधेश भारद्वाज को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की कढेर चौराहा इकाई का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है ज़िला अध्यक्ष ने नव मनोननीत नगर अध्यक्ष अवधेश भारद्वाज को बधाई देते हुए उनसे अपेक्षा की है की वो व उनकी टीम संगठन व व्यापारी हित्तो के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे, व्यापारिक समस्याओं मे हमेशा व्यापारी के बीच नज़र आएंगे ।ज़िला अध्यक्ष ने नगर अध्यक्ष को निर्देशित किया है की वे 10 दिन के अंदर अपनी पूर्ण कार्यकारिणी का गठन कर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कराये। अवधेश भारद्वाज ने नगर अध्यक्ष का दायित्व दिए जाने पर ज़िला नेतृत्व का आभार प्रकट किया और आश्वास्त किया की वे पूर्ण निष्ठा के साथ व्यापारी हितों के प्रति सर्वदा समर्पित रहेंगे अवधेश भारद्वाज को कढेर चौराहा का अध्यक्ष मनोनीत होने पर ज़िला चेयरमैन अनिल महेद्रु, ज़िला संरक्षक प्रकाश वीर, ज़िला महामंत्री पंकज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विक्रम सिंह, विक्रांत मिश्रा, अनुज खंडेलवाल, रणवीर पाठक, सुधीर पाल सिंह, शेर सिंह, राशिद अंसारी, शैली शर्मा, आशीष लोधी, प्रदीप शुक्ला, रवि जैसवाल, परवेज़ खान, सलमान रिज़वान सिद्दीक़ी सहित तमाम व्यापारियों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इज़हार किया।

# मामूली विवाद को लेकर कहासुनी मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

मामूली विवाद को लेकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव महेशापुर निवासी कमलेश पुत्र वसंत लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसका भाई गौरव महेशापुर से बिहारीपुर हीरा जाने वाली सड़क पर खड़ा था तभी गांव निवासी अरविंद अपनी बाइक पर गन्ने का अंगोला लादकर घर जा रहा था। जोकि गौरव को लग गया और वह गिर गया। उसने उठकर पीआरवी 112 पर फोन करने का प्रयास किया

तभी उसका मोबाइल तोड़ दिया और घर से देवेन्द्र, भजन लाल, सतीश को बुला लिया।

सभी ने मिलकर गौरव के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अरविंद, देवेन्द्र, भजन लाल, सतीश निवासी महेशापुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। कोतवाली

प्रभारी दिगंबर सिंह ने बताया कि मारपीट विवाद को लेकर कहासुनी मारपीट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# ठंड पड़ने के कारण दिव्यांग वृद्ध की हुई मौत पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



मंगलवार को ठंड पड़ने के कारण एक दिव्यांग वृद्ध की मौत हो गई इसकी सूचना पुलिस को दी गई हालांकि पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

इस समय सुबह शाम पड़ रही ठंड से दिव्यांग बृद्ध की मौत हो गयी। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। दुगीपुर बड़गवां निवासी आलोक सिन्हा पुत्र रविन्द्र सिन्हा 60 प्राईबेट बस स्टैंड के निकट शराब भट्टी के सामने दिव्यांग अपने रिक्से पर पान मसाला बेचकर गुजर बसर कर रहा था। रिक्से पर ही पन्नी डालकर उसने आसियाना बना लिया। उसी पर रात्रि में सोता था। वह रोजाना की भांति शराब भट्टी के सामने शाम को अपने रिक्से पर सो गया। रात्रि में पड़ी ठंड के कारण उसकी मौत हो गयी। बृद्ध दिव्यांग के कोई भी बच्चा व पत्नी नहीं है। उसने अपनी बहन को अपने घर में रख लिया था लेकिन बहन उसे घर में नहीं रहने दे रही थी। वह रिक्सा पर ही रातें बिताता था। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली। पुलिस ने शव को सील कर पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# बागपत पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले

**जन एक्सप्रेस । बागपत**

पुलिस लाइन में मंगलवार सुबह पुलिस के अभ्यास के दौरान छोड़े गए आंसू गैस के गोलों ने निवाड़ा गांव के लोगों की हालत खराब कर दी। इसमें निवाड़ा गांव में बच्चों समेत 50 से अधिक लोगों की हालत बिगड़ गई और स्कूल की छुट्टी कर दी गई। इसको लेकर निवाड़ा गांव के लोगों ने हंगामा किया।

निवाड़ा गांव के रहने वाले शब्बीर अली, सलीम, रियाज, फरीद आदि ने बताया कि मंगलवार की सुबह पुलिस लाइन में अभ्यास कराया गया।

इसमें आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए।

इसके थोड़ी देर बाद ही गांव का वातावरण खराब हो गया और सभी लोगों को खांसी उठने, आंखों में जलन होने की समस्या बन गई।

# जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्रेशन कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा विकासखण्ड बदलापुर के ग्राम पंचायत देनुआ के पंचायत भवन में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलदार, लेखपाल, पंचायत सहायक सहित संबंधित समस्त को निर्देशित किया कि उक्त ग्राम के समस्त किसानों का फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कर दिया जाये। उन्होने निर्देश दिया कि किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री के संबंध जागरूक करें। तहसीलदार बदलापुर को निर्देश दिया गया कि उक्त ग्राम पंचायत में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की स्थिति के सम्बन्ध में अवगत कराएं। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए तथा पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड ऑनलाइन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कल भी कैंप लगाकर किसानों का ई केवाईसी कराया जाए तथा फार्मर रजिस्ट्री की जाए।

इस अवसर पर तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निर्माणाधीन एकेडमी ब्लाक व बालिका छात्रावास का किया औचक निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

मंगलवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने आज कस्तूरबां गांधी बालिका विद्यालय खमरिया पुल के पास ललौरीखेडा के निर्माणाधीन एकेडमी ब्लाक व बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मैपलेआउट के माध्यम से जानकारी ली गई। जिसकी कुल लागत रू. 4 करोड़ 18 लाख है। निर्माणाधीन एकेडमी ब्लाक व छात्रावास के कराये जा रहे कार्यों की प्रगति देखी। निरीक्षण के दौरान प्रयोग की जा रही ईंटों, मोरंग व सीमेन्ट की गुणवत्ता परखी गई। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश देते हुये कहा कि निर्माण कार्य में अतिरिक्त लेबर लगाकर कार्य में तेजी लाई तथा समय से पूर्ण कराया जायें। समस्त कार्यों को मानकों के अनुरूप कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जाये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, कार्यदायी संस्था के अधिकारी/ कर्मचारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने ठंड के दृष्टिगत देर रात अलाव व्यवस्था एवं रैन बसेरा का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने ठंड के दृष्टिगत कल देर रात शहर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण कर अलाव व्यवस्था एवं रैन बसेरा तहसील सदर व केजीएन का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने नकटादाना, गौहनिया चौराहा, रेलवे स्टेशन, छतरी चौराहा, नौगवा चौराहा, बस स्टैण्ड व बरेली गेट के पास सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर अलाव व्यवस्था देखी गई। इस दौरान अलाव व्यवस्था के सम्बन्ध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि नियमित अलाव व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इसके उपरान्त उन्होंने तहसील सदर एवं केजीएन रैन बसेरा की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरे रूके हुये



लोगों/मुसफिरों से बातचीत की और व्यवस्थाऐं के बारे में जानकारी ली। रैन बसेरे में रूके हुये लोगों द्वारा रैन बसेरे की व्यवस्थाओं की प्रंशसा की। उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति बाहर खुले में पाए जाये तो उसे तत्काल रैन बसेरे में पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि./रा., नगर मजिस्टेउ्ट, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार, सफाई नायक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मेरठ में बड़े उद्योगपति व भाजपा नेताओं के घर आयकर विभाग का छापा

**जन एक्सप्रेस । मेरठ**

मेरठ में बड़े उद्योगपति और भाजपा नेताओं के घर आयकर टीम ने छापेमारी की है। टीपीनगर थानाक्षेत्र में सुबह-सुबह मेरठ आयकर विभाग की टीम विश्वकर्मा बिल्डर्स के यहां पहुंची है।

### तीन साझेदारों के यहां कार्रवाई

टीम ने विश्वकर्मा बिल्डर्स के तीनों पार्टनर कमल ठाकुर, प्रदीप गुप्ता उर्फ पिंकी और संजय जैन के यहां छापा मारा गया है। टीम अभी कार्रवाई में जुटी है। वहीं आयकर विभाग की छापेमारी से शहर भर में हड़कंप मच गया है।

### कमल ठाकुर ने यूपी का पहला प्राइवेट इंडस्ट्रियल एस्टेट बनाया



कमल ठाकुर ने न्यू शंभू नगर कॉलोनी और उत्तर प्रदेश का पहला प्राइवेट इंडस्ट्रियल एस्टेट विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एस्टेट का निर्माण किया। अब इंडस्ट्रियल एस्टेट का विस्तार कार्य भी किया जा रहा है।

आयकर की टीम ने मेरठ मॉल, न्यू शंभू नगर सहित तीन अन्य ठिकानों पर जांच शुरू कर दी है। टीम में मेरठ के अधिकारियों के अलावा गाजियाबाद नोएडा के अधिकारी भी शामिल है।

### हंगामा करने में जुटे समर्थक, घर में कूदने का भी किया प्रयास

आयकर विभाग की छापेमारी की खबर सुनते ही भाजपा समर्थक बिल्डर के मकान पर पहुंच गए। टीपी नगर थाना क्षेत्र के न्यू शंभू नगर में इनकम टैक्स की कार्रवाई के दौरान मकान के बाहर हंगामा कर दिया और कुछ समर्थकों ने कूदकर मकान के भीतर जाने का प्रयास भी किया। बता दें कि कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात है। इनकम टैक्स की टीम कई गाड़ियों में सवार होकर यहां पहुंची है। यहां भाजपा नेता के आलीशान मकान में कार्रवाई जारी है। वहीं भाजपा नेता के समर्थक बाहर हंगाम करने में लगे हैं। उन्होंनें बाहर तैनात फोर्स से कहा कि किसी अधिकारी को बुला दें हमें बात करनी है। हालांकि किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। कमलानगर में संजय जैन के यहां भी आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की है। यहां संजय जैन का आवास है जहां टीम पहुंची है। वहीं रेड की जानकारी लगने पर समर्थक उनके आवास पर पहुंच गए और फोर्स से बातचीत की। समर्थकों ने अधिकारियों से बात कराने की मांग की।



### डेढ़ हजार अवैध निर्माणों पर गरजेगा बुलडोजर

**जन एक्सप्रेस । मेरठ।** शास्त्रीनगर स्थित सेंट्रल मार्केट ध्वस्त होगा। इसके लिए व्यापारियों को तीन महीने में दुकानें खाली करनी होंगी। इसके दो सप्ताह बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी। आवासीय भवनों में चल रही व्यावसायिक गतिविधि शोरूम, दुकान और ऑफिस आदि के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने व्यापारियों को मंगलवार को बड़ा झटका दिया है। इससे व्यापारी में खलबली मच गई है। करीब डेढ़ हजार ऐसे निर्माण ध्वस्त होंगे, जो अवैध रूप से बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में आवासीय क्षेत्र में भू-उपयोग परिवर्तन कर हुए सभी अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने के आदेश दिए हैं। इसके लिए भवन स्वामियों को परिसर खाली करने के लिए तीन महीने का समय दिया जाएगा।

# लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने घूस लेते पकड़ा, तहसील नवाबगंज का मामला

### सैकड़ों राजस्व कर्मियों ने घेरी कोतवाली, किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**






मंगलवार को तहसील नवाबगंज परिसर के बाहर जमीन के पैमाइष के नाम पर 20 हजार रुपये सुविधा शुल्क लेते हुए रंगे हाथ अयोध्या मण्डल की एण्टी करप्षन टीम ने एक लेखपाल और उसके सहयोगी को धर दबोचा। छापेमारी की सूचना जैसे ही मिली तहसील परिसर में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में तहसील के लेखपाल और राजस्व निरीक्षक कोतवाली नगर जा पहुंचे और धरना प्रदर्षन करने लगे। एण्टी करप्षन टीम ने थाना सफदरगंज में मुकदमा दर्ज कराकर कार्यवाही शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार, तहसील नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम खसपरिया में लेखपाल दीपक यादव कार्यरत है। थाना कोठी के ग्राम पीरपुर निवासी बलवंत यादव पुत्र हरीराम की एक जमीन ग्राम खसपरिया की सीमा में थी। जमीन की पैमाइष के लिए बलवंत यादव ने कई बार हल्का लेखपाल तहसील फतेहपुर के ग्राम जुग्गनपुरवा मजरे बसारा निवासी लेखपाल दीपक यादव से की थी। लेकिन जमीन पैमाइष के नाम पर लेखपाल टाल मटोल कर रहा था। आखिरकार जमीन पैमाइष के लिए लेखपाल राजी हुए लेकिन 20 हजार रुपये सुविधा शुल्क की मांग की। उक्त बड़ी रकम देने में बलवंत यादव सक्षम नही था तो उसने अयोध्या मण्डल के भ्रष्टाचार निवारण संगठन के निरीक्षक हरीओम मिश्रा(टैप टीम प्रभारी) से सारी बात बतायी। भ्रष्टाचार निवारण संगठन टीम ने पूरा जाल बिछाया और बलवंत यादव को पैसा लेकर लेखपाल को देने की बात कही। मंगलवार को बलवंत यादव ने लेखपाल दीपक यादव को फोन किया और बताया कि पैसा तैयार है कहां लेकर आये। जिस पर दीपक यादव पैसा लेने के लिए अपने निजी सहयोगी शमषेर को साथ में लेकर तहसील परिसर के बाहर स्थित एक जनसेवा केन्द्र के पास में जैसे ही पहुंचा और पैसा लेते समय एण्टी करप्षन टीम के प्रभारी हरिओम मिश्रा ने अपने सहयोगियों के साथ दोनो लोगों को धर दबोचा। और गाड़ी में बैठा करके दोनो लोगों को थाना सफदरगंज ले गये। वहां पर लिखा पढ़ी होने के बाद उन्होने कार्यवाही शुरु कर दी। इधर जैसे ही एण्टी करप्षन टीम की छापेमारी की सूचना नवाबगंज क्षेत्र के राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों को हुई तो सैकड़ो की संख्या में सभी राजस्व कर्मी कोतवाली नगर में जाकर हंगामा करने लगे। समाचार लिखे जाने तक लेखपालों का हंगामा जारी था। इन लोगों की मांग थी कि जो भी कार्यवाही एण्टी करप्षन टीम ने की है वह गलत है लेखपाल दीपक यादव और उसके सहयोगी को गलत फसाया गया है। इस सम्बन्ध में सफदरगंज थाना प्रभारी का कहना था कि एण्टी करप्षन टीम की तरफ से लेखपाल और उसके एक साथी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। कुल मिलाकर एण्टी करप्षन टीम की छापेमारी के बाद से ही तहसील नवाबगंज में कार्यरत कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया है। पूरे दिन पुलिस की छापेमारी भी चलती रही। अधिकांष लेखपाल अपना क्षेत्र छोड़ करके कोतवाली परिसर में जमे रहे।

## समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

समाजवादी पार्टी उन्नाव मुख्यालय कार्यालय में अनवर अहमद सभागार में पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अंतर्गत पी डी ए पंचायत कार्यक्रम हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में श्याम लाल पाल प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी राजपाल कश्यप प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग शकील नदवी प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक समाजवादी पार्टी सी एल वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी उन्नाव पहुंचे उन्नाव पहुंचनें पर सभी नेताओं का समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश यादव व पार्टी के चार फ्रंटल से जिलाध्यक्षो में अंकित यादव अमन अंजुम राहुल अग्निहोत्री लकी यादव व अन्य कार्यकर्ताओं व पुर्व पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया प्रदेश अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में बताया भाजपा समाज में नफ़रत फैलाने का काम करती है नौजवान किसान छोटे व्यापारियों की समस्यों को उठाते हुए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को घेरा साथ उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय में प्रोफेसर में कितने प्रोफेसर पिछड़ी जातियों से आते हैं माहिला सशक्तिकरण की बात करते हैं कितनी माहिला प्रोफेसर हैं संभल प्रकरण पर हुई घटना पर बताया के एक विडियो वायरल हो रहा है आप लोग देख ले हमारे पास विडियो है जिसमें मंदिर मालिक कह रहा है हम लोग मंदिर को बंद करके चले गये थे पुर्व की घटनाओं में हाथरस जैसी विभिन्न घटनाओं को लेकर सवाल उठाए वन नेशन वन इलेक्शन की बात करते हुए प्रधानमंत्री जी से पूछता हूं पहले वन नेशन वन एजुकेशन की जरूरत है इसी कड़ी में राजपाल कश्यप पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष ने भी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सभी का आभार प्रकट कर बताया हमारे नेता अखिलेश यादव से योग्य नेता कोई नहीं है भाजपा के नेता हमें बांटने का काम करते है और नारा देते है बांटोगे तो काटोगे हम ये पुछते हैं किसने हमें बंटा है हम सब देख रहे एक पिछड़ी वर्ग के विधायक के थप्पड़ पड़ता है और कौन मारता है प्रदेश देख रहा है पुर्व संसाद अनु टंडन ने बताया समाजवादी पार्टी सर्व समाज की पार्टी है हमारे नेता सभी को सम्मान देते हैं ये हम सब जानते हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे पर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव सुरेश पाल पुर्व विधायक रामकुमार निषाद पूर्व विधायक सुंदरलाल लोधी पूर्व विधायक कृपा शंकर सिंह पूर्व विधायक उदय राज यादव सी के त्रिपाठी पूर्व विधायक पार्टी के वरिष्ठ नेता सूजा भाई बदलू खां पुर्व विधायक आंचल वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे

## भारत का नाम बदलकर रखें 'राम कृष्ण' : रिजवान मुस्तफा

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी सैयद रिजवान मुस्तफा रिज़वी ने राष्ट्रपति को एक पत्र लिखकर तीन ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने भेजे गये पत्र में लिखा है कि भारत का नाम बदलकर 'राम कृष्ण' रखने, कश्मीर से कन्या कुमारी तक कथन को प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित करने और भारतीय मुद्रा का नाम 'राम कृष्ण रुपया' रखने की ऐतिहासिक मांग की। पत्र में श्री रिजवी ने आगे लिखा है कि अयोध्या में श्रीरामलला का गर्भगृह में पुनः विराजमान होना, हमारे देश के धार्मिक और सांस्कृतिक इतिहास का एक गौरवपूर्ण क्षण है। इस ऐतिहासिक घटना को सम्मानित करने के लिए उन्होंने प्रस्ताव रखा कि भारत का नाम 'राम कृष्ण' रखा जाए। श्रीराम और श्रीकृष्ण भारतीय संस्कृति के आदर्श प्रतीक हैं, और इन दोनों महापुरुषों के नामों से जुड़ने से देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को एक नई पहचान मिलेगी। उन्होने इसके साथ ही, उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक के रूप में कश्मीर से कन्या कुमारी तक यह कथन हर प्रमुख सार्वजनिक स्थल जैसे रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे, बस स्टेशन, स्कूलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित किया जाए। इस कथन के माध्यम से हमारे देश की विविधताओं में एकता का संदेश मिलेगा और यह हर नागरिक को अपने देश के प्रति गर्व और जिम्मेदारी का अहसास कराएगा। तीसरी महत्वपूर्ण मांग में सैयद रिजवान मुस्तफा रिज़वी ने भारतीय मुद्रा का नाम बदलकर 'राम कृष्ण रुपया' रखने का प्रस्ताव दिया। उनका मानना है कि इससे न केवल हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का सम्मान होगा, बल्कि यह नाम भारतीय मुद्रा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक अद्वितीय पहचान देगा। उन्होंने यह भी प्रस्ताव किया कि भारत के दूतावास और सार्वजनिक स्थलों पर राम और कृष्ण के जीवन पर आधारित चित्र, पुस्तकें और प्रेरक कथन प्रदर्शित किए जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां इन महान महापुरुषों के आदर्शों से जुड़ सकें।

सैयद रिजवान मुस्तफा रिज़वी ने इन प्रस्तावों को लागू करने के लिए राष्ट्रपति से गहराई से विचार करने और आवश्यक कदम उठाने की अपील की है। उनका मानना है कि ये कदम भारत को एक नई दिशा देंगे और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को दुनिया भर में सम्मान दिलाने में मदद करेंगे।

## लूटपाट का पर्दाफाष, चार लुटेरे गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

### किसान नेता को बदनाम करने की साजिश हुआ नाकाम

जैदपुर थाना क्षेत्र मे बीते दिनो हुई लूट पाट की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए कार सवार 4 लुटेरों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से लूट के मोबाइल फोन व वारदात मे प्रयुक्त कार को बरामद किया है। जानकारी के अनुसार गत् दिनो पुलिस को सूचना मिली कि चर्चित किसान नेता आशु चौधरी की कार मे सवार होकर कुछ युवको ने एक व्यक्ति से मोबाइल आदि धमकाकर लूटपाट किया है जिसके बाद पुलिस ने तहरीर का संज्ञान लेकर तत्काल किसान नेता की गाड़ी पर लूट का मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी वही इससे किसान नेता की सामाजिक छवि को निशाना बनाकर मुकदमा दर्ज करने के बाद किसान यूनियन ने पुलिस का विरोध किया और मुकदमे को ग़लत बताकर उच्चाधिकारियो से शिकायत की जिसके बाद जैदपुर पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाकर लुटेरों की तलाश करना शुरू कर दिया इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर प्रियांशु वर्मा पुत्र रामकेश वर्मा निवासी पक्कापुरवा मोहब्बतपुर थाना कोठी बाराबंकी, मनोज मिश्रा पुत्र कृपाराम मिश्रा निवासी भगौतीपुर थाना रामनगर बाराबंकी हालपता लखपेड़ाबाग थाना कोतवाली नगर, आकाश वर्मा पुत्र धीरज वर्मा, आदित्य प्रकाश वर्मा पुत्र शिवकुमार निवासीगण ग्राम इसरौली सेठ थाना जैदपुर बाराबंकी को लूट मे प्रयुक्त कार के साथ पुलिस ने लसोड़वा मोड़ के पास गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिस ने इनके पास से लूटे गए 3 मोबाइल फोन व घटना मे प्रयुक्त कार को बरामद किया है और चारो आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की है। इसपर किसान नेता आशू चौधरी से बात की तो उन्होंने बताया कि सच सामने आ ही गया। मुझे पुलिस एवं न्यायपालिका पर पूरा विष्वास है। कुछ विरोधियों द्वारा मेरी छवि को धूमिल करने की नियत से सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया जिनके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा भी करूंगा।

### भारतीय किसान यूनियन नेताओं की सांकेतिक गिरफ्तारी के बाद रिहाई ज्ञापन एसीपी को सौंपा

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर तहसील परिसर में एसीपी कार्यालय के बाहर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कई किसान पदाधिकारी मंडल जिला तहसील और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं तथा दूर-दूर से आए किसानों ने बिल्हौर तहसील प्रांगण में एकत्रित होकर 17 तारीख को अपनी गिरफ्तारी करने का ज्ञापन एसीपी थाना पुलिस और एलआईओ एके सिंह के सामने दिया और कहा यदि हमारे बंद किसान भाइयों को सरकार रिहाई नहीं देगी तो हम सभी किसान नौजवान मजदूर बेरोजगार मिलकर आपकी जेल में गिरफ्तारी करवा कर जेल भरने का काम करेंगे। मौके पर मौजूद रहे मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र अवस्थी जिला अध्यक्ष सुभाष यादव जिला प्रभारी आर एस गौतम तहसील अध्यक्ष सोनू मिश्रा तहसील संगठन मंत्री नारेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष विजय राठौड़ महिला जिला अध्यक्ष मीना पाल जिला महामंत्री भगौती सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष रामदास गौतम आदि लोग रहे मौजूद रहे।



### फटा बैटरा, बुजुर्ग गंभीर, रेफर



**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

**फतेहपुर।** कोतवाली क्षेत्र स्थित एक ब्यूटी पार्लर की दुकान में रखा सोलर बैटरा कनेक्ट करते समय तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। चपेट में आने से उम्रदराज व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। जिसको स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

घटना कस्बा फतेहपुर के मोहल्ला पटेल नगर की है। जहां पर इसी क्षेत्र के गांव बिहुरा पुरवा निवासी 65 वर्षीय सुरेश चंद्र की बहू पटेल नगर स्थित एलआईसी ऑफिस के नीचे अनुश्री नाम से ब्यूटी पार्लर का संचालन करती है। मंगलवार की सुबह प्रतिदिन की तरह उनके ससुर सुरेश चंद गांव से आकर ब्यूटी पार्लर का ताला खोलकर उसमें रखा चार्जिंग बैटरा को सोलर पैनल से कनेक्ट कर रहे थे कि तभी अचानक बैटरा में भीषण ब्लास्ट हो गया। बैटरा ब्लास्ट होते ही सुरेश चंद गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। पार्लर के अंदर तेज धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोग ब्यूटीपार्लर की ओर दौड़ पड़े। देखा सुरेशचंद घायलवस्था में दर्द के चलते चीख-पुकार करते हुए तड़प रहे थे। आनंन-फानन लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों व स्थानीय लोगों ने उन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर मौजूद डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया है। अचानक हुए इस हादसे से स्थानीय लोगों में डर का माहौल बना हुआ है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### एनएचआई 34 अंडरपास नसिरापुर के सामने मोटरसाइकिल और अज्ञात वाहन की टक्कर में युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के एनएचआई 34 नानामऊ नसीरपुर अंडरपास के समीप कन्नौज की ओर से मोटरसाइकिल से आ रहे हैं युवक और अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची अरौल थाना पुलिस ने घायल को बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया अरौल थाना प्रभारी जनार्दन यादव ने बताया मृतक रवि कुमार पुत्र मिस्टर उम्र करीब 32 वर्ष निवासी जसपुरा थाना तिर्वा जनपद कन्नौज का निवासी था जो कन्नौज से कानपुर की तरफ जा रहा था तभी ओवरब्रिज नसीरापुर के पास एक अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट हो गया था जहां उन्हें उपचार हेतु सीएचसी बिल्हौर ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किया गया परिजनों के आने पर मृतक रवि का शव पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु कानपुर नगर भेजा गया

### सैबसू न्याय पंचायत की संकुल मासिक बैठक रसूलपुर विद्यालय में संपन्न हुई

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के न्याय पंचायत सैबसू न्याय पंचायत की मासिक बैठक रसूलपुर प्राथमिक विद्यालय में संपन्न हुई। जिसमे न्याय पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक, कौम्पोजिट विद्यालयों के सभी प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षा मित्र, उपस्थित रहे बैठक में नोड़ल संकुल शिक्षक चंद्र प्रकाश ने विद्यालय में अध्यनरत सभी बच्चों की अपार आईडी बनाने के लिये बताया इस कार्य को अति शीघ्र पूर्ण किया जाए, संकुल शिक्षक नीलम कनौजिया द्वारा विद्यालय को कैसे निपुण किया जाए इस पर सभी अध्यापकों के बीच चर्चा की सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने -अपने विचार रखे जो विद्यालय हित के लिये बहुत ही सराहनीय थे। इस अवसर परसाद निवादा की प्रधानाध्यापिका रेखा भान्तू द्वारा टीएलएम का इस्तेमाल बच्चों के लिये कितना उपयोगी इस पर चर्चा की इस अवसर पर भीस्म कुमार, अशोक, संगीता, हेमंत, ममता, रामा नंद, मनोज, प्रीति, रेणु, अन्नपूर्णा, आरती, लक्ष्मी, सपना, रचना आदि उपस्थित रहीं।



### डीपीआरओ ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण, मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी।** फतेहपुर। जिला पंचायत राज अधिकारी ने क्षेत्र की ग्राम पंचायत नन्दरासी में पंचायत भवन, शौचालय व अन्त्योष्टि स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान शौचालय में गंदगी देखकर उन्होने पंचायत सचिव को जमकर फटकार लगायी, और सम्बन्धित कर्मचारियों का मानदेय रोकने का निर्देश दिया। ज्ञात हो मंगलवार को ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत नन्दरासी का निरीक्षण करने पहुंचे जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश भोंडेले ने पहुंचते ही प्राथमिक विद्यालय के सामने सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया। जहां पर महिलाओं के लिए आरक्षित शौचालय में काफी गंदगी दिखाई दी। जिस पर उन्होने सचिव बजरंगी प्रसाद को जमकर फटकार लगाई, और कहा कि जो इस शौचालय का केयर टेकर है उसका मानदेय रोक दिया जाये इसके पश्चात् उन्होने पंचायत भवन व अन्त्योष्टि स्थल का निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि जब तक कार्य पूर्ण न हो जाये तब तक किसी प्रकार का कोई भुगतान किसी कर्मचारी को नही किया जायेगा। इस मौके पर एडीओ पंचायत दुर्गा प्रसाद, सचिव बजरंगी प्रसाद ग्राम प्रधान रामनिवास कनौजिया आदि लोग मौजूद रहे।


### सिकंदरपुर गांव में आंगनवाड़ी केंद्र का जीर्णोद्वार के लिए स्टेट बैंक ने जुम्मा उठाया

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिवराजपुर की शाखा भारतीय स्टेट बैंक ने सिकंदरपुर गांव में आंगनवाड़ी केंद्र के जीर्णोद्वार के लिए एक पहल की है। बैंक प्रबंधक ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मंगलवार को एक कार्यक्रम तहत बैंक प्रबंधक शेख मोहम्मद ने बताया कि सीएसआर फंड का उपयोग बच्चों की शिक्षा के लिए किया जाता है, जिससे पिछड़े समाज को मुख्य धारा में लाया जा सके। इस फंड से शिक्षा संबंधी सामग्री जैसे कुर्सी, मेज, किताबें, पानी के प्यूरीफायर, मनोरंजन और आधुनिक किताबें प्रदान की जाती हैं। आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकत्री सुमन सिंह ने रोबोट के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने बताया की यह पहल बच्चों की शिक्षा और विकास को बढ़ावा देने में मदद करती है बैंक प्रबंधक शेख मोहम्मद सहित कार्यक्रम में बैंक शाखा के कई कर्मचारी मौजूद रहे।



### कांग्रेस जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र पांडे ज्ञानू को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**जन एक्सप्रेस । बस्ती।** कांग्रेस पार्टी द्वारा 18 दिसम्बर को विधानसभा घेराव करने की घोषणा के बाद से प्रदेश भर में योगी सरकार की पुलिस अलर्ट मोड में है। बस्ती कांग्रेस जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र पांडे ज्ञानू को रौता चौकी की पुलिस ने उनके घर जाकर उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया है। मंगलवार को दोपहर लगभग 3 बजे बस्ती कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय अपने आवास पर अरेस्ट के दौरान कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज है और इसे किसी भी कीमत पर सरकार दबा नहीं पाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता इस संघर्ष को जारी रखेंगे और सरकार के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे।



# बेसहारा लोगों को रैन बसेरों में पहुंचाएं : नगर आयुक्त

**जन एक्सप्रेस । सहारनपुर**




नगरायुक्त संजय चौहान ने प्रवर्तन दल व अतिक्रमण प्रभारी को निर्देश दिए है कि वे शाम को बार-बार बस स्टैण्ड व स्टेशन के निकट तथा घंटाघर आदि क्षेत्रों में एनाउंस करें कि कोई भी बेसहारा स्टेशन के बाहर या सड़क किनारे न सोने पाए। उन्होंने कहा कि सड़क पर सोने वालों को रैन बसेरों में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी देते हुए उन्हें रैन बसेरों तक पहुंचाएं।

नगरायुक्त ने यह निर्देश जनसुनवाई के दौरान आयी शिकायत को सुनते हुए दिए। उन्होंने स्वास्थ विभाग को भी निर्देश दिए है कि नालों की सफाई करते हुए नालों को डैमेज न करें, नालों में मशीन उतारते हुए पहले यह देख लें कि नालों की चौड़ाई एवं गहराई कितनी है। उन्होंने सड़कों की धुलाई के लिए एसटीपी से उपचारित पानी लेकर उसका उपयोग करने के निर्देश दिए। आज जनसुनवाई में पांच शिकायतें आयी जिनमें से एक का तत्काल निस्तारण कराया गया। वार्ड नंबर 39 उत्तम विहार निवासी धनराज सैनी ने गली नंबर 9 में नालियों की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नगरायुक्त ने तत्काल क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर नालियों की साफ सफाई के साथ शिकायत का निस्तारण करा दिया।

इसके अलावा वार्ड 11 काशीराम कॉलोनी से सरफराज ने नाले पर किये गए अतिक्रमण को हटवाने, वार्ड 16 नवीन नगर निवासी डॉ.विजय पाल ने सेन्ट्रल बैंक नवीन नगर पर लगे जनरेटर को हटवाये जाने, वार्ड 4 गलीरा रोड निवासी मीनाक्षी ने गलीरा रोड गौमुखी मंदिर के पास अवैध रुप से किये जा रहे पशुपालन को हटवाने तथा वार्ड 41 शारदा नगर निवासी पवन कुमार भार्गव ने शारदा नगर सर्किट हाउस रोड पर खाली प्लाट की साफ सफाई कराये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। नगरायुक्त ने उक्त शिकायतों के लिए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

जिलाधिकारी रवीश कुमार ने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया है कि किसी भी दशा में आईजीआरएस पर प्राप्त संदर्भो को डिफाल्टर की श्रेणी में न आने दे, अन्यथा की स्थिति में संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए विभागी कार्यवाही की जायेंगी।

उन्होने कहा कि विभागाध्यक्ष अपने कार्यालय में ई-फाइलिंग तत्काल कराना सुनिश्चित करें। अभी तक विभागीय आईडी व पासवर्ड न प्राप्त करने वाले विभागाध्यक्ष डीआईओ एनआईसी से सम्पर्क कर शीघ्रतीशीघ्र प्राप्त कर लें। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सन्दर्भो की मानीटरिंग स्वयं करें, संदिग्द्ध आख्या लगाये जाने पर संबंधित दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी। किसी भी दशा में अधिकारीगण गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। बैठक में सीडीओ जयदेव सी.एस., एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, सीएमओ डा. रमाशंकर दुबे, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, ज्वाइंट मजिस्टेट्र शाहिद अहमद, उप जिलाधिकारी सदर शत्रुध्न पाठक, हर्रैया विनोद पाण्डेय, ईओ नगरपालिका सुनिष्ठा सिंह, डीएफओ जय प्रकाश, मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, डीएसओ सत्यवीर सिंह, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, प्रोबेशन अधिकारी राकेश कुमार, डीआईओएस जगदीश शुक्ला, बीएसए अनूप तिवारी, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, ई.डी.एम. सौरभ द्विवेदी तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### अवैध गांजे के साथ अभियुक्त हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**जन एक्सप्रेस । बस्ती।** जिले के थाना पुरानी बस्ती पुलिस ने अवैध गांजे के साथ एक युवक को जेल भेज दिया। पुरानी बस्ती पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन से पूर्वी क्रॉसिंग की तरफ हनुमान मंदिर के पास से एकअभियुक्त मोहम्मद इसराइल पुत्र स्व0 मोहम्मद राशिद निवासी राजा मैदान थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती को 580 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसके संबंध में थाना स्थानीय थाना पर धारा 8/20 हृष्ठक्क-ष्ह्ल पंजीकृत करके अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष महेश सिंह, चौकी इंचार्ज दक्षिण दरवाजा ओमप्रकाश मिश्रा हेड कांस्टेबल राम सुधारे, प्रमोद यादव शामिल है।

### राष्ट्रीय पेंशनर दिवस पर सम्मानित हुए 100 वर्षीय राम भूलन सिंह

**जन एक्सप्रेस । बस्ती।** आज मंगलवार को राजकीय कन्या इण्टर कालेज में आयोजित पेन्शनर्स दिवस में सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद अध्यक्ष राम बहोर मिश्र के नेतृत्व में परिषद सदस्यों ने मुख्य विकास अधिकारी को समस्याओं के समाधान के लिये ज्ञापन सौंपा। मांग किया गया कि शासनादेश 21 अक्टूबर 2024 के अनुसार 30 जून और 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक और कर्मचारियों को ठीक अगले दिन 1 जुलाई 01 जनवरी को वेतन वृद्धि नियत होने पर पेंशन की गणना हेतु एक नोशनल वेतन वृद्धि जोड़े जाना सुनिश्चित किया जाय। राम बहोर मिश्र ने कार्यक्रम में मजबूती से अपना पक्ष रखा। कार्यक्रम में शामिल उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने मांगों का समर्थन करते हुये कहा कि यदि सेवा निवृत्त शिक्षकों की मांगे न मानी गई तो संघ सदैव उनके साथ आन्दोलन में सहयोग करेगा। इस दौरान 11 वयोवृद्ध पेन्शनरों को सम्मानित किया गया। शिक्षक नेता उदयशंकर शुक्ल और राम बहोर मिश्र ने 100 वर्षीय राम भूलन सिंह को विशेषरूप से सम्मानित करते हुये उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में अरूणदेव, राम नरायन उपाध्याय के साथ ही अनेक सेवा निवृत्त शिक्षक और पदाधिकारी शामिल रहे।

## जिलाधिकारी(न्यायिक) की अध्यक्षता में पेंशनरों की समस्याओं के निदान का आयोजन हुआ

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

उन्नाव 17 दिसम्बर विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री विकास कुमार सिंह की अध्यक्षता में पेशनरों की समस्याओ से सम्बन्धित पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया।

पेंशनर दिवस के अवसर पर जनपद से आये हुए पेंशनरों ने अपनी अपनी समस्याओ को पेंशनर दिवस में रखा।

जिस पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त समस्याओं का निस्तारण करने का प्रयास किया जायेगा। ऐसी समस्याएं जो विभागों से सम्बन्धित है उनको सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए निस्तारण करने का प्रयास किया जायेगा। पेंशनर दिवस में प्राप्त पेंशनरो/पारिवारिक पेंशनरो की समस्याओं/प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण का आश्वासन अध्यक्ष महोदय द्वारा दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पेंशनरों को शॉल देकर सम्मानित किया गया।

वरिष्ठ कोषाधिकारी श्रीमती नीलम शर्मा द्वारा बताया गया कि पेंशनरों की समस्याओं के निदान हेतु कोषागार उन्नाव में हेल्प डेस्क के साथ-साथ पेंशनरों की सुविधाओ हेतु काउन्टर स्थापित किया गया है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी संजय पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सत्य प्रकाश, जिला पंचायतराज अधिकारी शाश्वत आनन्द सिंह,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती संगीता सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी

श्रीमती नीलम शर्मा सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं पेंशनर्स बन्धु उपस्थित रहे।

# एक देश-एक चुनाव बिल लोकसभा में पेश

- विपक्षी सांसदों ने विरोध किया, वोटिंग के बाद टेबल किया गया बिल
- एक देश एक चुनाव बिल संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया
- मंगलवार को कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में बिल को पेश किया
- कुछ गैर-एनडीए दलों समेत कुल 32 दलों ने बिल का किया समर्थन, विरोध में 15



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के शीतकालीन सत्र का मंगलवार (17 दिसंबर) को 17वां दिन है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा के पटल पर एक देश, एक चुनाव के लिए 129वां संविधान संशोधन बिल पेश किया। एक देश, एक चुनाव बिल पेश होने के बाद सांसदों को इस पर बोलने का समय दिया गया। कई पार्टियों की आपत्ति के बाद बिल को दोबारा पेश करने को लेकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग हुई। पक्ष में ज्यादा वोट पड़ने के बाद बिल पेश किया गया। अमित शाह ने सदन में कहा कि बिल जब कैबिनेट में आया था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेजना चाहिए। कानून मंत्री ऐसा प्रस्ताव कर सकते हैं। विरोध के विरोध में सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन बिल, बीजेपी की देश में तानाशाही लाने की कोशिश है।

### पहली बार इलेक्ट्रॉनिक मशीन से वोटिंग

वन नेशन, वन इलेक्शन बिल को चर्चा और पारित किए जाने को लेकर मतदान हो रहा है। पहली बार लोकसभा में इलेक्ट्रॉनिक डिवीजन होगा। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आपको प्रक्रिया भी बताई जाएगी। इसके बाद सेक्रेटरी जनरल उत्पल कुमार सिंह ने व्यवस्था बताई।

### लोकसभा में हुआ मत विभाजन

बिल को पेश करने को लेकर विपक्ष ने मत विभाजन की मांग की, जिसके बाद वोटिंग हुई। बिल को सदन पटल पर रखे जाने के पक्ष में 269 वोट पड़े जबकि विरोध में 198 वोट पड़े। अब सदन में बिल को जेपीसी में भेजने की औपचारिकता पूरी की जाएगी।

### दोबारा प्रतिस्थापित करने के लिए वोटिंग

एक देश, एक चुनाव बिल दोबारा प्रतिस्थापित कराने के लिए पहली बार इलेक्ट्रॉनिक तरीके से वोटिंग हुई। इसमें पक्ष में 220 तो विरोध में 149 वोट पड़े। कोई भी सांसद गैर-हाजिर नहीं रहा। कुल 369 सदस्यों ने वोट डाला। इसके बाद विपक्ष के सदस्यों ने आपत्ति जताई। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर उनको ऑब्जेक्शन है तो पर्ची दे दीजिए। इस पर स्पीकर ने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि अगर किसी सदस्य को लगे तो वह पर्ची के जरिए भी अपना वोट संशोधित कर सकता है।

### जितने दिन चाहेंगे, उतने दिन का समय चर्चा के लिए देंगे- ओम बिरला

स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि पहले भी सारी व्यस्था दे दी है। पुरानी परंपरा भी बता दी है। मंत्रीजी ने भी कह दिया है कि जेपीसी गठित होगी। जेपीसी के समय व्यापक चर्चा होगी और सब दल के सदस्य होंगे। जब बिल आएगा तो सबको पूरा समय दिया जाएगा और डिटेल चर्चा होगी। जितने दिन आप चर्चा चाहेंगे, उतने दिन का समय दिया जाएगा।

### ओवैसी बोले- बिल से क्षेत्रीय पार्टियां खत्म हो जाएंगी

एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि एक देश, एक चुनाव बिल अप्रत्यक्ष रूप से लोकतंत्र की राष्ट्रपति शैली लाएगा। इससे क्षेत्रीय पार्टियां खत्म हो जाएंगी।

### टीडीपी का एक देश, एक चुनाव को समर्थन

तेलुगु देशम पार्टी सांसद और केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने अपनी पार्टी की तरफ से एक देश, एक चुनाव बिल का समर्थन किया।

### गौरव गोगोई बोले- बिल से चुनाव आयोग को अवैध शक्तियां देगा

असम से कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि यह विधेयक चुनाव आयोग को राष्ट्रपति को सलाह देने की अवैध शक्तियां देता है। वहीं, आईयूएमएल नेता ईटी मोहम्मद बशीर और शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता अनिल देसाई ने बिल का विरोध किया। डीएमके सांसद टीआर बालू ने कहा- मेरी सुझाव है कि वन नेशन, वन इलेक्शन बिल को संसदीय कमेटी को भेजा जाना चाहिए।

### टीएमसी सांसद बोले- बिल एक व्यक्ति की महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए

तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन बिल कोई चुनाव सुधार नहीं है। यह एक व्यक्ति की महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए लाया गया है।

### सरकार बोली- वन नेशन, वन इलेक्शन से प्रशासनिक क्षमता बढ़ेगी

बिल पेश होने से पहले केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय ने कहा कि आजादी के बाद से चुनाव आयोग लोकसभा और विधानसभाओं के 400 से ज्यादा चुनाव करा चुका है। अब हम एक देश, एक चुनाव का कॉन्सेप्ट लाने जा रहे हैं। एक हाईलेवल कमेटी इसका रोडमैप बना चुकी है। इससे प्रशासनिक क्षमता बढ़ेगी, चुनाव संबंधी खर्च में कमी आएगी और नीतिगत निरंतरता को बढ़ावा मिलेगा।

### वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पर किसने क्या कहा

बिल पेश होने से पहले कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि यह संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ है। भारत राज्यों का संघ है। आप विधानसभाओं का कार्यकाल कम नहीं कर सकते। संघवाद का मूलभूत सिद्धांत है कि संविधान में केंद्र और राज्य बराबरी के हकदार हैं। आप राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को संसद के कार्यकाल के अधीन कैसे कर सकते हैं? वहीं, शिवसेना (उद्धव गुट) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि एक देश, एक चुनाव पावर को सेंट्रलाइज (केंद्रीकृत) करने जैसा है। लोकसभा में संविधान पर दो दिन चर्चा हुई, राज्यसभा में अभी भी चल रही है। ऐसे में संविधान पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। चुनाव प्रक्रिया में छेड़छाड़ करके केंद्र सरकार अपनी ताकत और बढ़ाना चाहती है।

### एक देश-एक चुनाव के लिए बनाई गई समिति ने मार्च में राष्ट्रपति को सौंपी थी रिपोर्ट

एक देश-एक चुनाव पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर, 2023 को एक कमेटी बनाई गई थी। कमेटी ने करीब 191 दिनों में स्टेकहोल्डर्स और एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 14 मार्च, 2024 को अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी थी। एक देश-एक चुनाव को लागू करने के लिए संविधान संशोधन के जरिए संविधान में 1 नया अनुच्छेद जोड़ने और 3 अनुच्छेदों में संशोधन करने की व्यवस्था की जाएगी। सरकार इस मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है, लिहाजा बिल को जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी को भेजे जाने की संभावना है।

### कैसे लागू होगा एक देश एक चुनाव?

इससे पहले अधिकारियों ने पीटीआई को बताया था कि एक साथ चुनाव कराने के लिए संविधान में कम से कम पांच संशोधन करने होंगे। इनमें संसद के सदनों की अवधि से संबंधित अनुच्छेद 83, राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा को भंग करने से संबंधित अनुच्छेद 85, राज्य विधानमंडलों की अवधि से संबंधित अनुच्छेद 172, राज्य विधानमंडलों के विघटन से संबंधित अनुच्छेद 174 और राज्यों में राष्ट्रपति शासन को लागू करने से संबंधित अनुच्छेद 356 शामिल हैं। इसके साथ ही संविधान की संघीय विशेषता को ध्यान में सभी दलों की सहमति जरूरी होगी। वहीं यह भी अनिवार्य है कि सभी राज्य सरकारों की सहमति प्राप्त की जाए।

## दिल्ली में सिर्फ बीएस-6 वाहनों को मिलेगा पेट्रोल-डीजल



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की ट्रैफिक यूनिट ने राष्ट्रीय राजधानी में बार-बार हो रहे दमघोंटू प्रदूषण को देखते हुए अब तक का बहुत बड़ा कदम उठाया है। अब दिल्ली में ग्रैप-4 के तहत प्रतिबंधित वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा, यानी सिर्फ बीएस-6 वाहनों को ही पेट्रोल-डीजल मिलेगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली में स्थित पेट्रोल पंप मालिकों को पत्र लिख दिया है। ग्रैप-4 फिर से लागू होते ही दिल्ली ट्रैफिक पुलिस सोमवार रात 11 बजे से ही अलर्ट मोड में आ गई थी। पुलिस ने प्रदूषण को कम करने के लिए वह सभी जरूरी कदम उठाए, जो पिछली बार ग्रैप-4 में उठाए गए थे। पिछली बार ग्रैप-4 के दौरान 24 घंटे में ऐसे करीब 350 वाहनों का चालान किया जा रहा था जो बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र के घूम रहे थे। साथ ही मियाद पूरी कर चुके वाहन भी काफी जब्त किए जा रहे थे। अब ग्रेप का प्रतिबंध दोबारा लागू होने के बाद दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। दिल्ली पुलिस की विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) अजय चौधरी ने बताया कि बताया कि दिल्ली में स्थित सभी पेट्रोल पंप के मालिकों को पत्र लिख रहे हैं। पत्र में पेट्रोप पंप मालिकों को कहा गया है कि वह बीएस-6 वाहनों के अलावा अन्य वाहनों को पेट्रोल-डीजल न दें। अगर पेट्रोप पंप मालिक ऐसा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस की नई दिल्ली रेंज के पुलिस उपायुक्त ढाल सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम तक रेंज के नई दिल्ली जिले में स्थित आठ पेट्रोल पंप मालिकों को पत्र लिख दिया जाता है और मालिकों को तत्काल प्रभाव से कदम उठाने को कहा है। उन्होंने बताया कि रेंज के दक्षिण-पश्चिमी जिले में स्थित अन्य पेट्रोल पंप मालिकों को पत्र लिखा जा रहा है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पेट्रोल पर ट्रैफिक पुलिस व सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी।

### 50 से ज्यादा जैडओ सड़कों पर उतारे

दिल्ली में दमघोटू प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली व एनसीआर के दिल्ली से सटे शहरों के लिए पुलिस अधिकारियों की बनाई टास्क फोर्स के प्रभारी दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सत्यबीर कटारा ने बताया कि ग्रैप-4 लागू होते ही सोमवार रात से ही सभी कदम उठाए लिए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार अन्य कदमों के अलावा 50 से ज्यादा जैडओ सड़कों पर उतार दिए गए हैं। ये जैडओ प्रदूषण फैलाने व ग्रैप-4 में चलने वाले प्रतिबंधित वाहनों को पकड़ेंगे।

### ये कदम फिर से उठाए गए हैं

- दिल्ली ट्रैफिक पुलिस पड़ोसी राज्यों से आने वाले भारी वाहनों को पिकेट लगाकर बॉर्डरों पर रोका।
- दिल्ली के सभी बॉर्डरों पर रूटीन ट्रैफिक पुलिस के अलावा विशेष टीमें तैनात की गई हैं।
- पीसीआर यूनिट की 88 प्रखर वैन को प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को पकड़ने के लिए उतारा।
- सभी थानों की पुलिस को फिर से थाना इलाके में पिकेट लगाकर चालान करने के आदेश।
- सभी थाना पुलिस को चालान करने वाली मशीन दे दी गई हैं।
- प्रतिबंधित वाहनों को रोकने के लिए दिल्ली में काफी जगहों पर स्थाई पिकेट बनाई।
- मोटरसाइकिल पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को सड़कों पर उतारा गया है।
- वरिष्ठ अधिकारियों को बॉर्डरों पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश जारी।

## उद्धव ठाकरे ने सीएम देवेंद्र फडणवीस से की मुलाकात, आदित्य भी रहे मौजूद



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को नागपुर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से विधान भवन में उनके कक्ष में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, उद्धव ठाकरे के साथ शिवसेना (यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे, अनिल परब और वरुण सरदेसाई भी मौजूद थे। बता दें कि उद्धव ठाकरे राज्य विधानमंडल के चल रहे शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए मंगलवार को नागपुर पहुंचे थे। जहां वे शाम को शिवसेना (यूबीटी) विधायक दल की बैठक में भी शामिल होंगे। सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात के बाद शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा आज हमारे पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सीएम देवेंद्र फडणवीस और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से मुलाकात की। यह एक कदम आगे है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार के लिए काम करते समय, दोनों (सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष) को देश और राज्य के हित के लिए एक साथ काम करने के लिए राजनीतिक परिपक्वता दिखानी चाहिए। इसके साथ ही आदित्य ठाकरे ने ये भी कहा कि मुलाकात के दौरान विपक्ष के नेता के पद पर कोई चर्चा नहीं हुई।

### मुलाकात के बाद बोले महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात पर महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने प्रतिक्रिया दी।

## पुलिस के कानून व्यवस्था के दावे हुए ध्वस्त

- शालीमार गार्डन में कैफे की लड़ाई सड़को पर आई

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

गाजियाबाद में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों के दावे चाहे जैसे हो लेकिन जमीनी हक़ीक़त सोशल मिडिया में पुलिस के दावे की उलट है । पब और कैफे के संचालन को जितना शह मिला हुआ है उसके परिणाम अब देखने को मिलने लगे हैं। इसका अंदाजा बीती रात शालीमार गार्डेन में घटी घटना से कह जाता है। शालीमार गार्डन में क्रिस्टल कैफे है। कैफे के भीतर किसी मामले को लेकर विवाद हुआ और वह विवाद मारपीट के बाद सड़क तक आ पहुंचा वहां कई गाड़ियों में तोड़फोड़ भी हुई और ओपन फायरिंग भी हुई। पूरे घटना की वीडियो वायरल हो रही है। पब संचालक द्वारा पुलिस को दी गई सूचना के बाद पहुंची पुलिस के सामने दबंग हथियार और तलवार सहित लाठी डंडे से हमला करने में लगे थे । भारी पुलिस बल को काफी मशक्कत करके हमलावरों को काबू करना पड़ा । घटना स्थल से एक स्कॉर्पियो सहित 2 लोगों को पुलिस ने पकड़ा बाकी हमलावर मौके से भाग निकले । सूत्रों की माने तो ये वहीं कैफे है जिसमें हुक्का बार चलाने के नाम पर पहले भी कार्रवाई हो चुकी है और अब फिर खुल गया है। ऐसा ही कौशांबी और इंदिरापुरम इलाके में जमकर शराब और शबाब का खेल खेला जा रहा है। जबकि पुलिस लगातार छापेमारी की बात कहती है।



### पुलिस की मुस्तैदी से 6 बदमाश गिरफ्तार

सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने कहा कि थाना शालीमार गार्डन अन्तर्गत स्थित क्लब में एक झगड़े की सूचना प्राप्त होती है। इस सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंचती है तो यहां पर आन्नद सिंह पुत्र संजय सिंह जो अपने अन्य साथियों के साथ पार्टी करने के आये थे और उस क्लब में पूर्व से मौजूद सोनू पुत्र जन्नेद्र कुमार जोकि वर्तमान में दिल्ली पुलिस में हैड कांस्टेबल के पद पर तैनात है। ये अपने अन्य साथियों के साथ जिम कोच अनिल जिनका बर्थडे था साथियों के साथ पार्टी सेलिब्रेट करने आये थे से दोनों पक्षों में आपस में गाने बजाने को लेकर कहासुनी और मारपीट की घटना घटित हुई इस पूरे प्रकरण में थाना शालीमार गार्डन पर पुलिस की तरफ से मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। दोनों ही पक्षों के 6 लोगो को पुलिस हिरासत में लिया गया है। पुलिस के द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। जबकि 2 लोगों का मेडिकल कराया गया है।

## रेल रोको आंदोलन: पंजाब में थम जाएंगे ट्रेनों के पहिए, 200 जगह पटरियों पर धरना देंगे किसान, यात्रियों को टेंशन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़/पटियाला**

पंजाब-हरियाणा की सीमा पर शंभू-खनौरी बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसानों के हक में बुधवार को पूरे पंजाब में रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। पंजाब के हर जिले में 18 दिसंबर को किसान रेल पटरियों पर धरना देंगे। किसानों के इस आंदोलन के चलते आमजन को खासी परेशानी होने वाली है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने मंगलवार प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को 22 दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन केंद्र सरकार अभी तक किसानों से बात नहीं की। मोदी सरकार किसानों के मुद्दों को डीरेल करना चाहती है। पंधेर ने कहा कि एक दिन पहले सोमवार को हरियाणा और अन्य राज्यों में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला, उनका धन्यवाद करते हैं। अब 18 दिसंबर (बुधवार) को रेल रोको आंदोलन को लेकर पूरा पंजाब एकजुट हो गया है। बुधवार को दोपहर 12 से 3 बजे तक रेल ट्रैक को अवरुद्ध किया जाएगा। जहां-जहां रेल ट्रैक और स्टेशन हैं वहां वहां लाखों लोग निकलें और अपने पंजाबी किसानों का साथ देने पहुंचे। रेलों का पूरी तरह से चक्का जाम करे ताकि केंद्र सरकार की जड़ें हिल जाएं। पंधेर ने कहा कि इस दौरान करीब 200 जगहों पर ट्रेनें रोकने का कार्यक्रम बनाया गया है। वहीं मंगलवार को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मिलने जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह पहुंचे। उन्होंने डल्लेवाल का हालचाल जाना।

### किसान एकजुट और मिलकर लड़ रहे लड़ाई

पंधेर ने कहा कि कुछ मीडिया वालों की तरफ से किसानों की दोनों यूनियनों को अलग-अलग बताया जा रहा है, जोकि सरासर झूठी अफवाहें फैला रहे हैं। किसान एकजुट हैं और मिलकर लड़ाई लड़ रहे हैं। पंधेर ने आरोप लगाया कि विपक्ष किसानों की आवाज संसद में नहीं उठा रहा है, जिससे किसानों की समस्याएं अनसुनी हो रही हैं। पंधेर ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी सवाल उठाया और पूछा कि वे किसानों के लिए क्या कर रहे हैं?

## चश्मा अगर विदेशी हो, तो संविधान में नहीं दिखेगा भारत : गृह मंत्री शाह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा में मंगलवार को भारत के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा जारी है। इस पर जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, यह चर्चा हमारे संविधान के कारण हमारा देश कितना आगे बढ़ा, इसका अहसास हमारी जनता को कराएगा। उन्होंने कहा, संविधान पर दोनों सदनों में जो चर्चा हुई है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरक होगी। गृह मंत्री ने कहा, सरदार पटेल की वजह से देश मजबूत हुआ है।

### सरदार पटेल के परिश्रम से मजबूती से खड़ा है देश

गृह मंत्री ने कहा, बहुत लंबी आजादी की लड़ाई के बाद हम आजाद हुए। जब हम आजाद हुए तब दुनियाभर के राजनीतिक पंडितों ने कहा था कि यह देश बिखर जाएगा। शायद बन ही नहीं पाएगा। कुछ लोगों ने कहा था कि यहां लोकतांत्रिक मूल्य प्रतिस्थापित हो ही नहीं पाएंगे। एकता हो ही नहीं पाएगी और यह देश आर्थिक रूप से कभी आत्मनिर्भर नहीं होगा। आज 75 साल के समय के बाद संविधान को स्वीकार करने के बाद पीछे मुड़कर देखते हैं, तो सरदार पटेल का मैं धन्यवाद करना चाहता हूं। सरदार पटेल के अथक परिश्रम के कारण देश आज एकजुट होकर दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है।

### हमारा लोकतंत्र आज पाताल तक गहरा

शाह ने आगे कहा, जो कहते थे कि इस देश में लोकतंत्र सफल नहीं होगा। मैं उन सभी लोगों को सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं कि 75 साल हो गए, हमारे पास-पड़ोस और दुनियाभर में लोकतंत्र सफल नहीं हुए। लेकिन हमारा लोकतंत्र आज पाताल तक गहरा है। रक्त की एक बूंद बहाए बगैर हमने अनेक परिवर्तन किए और विचारधाराओं के आधार पर भी हमने परिवर्तन किए।



### जनता ने अनेक तानाशाहों के गुमान को चकनाचूर किया

शाह ने कहा, अनेक तानाशाहों के गुमान को चकनाचूर करने का काम इस देश की जनता ने किया है। लोकतांत्रिक तरीके से किया है। जो कहते थे कि भारत आर्थिक तौर पर कभी आत्मनिर्भर नहीं हो पाएगा, उन्हें भी हमारी जनता और संविधान की खूबसूरती ने जवाब दिया है। हम आज दुनिया का पांचवां अर्थ तंत्र बनकर दुनिया के सामने खड़े हैं। संविधान पर चर्चा के जवाब में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, आज हम जिस मुकाम पर खड़े हैं, उस मुकाम पर महर्षि अरविंद और स्वामी विवेकानंद की वो भविष्यवाणी सच होती दिखाई पड़ती है कि भारत माता अपनी देदीप्यमान ओजस्वी स्वरूप में जब खड़ी होंगी, तब दुनिया की आंखें चकाचौंध हो जाएगी और पूरी दुनिया रोशनी के साथ भारत की ओर देखेगी।

### चश्मा अगर विदेशी है, तो संविधान में कभी नहीं दिखाई देगी भारतीयता: अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, कोई ये न समझे कि हमारा संविधान दुनिया के संविधानों की नकल है। हां, हमने हर संविधान का अभ्यास जरूर किया है, क्योंकि हमारे यहां ऋग्वेद में कहा गया है, हर कोने से हमें अच्छाई प्राप्त हो, सुविचार प्राप्त हो, और सुविचार को स्वीकारने के लिए मेरा मन खुला हो। हमने सबसे अच्छा लिया है, लेकिन हमने हमारी परंपराओं को नहीं छोड़ा है। पढ़ने का चश्मा अगर विदेशी है, तो संविधान में भारतीयता कभी दिखाई नहीं देगी।

### 'संविधान को चलाने वालों की भूमिका सकारात्मक हो'

राज्य सभा में संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, संविधान की रचना के बाद डॉ अंबेडकर ने बहुत सोच समझकर एक बात कही थी कि कोई संविधान कितना भी अच्छा हो, वह बुरा बन सकता है, अगर जिन पर उसे चलाने की जिम्मेदारी है, वो अच्छे नहीं हों। उसी तरह से कोई भी संविधान कितना भी बुरा हो, वो अच्छा साबित हो सकता है, अगर उसे चलाने वालों की भूमिका सकारात्मक और अच्छी हो। ये दोनों घटनाएं हमने संविधान के 75 साल के कालखंड में देखी हैं।

### विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर साधा निशाना

हमारे संविधान को कभी भी अपरिवर्तनशील नहीं माना गया। समय के साथ साथ देश भी बदलना चाहिए, समय के साथ साथ कानून भी बदलने चाहिए और समय के साथ साथ समाज भी बदलना चाहिए। परिवर्तन इस जीवन का मंत्र है, सत्य है। इसको हमारे संविधान सभी ने स्वीकार किया था। इसलिए आर्टिकल 368 में संविधान संशोधन के लिए प्रावधान किया गया था। अभी कुछ राजनेता आए हैं और 54 साल की आयु में अपने आप को युवा कहते हैं और घूमते रहते हैं कि संविधान बदल देंगे, संविधान बदल देंगे। मैं उनको कहना चाहता हूं कि संविधान के प्रावधानों को बदलने का प्रावधान अनुच्छेद 368 के अंदर संविधान में ही है। अमित शाह ने कहा कि, इस चुनाव में अजीबोगरीब नजारा देखा। किसी ने आम सभा में संविधान को लहराया नहीं। संविधान लहराकर, झूठ बोलकर जनादेश लेने का कुत्सित प्रयास कांग्रेस के नेताओं ने किया। संविधान लहराने का विषय नहीं है, संविधान तो विश्वास का विषय है, श्रद्धा का विषय है। लोकसभा में किसी को मालूम नहीं था, जागरुकता नहीं थी। महाराष्ट्र चुनाव में संविधान बांटे गए. एक पत्रकार के हाथ में आ गया। वह कॉपी कोरी थी...प्रस्तावना तक नहीं थी। 75 साल के इतिहास में संविधान के नाम पर इतना बड़ा छल हमने नहीं देखा है, न सुना है। हार का कारण ढूंढते हैं, बता दूं कि लोग जान गए कि संविधान की प्रति फर्जी लेकर घूमते हो तो लोगों ने हरा दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)